

■ भाजपा ने निचले सदन में बोला- सीईसी समिति को लेकर मोदी पर भरोसा क्यों नहीं - 5



■ केंद्रीय उद्योग मंत्री पीयूष गोयल बोले- ओमान न्यूजीलैंड से एफटीए पर वार्ता अंतिम दौर में - 10



■ भारत की उन्नति में महत्वपूर्ण योगदान देगा इटली : तजानी - 11



■ विराट कोहली एकदिवसीय रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंचे - 12

आज का मौसम
23.0⁰ अधिकतम तापमान
10.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.54
सूर्यास्त 05.17


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| बरेली |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

पौष कृष्ण पक्ष सप्तमी, 01:57 उपरांत अष्टमी विक्रम संवत 2082

गुरुवार, 11 दिसंबर 2025, वर्ष 7, अंक 17, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 6 रुपये




मा. योगी आदित्यनाथ,मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश




# बीडीए बरेली को बना रहा ग्रेटर...








● मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय



● मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स स्टेडियम

बरेली को नाथ नगरी के नाम से जाना जाता है। शहर की चारों दिशाओं में भगवान भोलेनाथ के सात प्राचीन नाथ मंदिर हैं। इन नाथ मंदिरों से लाखों भक्तों की आस्था जुड़ी हुई है, लेकिन अब बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) इसमें एक नया नाम जोड़ने जा रहा है और वह है ग्रेटर बरेली। बीडीए, बरेली शहर को इस प्रकार से विकसित करने को प्रयासरत है कि जल्द ही आस्था, औद्योगिक के क्षेत्र में इसे ग्रेटर बरेली के रूप में नई पहचान मिलेगी। रामगंगा नगर आवासीय योजना, ग्रेटर बरेली आवासीय योजना के साथ ही अब पीलीभीत बाईपास रोड पर नई टाउनशिप विकसित होने के साथ ही बरेली को औद्योगिक हब बनाने के लिए बीडीए राहपुरा जागीर में इंडस्ट्रियल टाउनशिप भी जल्द ही विकसित करने जा रहा है। बीडीए की योजनाओं में बरेली के हर वर्ग की जुबान पर रामायण वाटिका का नाम है। भक्ति और पर्यटन का संगम बनने जा रहे रामायण वाटिका में भगवान श्रीराम की 51 फीट ऊंची प्रतिमा को आकर्षक रूप देने के लिए लैंडस्केपिंग, लाइटिंग और सुंदर मूर्तिकला पर तेजी से काम चल रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जल्द ही इसका अनावरण करेंगे।

## रूद्रावनम में दिखेगा नाथ नगरी का वैभव

बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) ने ग्रेटर बरेली के सेक्टर सात में रुद्रावनम प्रस्तावित किया है। रुद्रावनम के 23 एकड़ रकबे में से 2.5 एकड़ रकवे में नाथ म्यूजियम विकसित किया जा रहा है, इसका मॉडल बीडीए उपाध्यक्ष डॉ. मनिकंडन ए ने मुख्यमंत्री के सामने प्रस्तुत किया था। अब इसको धरातलीय रूप देने में बीडीए अफसर जुट गए हैं।

## धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा

बीडीए अधिकारियों के मुताबिक, रामायण वाटिका को ऐसा स्वरूप दिया जा रहा है कि यह धार्मिक पर्यटन का नया केंद्र बने। यहां आने वाले लोगों को भगवान श्रीराम के जीवन प्रसंगों से जुड़ी झलकियां देखने को मिलेंगी। इसके साथ ही वाटिका में पौधों, मूर्तियों और थीम आधारित संरचनाओं के जरिए रामायण काल का वातावरण तैयार किया जा रहा है। हर झांकी में भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमानजी के प्रसंग दिखाए जाएंगे।

## अवैध निर्माण पर शिकंजा,इंडस्ट्रियल टाउनशिप से रोजगार की बहार

बरेली के औद्योगिक विकास को नई दिशा देने के लिए रहपुरा जागीर क्षेत्र में 113 हेक्टेयर जमीन पर इंडस्ट्रियल टाउनशिप बसाने को बीडीए ने तैयारी कर ली है। टाउनशिप को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा। सड़कों से लेकर ऊर्जा आपूर्ति तक, हर व्यवस्था सोलर आधारित होगी ताकि यह परियोजना पर्यावरण के अनुकूल मॉडल बन सके।



● बीडीए का स्काई-वे अपार्टमेंट।

## आवासीय योजनाओं से शहर के विस्तार को लग रहे हैं पंख



किसी भी शहर की मूल आवश्यकताओं में बिजली, पानी, सड़क, सीवर, पार्क, खेलकूद मैदान, बैंक और स्कूल को अहम माना जाता है। बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) की रामगंगा नगर आवासीय योजना में यह सब समाहित है। बीसलपुर-बड़ा बाईपास रोड के किनारे 672 एकड़ व 12 सेक्टर में बसाई जा रही रामगंगा नगर आवासीय योजना में प्रत्येक सेक्टर की अपनी अलग खासियत है। सेक्टर एक में बड़े पार्क के बीच सरोवर-तालाब भी विकसित हो रहा। सेक्टर दो में रामायण वाटिका, बीडीए कार्यालय स्थापित किया गया है। सेक्टर-तीन में आठ हजार वर्गमीटर में एक इंटर कॉलेज सीबीएसई बोर्ड और राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय का कार्यालय, सेक्टर-चार में सीयूजीएल का पेट्रोल पंप व कई अन्य व्यावसायिक गतिविधियां शामिल हैं। सेक्टर-पांच में कई अस्पतालों को विकसित कर ने की योजना है, जिसके लिए भूखंड आवंटित कर दिए गए हैं। सेक्टर छह में एलआईसी ऑफिस समेत कई अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठान बनाए जा रहे हैं। सेक्टर सात में वेदांता अस्पताल बनकर तैयार है, जिसका संचालन भी शुरू हो चुका है।



● रास्तों का चौड़ीकरण

# 22 करोड़ की लागत से 33,000 वर्गमीटर जमीन पर हरित रामायण वाटिका विकसित

रामगंगानगर में 22 करोड़ रुपये की लागत से 33,000 वर्गमीटर जमीन पर हरित रामायण वाटिका विकसित की जा रही है। इसमें भगवान राम की 51 फुट ऊंची प्रतिमा आकर्षण का केंद्र बनेगी। वाटिकाओं में दिखेगा वनवासी जीवन। बीडीए द्वारा विकसित रामायण वाटिका का 90 परसेंट तक निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। बीडीए वीसी के अनुसार भगवान श्रीराम के वनवासी जीवन को छह अलग-अलग वाटिकाओं के माध्यम से दर्शाया जा रहा है। वनवास के दौरान भगवान श्रीराम जहां-जहां से गुजरे उससे संबंधित वाटिकाओं का निर्माण किया किया गया है। उस जगह से संबंधित पेड़ों को भी वाटिका में लगाया गया है। इसके जरिए उनके जीवन के अनुभव को दर्शाने की कोशिश की गई है।



**3000** से ज्यादा विजिटर्स रामायण वाटिका की खूबसूरती देखने और शांत माहौल के लिए आते हैं।

**500** से ज्यादा नीम, अशोक, पीपल और आंवला जैसे कई खास और दवा वाले पौधे।

**150** से ज्यादा रंग- बिरंगे पौधों का प्रयोग करके तैयार की गई मूर्तियां और डिजाइन बनाए गए हैं।

## ये हैं बीडीए के प्रमुख प्रोजेक्ट

बीडीए अधिकारियों के अनुसार, शहर को विकास के पथ पर अग्रणी बनाने के लिए कई प्रमुख प्रोजेक्ट को बीडीए की ओर से धरातल पर लाने की तैयारी है। इसमें रामायण वाटिका पूरी तरह से तैयार है इसके साथ ही नाथ म्यूजियम, पीलीभीत बाईपास रोड पर नई टाउनशिप, साइंस पार्क, रूदावनम और इंडस्ट्रियल टाउनशिप भी जल्द धरातल पर नजर आएगी।

## बरेली बनेगा इंडस्ट्रियल–लॉजिस्टिक हब का नया केंद्र



लॉजिस्टिक हब शुरू होते ही बरेली ट्रांसपोर्ट और सप्लाई चेन का बड़ा केंद्र बनने की ओर बढ़ेगा। इससे न सिर्फ शहर, बल्कि आसपास के जिलों का औद्योगिक विकास भी तेज़ होगा। बीडीए ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि तकनीकी औपचारिकताएं पूरी होते ही परियोजना शुरू कर दी जाएगी। आने वाले वर्षों में बरेली उत्तर प्रदेश के प्रमुख इंडस्ट्रियल–लॉजिस्टिक हब के रूप में उभर सकता है।

## लाइब्रेरी नहीं, किताबों का संसार कहो



बीडीए की रामगंगा नगर आवासीय योजना में विकसित हो रही लाइब्रेरी को किताबों का संसार कहना गलत नहीं होगा। चार मंजिला इस लाइब्रेरी में सेल्फ स्टडी एरिया, ब्रेल सेक्शन, जनरल रीडिंग, कैंटीन के साथ ही इतिहास, फिजियोलॉजी, जर्नलिज्म, वास्तुशास्त्र समेत ऑडियो–वीडियो विजुअल कक्ष भी शामिल होंगे।



भविष्य की सभी तैयारियों के साथ अगले 20 से 50 वर्षों के दृष्टिगत हमारा शहर किस दिशा में प्रगति करेगा एवं उस समय तक हमारी क्या-क्या आवश्यकताएं होंगी, उसके दृष्टिगत हम लोग आज से ही अपने शहर को सुनियोजित बनाएंगे, जिससे जन सामान्य की आशाओं, आकांक्षाओं की प्रगति उपलब्ध हो सके। बीडीए सभी योजनाओं को भविष्य की जरूरत के अनुसार धरातल पर लाने का कार्य कर रहा है।
– **भूपेंद्र एस चौधरी**, मंडल आयुक्त बरेली



शहर को विकास के पथ पर अग्रणी बनाने के लिए प्राधिकरण प्रयासरत है। लोगों की जरूरतों के अनुरूप आवासीय योजनाओं को विकसित किया जा रहा है। जल्द ही पीलीभीत बाईपास रोड पर नई टाउनशिप के साथ ही इंडस्ट्रियल टाउनशिप भी विकसित की जाएगी जिससे बरेली को इंडस्ट्रियल हब बनाने का प्रयास है। रामायण वाटिका, कन्वेंशन सेंटर, स्काई-वे अपार्टमेंट, लाइब्रेरी समेत लोगों की हर आवश्यकताओं को उपलब्ध कराने का प्रयास किया गया है। – **डॉक्टर मनिकंडन ए, उपाध्यक्ष बीडीए**



बरेली विकास प्राधिकरण निरंतर शहर के विकास को लेकर प्रतिबद्ध है। राम गंगानगर और ग्रेटर बरेली आवासीय योजना के बाद अब दो अन्य टाउनशिप समेत आम जन के हितकारी तमाम प्रोजेक्ट जल्द धरातल पर नजर आएंगे।
– **वन्दिता श्रीवास्तव**, सचिव बीडीए

## 15 वातानुकूलित कमरों के साथ कन्वेंशन सेंटर में गूंजेगी शहनाई



बीडीए द्वारा विकसित किए जा रहे कन्वेंशन सेंटर में 600 व 200 व्यक्तियों की क्षमता के लिए कांफ्रेंस हाल, 15 वातानुकूलित कमरों के साथ ही विवाह व अन्य आयोजन के लिए एक लॉन भी है। वहीं 300 वाहनों के लिए वृहद पार्किंग स्थल भी शामिल है।

ADVT

## न्यूज ब्रीफ

### 1,43,509 मतदेय स्थलों में डिजिटाइजेशन पूरा

**अमृत विचार, लखनऊ:** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में अब तक 14 जिलों और 132 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों तथा 1,43,509 मतदेय स्थलों में गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन का कार्य पूरा हो चुका है। मतदाता सूची को बनाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग से 2 सप्ताह का समय और बढ़ाने का अनुरोध किया गया है।

### आईटी, स्टार्टअप क्षेत्र में यूपी उभरा

**अमृत विचार, लखनऊ:** प्रदेश ने बीते वर्षों में डिजिटल नवाचार के क्षेत्र में ऐतिहासिक प्रगति दर्ज की है। ऐसे में यह राज्य देश के प्रमुख डिजिटल डेस्टिनेशन के रूप में उभर रहा है। इंफोसिस, एडोब, आईबीएम, और टेली पर्फार्मेंस जैसी वैश्विक आईटी कंपनियों के निवेश से न केवल प्रदेश में आर्थिक प्रगति हो रही है, बल्कि लाखों की संख्या में रोजगारों का भी सृजन हो रहा है। मुख्यमंत्री ने विजन के मुताबिक, उप्र. को स्टार्टअप, आईटी सेक्टर और डाटा प्रॉसेसिंग के हब के रूप में विकसित किया जा रहा है।

### बुजुर्ग दंपती ने विषाक्त पदार्थ खाकर जान दी

**मिर्जापुर, एजेंसी:** जिले के जिगना थाना क्षेत्र के नेगुराबान सिंह गांव के मुस्लिम बस्ती में बुजुर्ग पति-पत्नी ने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या कर ली। नेगुराबान सिंह निवासी शकूर (75) एवं आविदा बेगम (70) ने मंगलवार की रात किसी विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया था, जिससे उनकी मौत हो गयी।

# ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में यूपी को मिली एक और बड़ी सौगात

## देश की पहली वेरिएबल स्पीड पंप स्टोरेज परियोजना की तीसरी इकाई का उदघाटन

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

- केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर व यूपी के मंत्री एके शर्मा ने की वर्चुअली शुरुआत
- उप्र. को मिलेगा 25 प्रतिशत विद्युत लाभ, ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में ऐतिहासिक कदम

**अमृत विचार:** देश की पहली वेरिएबल स्पीड पंप स्टोरेज परियोजना-1000 मेगावाट टिहरी पंप स्टोरेज प्लांट की तीसरी यूनिट का वाणिज्यिक संचालन बुधवार को उद्घाटन किया गया। ऐसे में उत्तर प्रदेश को ऊर्जा क्षेत्र में एक नई क्षमता प्राप्त हुई है, जो राज्य के विकास और उपभोक्ताओं को सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली उपलब्ध कराने में सहायक होगी। इस दौरान केंद्रीय विद्युत तथा आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर एवं उत्तर प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा की वर्चुअल उपस्थित रहे।



परियोजना का वर्चुअली उद्घाटन करते केंद्रीय विद्युत तथा आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर। ● अमृत विचार

टिहरी पीएसपी देश की पहली वेरिएबल स्पीड तकनीक वाली पंप स्टोरेज परियोजना है, जो ऑफ-पीक घंटों में अतिरिक्त बिजली को स्टोर करके ग्रिड को 1000 मेगावाट तक की पीकिंग पावर उपलब्ध कराएगी। परियोजना की चार इकाइयों में से प्रथम दो पहले ही सफलतापूर्वक वाणिज्यिक उत्पादन कर रही हैं, जबकि तृतीय इकाई के संचालन से परियोजना की क्षमता और अधिक मजबूत हुई है। वेरिएबल स्पीड पीएसपी तकनीक की सहायता से बिजली की मांग के अनुरूप ऊर्जा का रियल टाइम स्टोरेज एवं रिलीज संभव सकेगा। इससे राष्ट्रीय ग्रिड पर लोड मैनेजमेंट और अधिक मजबूत होगा और नवीकरणीय ऊर्जा को बिना किसी रूकावट के ग्रिड से जोड़ा जा सकेगा।

## प्रदेश में गलन भरी पछुआ बढ़ा रही ठिठुरन

**लखनऊ, अमृत विचार:** प्रदेश में सर्दी की तीव्रता लगातार बढ़ती जा रही है। मौसम विभाग ने कई जिलों में कोहरे और सर्दी बढ़ने का अलर्ट जारी किया है। इस बीच राज्य में ठंड और कोहरे ने जनजीवन को प्रभावित कर रखा है। गलन भरी पछुआ ठिठुरन बढ़ा रही है।

वहीं तराई के इलाकों में घने कोहरे की वजह से लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग ने गुरुवार को सुबह-शाम के समय गोंडा, बहराइच, बलरामपुर, श्रावस्ती, कुशीनगर, देवरिया, गोरखपुर जिलों के कुछ स्थान पर घना कोहरा होने की संभावना जताई है। उधर, बरेली मंगलवार को सबसे ठंडा जिला रहा, जहां पर न्यूनतम तापमान 6.8 डिग्री सेल्सियस गिरा। सबसे अधिक तापमान कानपुर देहात जिले में 29 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

# दिव्यांगों को एक छत के नीचे मिलेंगी सभी सुविधाएं

**एजेंसी, लखनऊ**

- सभी मंडल मुख्यालयों पर डीडीआरसी केंद्र होंगे स्थापित

**अमृत विचार :** यूपी में में दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण और समावेशी विकास को नई गति देने के लिए योगी सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। हाल ही में हुई कैबिनेट बैठक में प्रदेश के सभी 18 मंडल मुख्यालयों पर दिव्यांगजन पुनर्वास केंद्र (डीडीआरसी) स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। इस निर्णय से लाखों दिव्यांगजनों को चिकित्सा, शिक्षा, प्रशिक्षण व पुनर्वास सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध हो सकेंगी।

बुधवार को पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि यह पहल दिव्यांगजनों को स्वावलंबी बनाने की दिशा में बड़ा कदम सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि सरकार दिव्यांगजनों के जीवन में आने वाली सभी बाधाओं को दूर करने के लिए प्रतिबद्ध है और यह निर्णय उसी संवेदनशीलता का प्रतीक है। मंत्री नरेंद्र कश्यप ने बताया कि विभागीय अधिकारियों को डीडीआरसी केंद्रों की स्थापना के लिए संपूर्ण कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए जा चुके हैं।

प्रस्तावित मॉडल के अनुसार, प्रत्येक केंद्र पर कम से कम आठ तकनीकी विशेषज्ञों और कर्मचारियों की नियुक्ति होगी, जो दिव्यांगजनों के निदान, परामर्श, उपचार और पुनर्वास का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि जन्म से लेकर किसी भी उम्र तक की दिव्यांगता की पहचान और समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और त्वरित सेवा के लिए डिजिटल पंजीकरण एवं ऑनलाइन ट्रैकिंग सिस्टम लागू किया जाएगा।

# अफसरों को धमकाने में तीन आरोपी गिरफ्तार

**बहराइच, एजेंसी**

जिले में खुद को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गोरखपुर कार्यालय का प्रतिनिधि बताकर अधिकारियों पर धौंस जमाने वाले तीन ठगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) अशोक सिंह ने बुधवार को बताया कि गत रविवार जिले के रिसिया थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया था। इसमें आरोप लगाया गया था कि राहुल महराज उर्फ राहुल यादव उर्फ नन्हे यादव नाम का एक व्यक्ति खुद को मुख्यमंत्री के गोरखनाथ मंदिर स्थित शिविर कार्यालय के एक कथित अधिकारी का सह प्रतिनिधि बताकर लोगों को धमकाता है और उनसे रुपये ऐंठता है।

सिंह ने बताया कि इस फर्जी प्रतिनिधि के खिलाफ रिसिया थाने में अभियोग पंजीकृत कर जांच कराई गई तो पता चला कि तीन लोग अलग-अलग नंबरों से फोन पर अधिकारियों व अन्य लोगों से बात कर उन्हें ठगने की कोशिश करते हैं। मंगलवार को बहराइच के रिसिया थाना क्षेत्र के डिहवा गांव निवासी राहुल यादव तथा उसके दो साथी नफीस खान व मुख्तार अहमद को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सर्वाधिक सोलर इंस्टालेशन वाले जिले होंगे पुरस्कृत

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार:** मुख्य सचिव एसपी गोयल ने बुधवार को सभी जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की और दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कहा, हाईराइज बिल्डिंग्स एवं सोसाइटीज में सामुदायिक सोलर पैनल लगवाने के लिए प्रेरित किया जाए। बैंकर्स के साथ नियमित बैठक कर उपभोक्ताओं को आसानी से ऋण उपलब्ध कराया जाए। प्रति लाख कनेक्शन पर सर्वाधिक सोलर इंस्टालेशन करने वाले जिलों को पुरस्कृत भी किया जाएगा।



मुख्य सचिव ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के क्रियान्वयन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिलों की सराहना करते हुए कहा कि विगत महीनों में सोलर रूफटॉप इंस्टालेशन को जो गति मिली है, इसे आगे भी बनाए रखा जाए। इस योजना से उपभोक्ताओं को वास्तविक रूप से बहुत अधिक लाभ हो रहा है और इसमें अपार संभावनाएं हैं, इसलिए आमजन को अधिक से अधिक प्रेरित किया जाए।


# कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, मोहम्मदी-खीरी

पत्रांक / आंकिक / पंचम / पंद्रहवां वित्त आयोग / निविदा / 2025—2026 / **निविदा आमंत्रण** दिनांकः 06.12.2025

महामहिम राज्यपाल महोदय उ0प्र0 की ओर से खण्ड विकास अधिकारी मोहम्मदी—खीरी हेतु पंचम राज्य वित्त आयोग एवं पंद्रहवां केन्द्रीय वित्त आयोग टाइड / अनटाइड योजना के अर्न्तगत अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2025—2026 में कराये जाने वाले निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु पी0डब्लू0डी0 की दरों पर पंजीकृत स्थानीय एवं प्रतिष्ठित ठेकेदारों / फर्मों से प्रतिशत दरों में अधोलिखित कार्यों हेतु जिनका आयकर ,वाणिज्यकर विभाग में पंजीकरण हो से मोहरबंद निविदा दिनांक 06.12.2025 को अपरान्ह 12.00 बजे से आमंत्रित की जाती हैं।

| क्रम सं | योजना का नाम | कार्य का नाम | कार्य की आंगणन | सिक्योरिटी (2:) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (समस्त करों सहित) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 15 वां केन्द्रीय वित आयोग(टाइड) | ग्राम पंचायत भुड़िया के रामालक्ष्ना में मन्दिर पर स्वच्छ पेयजल स्थापन कार्य 1नग। | 5,30,000.00 | 10,600.00 | 855 | 03 माह |
| 2 | 15 वां केन्द्रीय वित्तआयोग(टाइड) | ग्राम पंचायत दिलावरपुर में गन्ना विकास समिति में स्वच्छ पेयजल स्थापन कार्य 1नग। | 5,30,000.00 | 10,600.00 | 855 | 03 माह |
| 3 | 15 वां केन्द्रीय वित्तआयोग(टाइड) | ग्राम पंचायत अकबराबाद के रधोला में मन्दिर पर स्वच्छ पेयजल स्थापन कार्य 1नग। | 5,30,000.00 | 10,600.00 | 855 | 03 माह |
| 4 | 15 वां केन्द्रीय वित्तआयोग(टाइड) | ग्राम पंचायत राजापुर वैनी में मंगलेश्वर नाथ मन्दिर पर स्वच्छ पेयजल स्थापन कार्य 1नग। | 5,30,000.00 | 10,600.00 | 855 | 03 माह |
| 5 | 15 वां केन्द्रीय वित्तआयोग(टाइड) | ग्राम पंचायत गुलरिया परवस्तनगर में विद्यालय में स्वच्छ पेयजल स्थापन कार्य 1नग। | 5,30,000.00 | 10,600.00 | 855 | 03 माह |
| 6 | 15 वां केन्द्रीय वित्तआयोग(टाइड) | ग्राम पंचायत राजापुर वेनी में स्वच्छ पेयजल स्थापन कार्य 1नग। | 5,30,000.00 | 10,600.00 | 855 | 03 माह |
| 7 | 15 वां केन्द्रीय वित्तआयोग(टाइड) | ग्राम पंचायत गुलरिया परवस्तनगर में इण्टरलाक रोड में पुलिया तक नाला निर्माण कार्य।100मी0 | 7,25,000.00 | 14,500.00 | 855 | 03 माह |
| 8 | 15 वां केन्द्रीय वित्तआयोग(टाइड) | ग्रा0पं0 राजापुर बेनी के जरिया मे मोहित के मकान से अनिल सिंह के मकान की ओर दोनो तरफ नाली निर्माण कार्य।100मी0 | 3,29,400.00 | 6,588.00 | 855 | 03 माह |
| 9 | 15 वां केन्द्रीय वित्तआयोग(अनटाइड) | ग्रा0पं0 राजापुर बेनी के जरिया मे मोहित के मकान से अनिल सिंह के मकान की ओर इण्टरलॉक निर्माण कार्य। 100मी0 | 6,09,800.00 | 12,196.00 | 855 | 03 माह |
| 10 | 15 वां केन्द्रीय वित्तआयोग(अनटाइड) | ग्राम पंचायत शंकरपुर राजा के मजरा जलालपुर में पक्की रोड़ से रंजीत के मकान तक इण्टरलॉक निर्माण कार्य। 75मी0 | 6,02,300.00 | 12,046.00 | 855 | 03 माह |
| 11 | 15 वां केन्द्रीय वित्तआयोग(अनटाइड) | ग्रा0पं0 राजापुर बेनी के शेखापुर मे गरीश के मकान से विमल के मकान के आगे तक इण्टरलॉक निर्माण कार्य। 113मी0 | 7,49,900.00 | 14,998.00 | 855 | 03 माह |
| 12 | 15 वां केन्द्रीय वित्तआयोग(अनटाइड) | ग्राम पंचायत पडसर के मजरा गेहुआ में पीपल पेड से रंजीत के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। 90मी0 | 5,76,900.00 | 11,538.00 | 855 | 03 माह |
| 13 | 15 वां केन्द्रीय वित्तआयोग(अनटाइड) | ग्राम पंचायत बगरेठी में विनोद के मकान से भुईहार बाबा के स्थान की ओर इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। 40मी0 | 2,50,800.00 | 5,016.00 | 855 | 03 माह |
| 14 | 15 वां केन्द्रीय वित्तआयोग(अनटाइड) | ग्रा0पं0 राजापुरबेनी के मजरा शेखापुर में कृपाल के मकान के पास से मुनेन्द्र के मकान तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य।40मी0 | 2,54,600.00 | 5,092.00 | 855 | 03 माह |
| 15 | 15 वां केन्द्रीय वित्तआयोग(अनटाइड) | ग्राम पंचायत भंगेली के मजरा शेखापुर में इण्टरलाक रोड से चर्तुभुज के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। 35मी0 | 2,18,300.00 | 4,366.00 | 855 | 03 माह |
| 16 | 15 वां केन्द्रीय वित्तआयोग(अनटाइड) | ग्राम पंचायत असौवा में रोड से प्रकाश के घर की ओर इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। 80मी0 | 4,94,200.00 | 9,884.00 | 855 | 03 माह |
| 17 | 15 वां केन्द्रीय वित्तआयोग(अनटाइड) | ग्राम पंचायत पोखनापुर पक्की रोड से सुनील के घर होते हुए श्रीकान्त के घर तक इण्टरलॉक निर्माण कार्य।150मी0 | 8,88,300.00 | 17,766.00 | 855 | 03 माह |
| 18 | 15 वां केन्द्रीय वित्तआयोग(अनटाइड) | ग्राम पंचायत बंजरिया में पक्की रोड से पपिन्दर सिंह के घर तक इण्टरलॉक निर्माण कार्य। 40मी0 | 2,69,600.00 | 5,392.00 | 855 | 03 माह |
| 19 | पंचम राज्य वित्तआयोग | ग्राम पंचायत रामपुर मिश्र में मेन खडण्जा से दुधौरिया मार्ग तक खडण्जा निर्माण कार्य। 200मी0 | 5,09,500.00 | 10,190.00 | 855 | 03 माह |
| 20 | पंचम राज्य वित आयोग | ग्राम पंचायत नयागांव में पक्की रोड से बनवारी के घर तक खडण्जा निर्माण कार्य। 200मी0 | 5,10,800.00 | 10,216.00 | 855 | 03 माह |
| 21 | पंचम राज्य वित्तआयोग | ग्राम पंचायत राजापुर बेनी के विकास नगर में नछतर के घर से गजोधर के घर की ओर खडन्जा निर्माण कार्य। 128.30मी0 | 2,40,700.00 | 4,814.00 | 855 | 03 माह |
| 22 | पंचम राज्य वित्तआयोग | ग्राम पंचायत नयागांव के मजरा नौगवॉ में गोपी के घर से रोड तक खडन्जा निर्माण कार्य। 181मी0 | 4,65,700.00 | 9,314.00 | 855 | 03 माह |
| 23 | पंचम राज्य वित्तआयोग | ग्राम पंचायत पडसर के गेहुआ में तालाब के पास से हरिश्चन्द्र के खेत की ओर खडन्जा निर्माण कार्य। 400मी0 | 9,90,200.00 | 19,804.00 | 855 | 03 माह |
| 24 | पंचम राज्य वित्तआयोग | ग्राम पंचायत बौआ में पक्की रोड से प्यारा सिहं के घर की ओर खडन्जा निर्माण कार्य। 400मी0 | 9,91,800.00 | 19,836.00 | 855 | 03 माह |
| 25 | पंचम राज्य वित्तआयोग | ग्राम पंचायत बहादुरनगर में अशोक त्रिवेदी के घर से मेन रोड तक खडन्जा निर्माण कार्य। 40मी0 | 1,12,000.00 | 2,240.00 | 855 | 03 माह |
| 26 | पंचम राज्य वित्तआयोग | ग्राम पंचायत रछेलावाजिदपुर में दीपक के खेत से राजेन्द्र के खेत की ओर खडन्जा निर्माण कार्य। 270मी0 | 6,19,800.00 | 12,396.00 | 855 | 03 माह |
| 27 | पंचम राज्य वित्तआयोग | ग्राम पंचायत पिपरिया धनी मे पलविन्दर के मकान से सरकारी नलकूप की ओर खडन्जा निर्माण कार्य। 200मी0 | 5,19,000.00 | 10,380.00 | 855 | 03 माह |
| 28 | पंचम राज्य वित्तआयोग | ग्राम पंचायत मूडागालिब में नंदकिशोर के घर से गया प्रसाद के घर की ओर खण्डजा निर्माण कार्य। 40मी0 | 1,09,500.00 | 2,190.00 | 855 | 03 माह |
| 29 | पंचम राज्य वित्तआयोग | ग्राम पंचायत सिसियर में जगतार सिंह के खेत से छुन्नू सिंह के खेत की ओर खण्डजा निर्माण कार्य। 400मी0 | 9,95,700.00 | 19,914.00 | 855 | 03 माह |
| 30 | पंचम राज्य वित्तआयोग | ग्राम पंचायत बिचपरी में साधन सहकारी समिति की बाउन्ड्रीवाल व गेट निर्माण कार्य। 102मी0 | 9,90,600.00 | 19,812.00 | 855 | 03 माह |
| 31 | पंचम राज्य वित्तआयोग | ग्राम पंचायत गुलरिया परवस्त नगर में साधन सहकारी समिति की अवशेष बाउन्ड्रीवाल निर्माण कार्य। 100मी0 | 9,66,400.00 | 19,328.00 | 855 | 03 माह |
| 32 | पंचम राज्य वित्तआयोग | ग्रा0पं0 मझिगवां के मजरा बेला पहाडा में भजन सिंह के घर से दुःख निवारण गुरूद्वारा की ओर खडंजा निर्माण कार्य।300मी0 | 7,43,700.00 | 14,874.00 | 855 | 03 माह |

नियम व शर्तें—

1. निविदाफार्म व उससे सम्बन्धित निर्देश क्रय किये जाने हेतु खण्ड विकास अधिकारी मोहम्मदी के कार्यालय में दिनांक 06.12.2025 से 20.12.2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे तक 855.00 रू0 नकद धनराशि श्री सुशील कुमार कैशियर / भण्डार लिपिक के पास जमा कर प्राप्त किये जा सकते हैं।
2. निविदा प्रपत्र भरकर उसके साथ धरोहर की धनराशि मूल्य 2 प्रतिशत राष्ट्रीय बैंक का एफ0डी0आर0 / एन0एस0सी0 खण्ड विकास अधिकारी मोहम्मदी के पक्ष में समस्त अभिलेख मोहर बन्द लिफाफे में निविदा प्रपत्र. के साथ संलग्न कर दिनांक 20.12.2025 तक अपरान्ह 12:00 तक खण्ड विकास अधिकारी मोहम्मदी के कार्यालय में सील बन्द टेण्डर बाक्स में डाले जायेगे / डाक द्वारा भी प्रेषित किये जा सकते हैं, निर्धारित तिथि व समय के बाद निविदा स्वीकार नही की जायेगी।
3. कार्यआदेश निर्गत की तिथि से कार्यपूर्ण करने की अवधि 03 माह निर्धारित की जाती है।
4. धनराशि की उपल्बधता के आधार पर ही कार्य का भुगतान किया जायेगा।
5. प्राप्त टेण्डर को खण्ड विकास अधिकारी मोहम्मदी खीरी के द्वारा गठित समिति के समक्ष 20.12.2025 को समय अपरान्ह 2:00 बजे सार्वजनिक रूप से खोले जायेंगें।
6. भुगतान हेतु प्राप्त बिलों पर नियमानुसार 2% आयकर, 2%जी0एस0टी0, 1%लेबर सेस 8 प्रतिशत जमानत तथा रायल्टी की कटौती करने बाद 16 प्रतिशत जी0एस0टी0 बिल की धनराशि के साथ भुगतान की जायेगी।
7. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त निर्धारित दरों में वित्तीय वर्ष 2025—26 में कोई मूल्य परिवर्तन मान्य नही होगा।
8. किसी भी एक निविदा को स्वीकार करने अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार खण्ड विकास अधिकारी में निहित होगा।
9. किसी भी विवाद की दशा में जनपद न्यायालय खीरी ही मान्य होगा।
10. निविदा भरते समय निविदा की दरें अंको के साथ—साथ शब्दों में भी उल्लिखित की जायें।
11. निविदा प्रपत्र के साथ सीलबन्द लिफाफे में 10 रू0 के स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र ,फर्म रजिस्टेशन, आयकर ,जी0एस0टी0 तथा जमानत धनराशि का एफ0डी0आर0 एवं आयकर रिटर्न की प्रति जिस पर ठेकेदार / फर्म स्वामी के हस्ताक्षर हो साथ में संलग्न किया जाये।

**अश्वनी कुमार सिंह**
**खण्ड विकास अधिकारी**
**मोहम्मदी—खीरी**


## आपत्तिजनक वीडियो बना वसूली के आरोप में 4 टोल कर्मी बर्खास्त

**सुलतानपुर, एजेंसी :** पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे हलियापुर टोल प्लाजा के प्रबंधक द्वारा एक नवविवाहित जोड़े का आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित कर अवैध वसूली करने के मामले में मुख्य आरोपी समेत चार टोल कर्मियों को बर्खास्त कर उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बुधवार को बताया कि मंगलवार को हलियापुर में तैनात दारोगा रफ्फन खां की शिकायत पर उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस चारों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

सूत्रों के अनुसार मंगलवार रात अयोध्या के पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार, सुलतानपुर के पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह और उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की और मातहत अधिकारियों को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। यूपीडा के अधिकारियों ने यातायात प्रबंधक शशांक शेखर, सिस्टम टेक्नीशियन आशुतोष तिवारी, सिस्टम इंजीनियर प्रमोद कुमार और एक अन्य कर्मचारी को तत्काल प्रभाव से पद से हटा दिया है। यूपीडा के परियोजना प्रबंधक अभिषेक चौहान ने बताया कि इन पर वीडियो प्रसारित करने और दंपती को ब्लैकमेल करने का आरोप है।

## माघ मेला की तैयारी अंतिम चरण में

**लखनऊ, अमृत विचार:** महाकुंभ-2025 के सफल आयोजन के बाद अब राज्य सरकार माघ मेला-2026 को भी अभूतपूर्व, व्यवस्थित और सौंदर्यपूर्ण स्वरूप देने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में माघ मेले की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। अभी हाल ही में मुख्य सचिव के समक्ष प्रतीक चिन्ह का अनावरण, सेक्टरवार रंग योजना और अवसंरचनात्मक सुधारों पर विशेष चर्चा हुई थी। इस बार अनुमानित है कि प्रयागराज में 12 से 15 करोड़ श्रद्धालु संगम पर पवित्र स्नान करेंगे, जिनमें प्रतिदिन आने वाले लाखों कल्पवासी भी शामिल होंगे।

पूरा मेला क्षेत्र रंग-समन्वित थीम पर आधारित होगा। हर सेक्टर एकरूपता का अनुभव कराएगा। मेले को सुसंगत और आकर्षक रूप देने के लिए सातों सेक्टर्स और सात पॉन्टून पुलों को सात ऊर्जा चक्रों के अनुरूप रंगों से सजाया जाएगा। हर सेक्टर की चहारदीवारी पर 3 फुट चौड़ी सीमांकन पट्टी बनाई जाएगी, जिससे मेले का आकार दृष्टिगत रूप से स्पष्ट, व्यवस्थित और सुंदर दिखाई देगा। सभी सेक्टर्स में उत्तर प्रदेश सरकार और माघ मेला-2026 का प्रतीक चिन्ह अंकित होगा।


भाजपा ने निचले सदन में बोला- सीईसी समिति को लेकर मोदी पर भरोसा क्यों नहीं - 5


केंद्रीय उद्योग मंत्री पीयूष गोयल बोले- ओमान न्यूजीलैंड से एफटीए पर वार्ता अंतिम दौर में - 10


भारत की उन्नति में महत्वपूर्ण योगदान देगा इटली : तजानी - 11


विराट कोहली एकदिवसीय रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंचे - 12



आज का मौसम
23.0⁰ अधिकतम तापमान
10.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.54
सूर्यास्त 05.17

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

बरेली

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

पौष कृष्ण पक्ष सप्तमी, 01:57 उपरांत अष्टमी विक्रम संवत 2082

गुरुवार, 11 दिसंबर 2025, वर्ष 7, अंक 17, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 6 रुपये


## कांस्य पदक पर कब्जा



भारत ने नौ साल बाद जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप में कांस्य पदक जीत लिया। चेन्नई के मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम में खेले गए प्लेआफ मुकाबले में अर्जेंटीना को 4-2 से हराया। अंकित पाल (49वां), मनमीत सिंह (52वां), शारदानंद तिवारी (57वां) और अनमोल इक्का (58वां) ने गोल दागे। भारतीय टीम इससे पहले दो बार (होबार्ट 2001 और लखनऊ 2016) चैंपियन रही है। (विस्तृत खेल पेज पर)

# दीपावली अब दुनिया भर का त्योहार, यूनेस्को की सूची में हुआ शामिल

- यूनेस्को की मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में शामिल होने वाली भारत की 16वीं सांस्कृतिक परंपरा

नई दिल्ली, एजेंसी



दीपावली को बुधवार को यूनेस्को की मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में शामिल किया गया। दिल्ली में लाल किले पर आयोजित यूनेस्को की एक अहम बैठक में यह फैसला लिया गया। यह पहली बार है कि भारत अमूर्त सांस्कृतिक विरासत (आईसीएच) के संरक्षण के लिए अंतरसरकारी समिति के सत्र की मेजबानी कर रहा है।

इस समिति का 20वां सत्र लाल किले में आठ से 13 दिसंबर तक आयोजित किया जा रहा है। यूनेस्को द्वारा दीपावली उत्सव को प्रतिष्ठित सूची में शामिल किए जाने की घोषणा के बाद वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारे हवा में गूंज उठे।

विभिन्न पारंपरिक परिधानों में सजे कलाकारों ने मुख्य मंच के सामने प्रस्तुति दी और एक बड़ी स्क्रीन पर दीपावली उत्सव के चित्र प्रदर्शित किए गए। आईसीएच के संरक्षण के लिए अंतरसरकारी समिति के 20वें सत्र के दौरान दीपावली के इस सूची में शामिल होने की घोषणा के तुरंत बाद केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने देश की ओर से एक बयान दिया।

यह मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल होने वाली भारत की 16वीं सांस्कृतिक परंपरा है। भारत की 15 सांस्कृतिक परंपराएं वर्तमान में यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में शामिल हैं, जिनमें कुंभ मेला, कोलकाता की दुर्गा पूजा, गुजरात का गरबा नृत्य, योग, वैदिक मंत्रोच्चार की परंपरा और रामलीला - महाकाव्य 'रामायण' का पारंपरिक प्रदर्शन शामिल हैं।

### दुनिया भर में दीपावली की लोकप्रियता : मोदी



प्रधानमंत्री मोदी ने यूनेस्को के निर्णय का स्वागत करते हुए प्रभु श्रीराम से लोगों का मार्गदर्शन करने की कामना की है। मोदी ने एक्स पर लिखा कि देश और दुनिया के लोगों में गजब का उत्साह है। दीपावली हमारी संस्कृति और मूल्यों के बेहद करीब है। यह हमारी सभ्यता की आत्मा है। यह ज्ञान और धर्म का प्रतीक है। यूनेस्को की अमूर्त विरासत सूची का हिस्सा बनने के बाद दीपावली को दुनिया भर में और अधिक लोकप्रियता मिलेगी। मैं उम्मीद करता हूं कि प्रभु श्रीराम के आदर्श हमेशा ऐसे ही हमारा मार्गदर्शन करते रहें।

### वैश्विक मान्यता अयोध्या की सांस्कृतिक शक्ति का प्रमाण



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी ने दीपावली को यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल किए जाने को गर्व का पल बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह निर्णय उस उत्सव की वैश्विक पहचान है, जो अंधकार पर प्रकाश की विजय और नए आरंभ के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। यह उपलब्धि भारत की सांस्कृतिक शक्ति व परंपरा की महत्ता को विश्वपटल पर और अधिक मजबूती प्रदान करती है। योगी ने एक्स से विशेष रूप से उत्तर प्रदेश के दृष्टिकोण से इस उपलब्धि के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान उत्तर प्रदेश के लिए इसलिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि अयोध्या श्रीराम की पावन भूमि है। यहीं पर दीपावली की पहली ऐतिहासिक उत्सव परंपरा की शुरुआत हुई थी। उन्होंने कहाकि अयोध्या केवल सांस्कृतिक आस्था का केंद्र ही नहीं, बल्कि भारतीय परंपराओं की आत्मा है।

## ब्रीफ न्यूज

### जल आपूर्ति डेटा के लिए सुजलाम भारत ऐप की शुरुआत

**नई दिल्ली।** जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल ने मंगलवार को सुजलाम भारत ऐप शुरू किया। इसका उद्देश्य देश की सभी ग्रामीण पेयजल योजनाओं को एक एकीकृत, भौगोलिक रूप से संदर्भित प्रणाली पर लाना और वास्तविक समय में जानकारी प्रदान करना है। भास्कराचार्य नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर स्पेस एप्लीकेशन एंड जीओ इनफॉर्मेटिक्स द्वारा समर्थित यह ऐप आम जनता और संस्थानों को जल स्रोतों, जल गुणवत्ता आदि पर डेटा की जानकारी प्रदान करेगा। इस शुरुआत के साथ ही सुजलाम भारत डेटाबेस का संचालन शुरू हो गया है।

### व्यक्तित्व अधिकारों की सुरक्षा के लिए हाईकोर्ट पहुंचे सलमान

**नई दिल्ली।** अभिनेता सलमान खान ने व्यक्तित्व अधिकारों की सुरक्षा के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय में याचिका दायर की है। इस याचिका पर बृहस्पतिवार को न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा सुनवाई करेंगे। सलमान ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर विभिन्न सोशल मीडिया मंचों और ई-कॉमर्स वेबसाइट को उनके नाम, छवियों और व्यक्तित्व के अनधिकृत इस्तेमाल से रोकने तथा उनके व्यक्तित्व अधिकारों की रक्षा करने का अनुरोध किया है।

# कांग्रेस की हार की वजह मतदाता सूची नहीं, राहुल का नेतृत्व : शाह

## गृह मंत्री ने कहा एसआईआर को लेकर विपक्ष झूठ फैला रहा


- विदेशी नागरिकों को मतदान का अधिकार नहीं दिया जा सकता

नई दिल्ली, एजेंसी

गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि एसआईआर को लेकर विपक्ष झूठ फैला रहा है और पूरी दुनिया में भारतीय लोकतंत्र की छवि धूमिल करने का प्रयास कर रहा है। चुनावों में कांग्रेस की हार की वजह ईवीएम एवं मतदाता सूची नहीं, बल्कि राहुल गांधी का नेतृत्व है। उन्होंने चुनाव सुधारों पर चर्चा में भाग लेते हुए लोकसभा में यह भी कहा कि एक दिन कांग्रेस के कार्यकर्ता हार का हिसाब मांगेंगे।

शाह ने चुनाव सुधारों पर दो दिनों तक हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि दो दिन संसद की कार्यवाही नहीं चल सकी, लोगों के बीच इस तरह का संदेश देने की कोशिश की गई कि हम चर्चा नहीं करना चाह रहे हैं। भाजपा और राजग के लोग चर्चा से कभी नहीं भागे। विपक्ष एसआईआर की डिटेल में समीक्षा की मांग कर रहा है, जो संभव नहीं है क्योंकि यह चुनाव आयोग के अधिकार क्षेत्र में आता है। हम चुनाव नहीं करवाते हैं।

उन्होंने कहा कि विदेशी नागरिकों को भारत में मतदान करने का अधिकार नहीं दिया जा सकता। घुसपैठिए यह तय नहीं कर सकते कि सीएम-पीएम कौन हो। शाह ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 326 में मतदाता की पात्रता, योग्यता, और मतदाता होने की शर्तें तय की गई है। गृह मंत्री ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि ईवीएम की दलील गले नहीं उतरती तो अब वोट चोरी का मुद्दा लेकर आए। वोट चोरी का मुद्दा लेकर पूरे बिहार में यात्रा निकाली। फिर भी हार गए। हारने का कारण आपका नेतृत्व है, हारने का कारण ईवीएम और मतदाता सूची नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा कई चुनाव हारी, लेकिन कभी किसी मुख्य निर्वाचन आयुक्त और निर्वाचन आयोग पर सवाल खड़े नहीं किए।



### अगर मतदाता सूची खराब थी तो शपथ क्यों ली

गृह मंत्री ने कहा कि अनर्गल आरोप लगाकर निर्वाचन आयोग की छवि धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आपको ऐसा लगता है कि आप सरकार की छवि को धूमिल कर रहे हैं, लेकिन असल में आप पूरी दुनिया में भारत के लोकतंत्र की छवि धूमिल कर रहे हैं। शाह ने कहा कि यह नयी परंपरा शुरू हुई है कि चुनाव नहीं जीते तो निर्वाचन आयोग को बदनाम करो, जो लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है। उन्होंने कई चुनावों में विपक्षी दलों की जीत का उल्लेख करते हुए कहा कि अगर मतदाता सूची खराब थी तो शपथ क्यों ली?

### वोट चोरी से संबंधित चर्चा कराएं शाह : राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** नेता प्रतिपक्ष राहुल ने गृह मंत्री अमित शाह को चुनौती दी कि वह वोट चोरी से संबंधित उनके तीन संवाददाता सम्मेलनों पर चर्चा कराएं। गृह मंत्री ने राहुल गांधी के तीन संवाददाता सम्मेलनों का उल्लेख करते हुए उनके तथ्यों को असत्य करार दिया था। इन संवाददाता सम्मेलनों के जरिये राहुल ने यह दावा किया था कि कर्नाटक, महाराष्ट्र और हरियाणा के चुनावों में 'वोट चोरी' की गई है। राहुल गांधी ने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा कि मैंने जो विषय उठाये हैं, अमित शाह ने उनका जवाब नहीं दिया।

# उड़ान रद्द के साथ परेशानियों के लिए भी मुआवजा दे इंडिगो : कोर्ट

- इंडिगो संकट पर दिल्ली उच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार से पूछा ऐसी स्थिति कैसे उत्पन्न हुई
- 5000 का हवाई टिकट 39 हजार तक कैसे पहुंचा, अन्य कंपनियों को इसका लाभ कैसे उठाने दिया गया

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार से बुधवार को सवाल किया कि आखिर ऐसी स्थिति क्यों उत्पन्न हुई जिसके कारण इंडिगो की कई उड़ान रद्द करनी पड़ीं। अदालत ने इन हालात को संकट करार दिया। उच्च न्यायालय ने कहा कि फंसे हुए यात्रियों को हुई परेशानी और उत्पीड़न के अलावा, यह अर्थव्यवस्था को होने वाले नुकसान का भी सवाल है।

मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने यह सवाल भी किया कि ऐसी संकटपूर्ण स्थिति में अन्य विमानन कंपनियां हालात का फायदा उठाकर यात्रियों से टिकटों के लिए भारी कीमत कैसे वसूल सकती हैं। अदालत ने सवाल किया कि जो टिकट 5,000 रुपये में मिल रहा था, उसका किराया 39,000 रुपये तक कैसे पहुंच गया? यदि यह संकट की स्थिति थी तो अन्य विमानन कंपनियों को इसका लाभ कैसे उठाने दिया गया? अदालत ने विमानन कंपनी को निर्देश दिया कि यात्रियों को न सिर्फ उड़ान रद्द होने के लिए बल्कि अन्य परेशानियों के लिए भी मुआवजा देने की व्यवस्था की जाए।

अन्य विमानन कंपनियों ने शुल्क लेना कैसे शुरू कर दिया? पीठ ने इस मामले पर डेढ़ घंटे से अधिक समय तक सुनवाई की। पीठ ने कहा कि यदि समिति द्वारा शुरू की गई जांच पूरी हो जाती है तो उसकी रिपोर्ट अगली तारीख 22 जनवरी को अदालत में सीलबंद लिफाफे में पेश की जाए। अदालत ने कहा कि हमें यह चिंता है कि आखिर ऐसी स्थिति कैसे उत्पन्न होने दी गई, जिसके कारण पूरे देश के हवाई अड्डों पर लाखों यात्री फंसे रहे।

पीठ ने कहा कि यह न सिर्फ यात्रियों के लिए परेशानी का कारण बना, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था भी प्रभावित हुई। अदालत ने कहा कि किराए में जो अभूतपूर्व बढ़ोतरी हुई थी, उसे अब नियंत्रित और सीमित कर दिया गया है, जो पहले किया जाना चाहिए था। अदालत इंडिगो मामले में एक जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

### डीजीसीए ने इंडिगो के सीईओ को तलब किया

**मुंबई।** डीजीसीए ने इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स को उपस्थित होने और हालिया परिचालन व्यवधानों से संबंधित व्यापक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। एल्बर्स को बृहस्पतिवार को दोपहर तीन बजे डीजीसीए कार्यालय में उपस्थित होने के लिए कहा गया है। नियामक के आदेशानुसार, विमानन कंपनी को उड़ानें बहाल करने, पायलटों तथा चालक दल की भर्ती योजना, पायलट व चालक दल की अद्यतन संख्या, रद्द की गई उड़ानों की संख्या और 'रिफंड' आदि से संबंधित जानकारी प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है।

### बुधवार को भी 220 उड़ानें रद्द

**मुंबई।** इंडिगो ने बुधवार को दिल्ली और मुंबई सहित तीन प्रमुख हवाई अड्डों पर लगभग 220 उड़ानें रद्द कर दीं, जबकि कंपनी के सीईओ पीटर एल्बर्स ने दावा किया था कि एयरलाइन का परिचालन फिर से पटरी पर आ गया है। एयरलाइन ने दिल्ली हवाई अड्डे पर 137 और मुंबई हवाई अड्डे पर 21 उड़ाने रद्द कर दीं।

# ड्रग्स के साथ स्मार्टफोन का नशा भी युवाओं के सामने चुनौती : योगी

- सीएम ने युवाओं को आगाह करते हुए चेताया, किसी न किसी रूप में घुसना चाहता है देश का दुश्मन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/ गोरखपुर

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि आज युवाओं के सामने दो चुनौतियां हैं। एक ड्रग्स का नशा व दूसरा मोबाइल या स्मार्टफोन का नशा। इन दोनों ही नशे से बचना होगा। इनसे युवा जितना बच पाएंगे, उतना ही खुद को और देश के भविष्य को भी बचा पाएंगे। नशे से दूर रहकर ही युवा परिवार, समाज और राष्ट्र के प्रति अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन कर पाएंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के प्रेक्षागृह में, महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के 93वें संस्थापक सप्ताह समारोह के समापन पर आयोजित मुख्य महोत्सव की अध्यक्षता कर रहे थे। इस मौके पर मुख्य अतिथि उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री ने युवाओं को मोबाइल फोन के नशे से दूर रहने की सलाह दी। एक शिक्षक और अभिभावक के रूप में मुख्यमंत्री ने युवाओं से कहा कि आपको सतर्क रहना होगा। क्योंकि नशा माफिया तेजी के साथ युवा पीढ़ी को अपनी चपेट में लेने का कुत्सित प्रयास करता है। अकादमिक संस्थाओं को भी इसके प्रति उतना ही अलर्ट रहना पड़ेगा।

सीएम योगी ने कहा कि युवाओं को इसके खिलाफ एक नई लड़ाई लड़ने के लिए अपने आप को तैयार करना पड़ेगा क्योंकि देश का दुश्मन किसी न किसी रूप में आपके बीच में घुसना चाहता है। उसको हम अवसर नहीं दें। योगी ने यह भी कहा कि स्मार्टफोन पर युवाओं का अत्यधिक समय खर्च हो रहा है, इसको कम करना होगा। उन्होंने युवाओं को समझाया, हालांकि एकाएक यह कर पाना कठिन होगा, इसलिए धीरे-धीरे कम करिए।

### चुनौतियों के लिए खुद को तैयार रखें

समय और तकनीक के साथ चलते हुए भविष्य की चुनौतियों के लिए खुद को तैयार करने की सीख देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया आज आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, ड्रोन और रोबोटिक्स के एक नए युग में प्रवेश कर चुकी है। उन्होंने कहा कि हमें उस मानसिकता से भी उबरना पड़ेगा कि तकनीक आएगी तो रोजगार के अवसर कम करेगी। यह तथ्य सही नहीं है बल्कि तकनीक आएगी रोजगार के नए अवसर अपने आप ही जुड़ जाएंगे।

# पूर्व आईपीएस अमिताभ गिरफ्तार

- लखनऊ से दिल्ली जाते समय सीतापुर महोली बार्डर पर ट्रेन में किया गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** फर्जीवाड़े के मामले में पूर्व आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर को लखनऊ पुलिस ने मंगलवार देर रात सीतापुर-महोली बार्डर से ट्रेन से जाते समय गिरफ्तार कर लिया। शाहजहांपुर में उन्हें ट्रेन से उतारा और उसके बाद देवरिया कोतवाली लेकर पहुंची। अदालत में पेश करने के बाद उन्हें जेल भेज दिया गया है।

अमिताभ पर देवरिया एसपी रहते हुए पद के प्रभाव का इस्तेमाल कर अपने व पत्नी के छद्म नाम का इस्तेमाल कर देवरिया में जिला उद्योग केंद्र से औद्योगिक प्लाट बी-2 का आवंटन कराया था। डीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया कि 12 सितंबर 2025 को तालकटोरा स्थित आवास विकास कालोनी निवासी संजय शर्मा ने तालकटोरा थाने में अमिताभ ठाकुर व उनकी पत्नी नूतन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी थी। तहरीर में बताया था कि वर्ष 1999 में अमिताभ ठाकुर जब एसपी देवरिया थे और उन्होंने अपने प्रभाव का गलत प्रयोग करके अपनी पत्नी नूतन ठाकुर को जिला उद्योग केंद्र से औद्योगिक प्लाट संख्या बी-2 का आवंटन कराया। आरोप है कि आवंटन में नूतन ठाकुर ने अपना नाम नूतन देवी लिखा और पति का नाम अभिजात ठाकुर/अभिताभ ठाकुर दर्शाया, साथ ही पता खैरा, जिला सीतामढ़ी, बिहार दिखाया गया। बाद में उक्त प्रॉपर्टी का विक्रय वास्तविक नाम और पते के आधार पर किया गया।

# भिड़ंत के बाद कारों में लगी आग, 5 जिंदा जले

**बाराबंकी।** पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर बुधवार दोपहर हाईवे किनारे खड़ी वैगनआर में पीछे से तेज रफ्तार ब्रेजा ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद वैगनआर के सीएनजी टैंक में विस्फोट हो गया। दोनों कारों में आग लग गई। हादसे में मां व चार मासूम बच्चों की मौके पर ही जिंदा जलकर मौत हो गई।

आजमगढ़ के थाना हरौला में तैनात पुलिसकर्मी जावेद अशरफ की पत्नी गुलफ्शां उर्फ चांदनी (30) अपनी बेटियों समरीन (12), जियान (10), इल्मा (6), इजमा (4) और रिश्तेदार जीशान (24) के साथ वैगनआर से लखनऊ आ रही थीं। इस हादसे में गुलफ्शां और समरीन ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। तीन अन्य बच्चों को सीएचसी हैदरगढ़ ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# बाघ को घेरने के मामले में रेंजर फॉरेस्टर और गार्ड हटाए

- जिन सफारी वाहनों के चालकों और गाइड ने बाघ घेरा, सभी को किया गया प्रतिबंधित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : पीलीभीत टाइगर रिजर्व के बराही रेंज स्थित साइफन पुल पर सफारी वाहनों से बाघ को घेरने के मामले में बराही रेंज के रेंजर अरुण मोहन श्रीवास्तव, फॉरेस्टर और फॉरेस्ट गार्ड को हटा दिया है।

वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार ने बुधवार को बताया कि बराही रेंज से हटाए गए रेंजर, फॉरेस्टर व फॉरेस्ट गार्ड का स्पष्टीकरण मांगा गया है। सफारी गाड़ियों के चालक, सहयोगी और गाइड को इस सीजन के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। जांच रिपोर्ट डीएफओ से तलब की गयी है। माला रेंज के एसडीओ से जांच कराई जा रही है। जांच के बाद दोषी अधिकारी और कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई होगी।

बीते रविवार को दूसरी शिफ्ट के दौरान बराही रेंज स्थित साइफन पुल पर सफारी वाहनों से बाघ को घेरने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इसमें करीब चार से पांच सफारी वाहन पुल के दोनों छोर से रास्ता घेरे हुए थे और पुल के बीचोबीच खड़ा बाघ असहज दिखाई दे रहा था। डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह ने सोमवार को उप प्रभागीय वनाधिकारी माला रेंज रुद्रप्रताप सिंह को जांच के आदेश दिए थे।

**पहल** बंबई उच्च न्यायालय द्वारा आपराधिक अवमानना के मामले में एक महिला को दी गई एक सप्ताह की सजा को पीठ ने माफ किया

# न्यायाधीशों के लिए ढाल नहीं है अवमानना की शक्ति : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी



> सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि दया न्यायिक विवेक का अभिन्न अंग बनी रहनी चाहिए, और अवमानना करने वाले व्यक्ति द्वारा अपनी गलती को ईमानदारी से स्वीकार करने और उसके लिए प्रायश्चित करने की इच्छा व्यक्त करने पर दया दिखाई जानी चाहिए। न्यायालय ने कहा कि दंड देने की शक्ति में क्षमा करने की शक्ति भी निहित है, बशर्ते न्यायालय के समक्ष उपस्थित व्यक्ति अपने उस कृत्य के लिए वास्तविक पश्चाताप प्रदर्शित करे, जिसके कारण वह इस स्थिति में पहुंचा है।

शीर्ष कोर्ट ने बुधवार को कहा कि अवमानना की शक्ति का प्रयोग करते समय न्यायालयों को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि यह शक्ति न तो न्यायाधीशों के लिए व्यक्तिगत सुरक्षा कवच है और न ही आलोचना को दबाने की तलवार है। यह टिप्पणी न्यायमूर्ति विक्रम नाथ व न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने की। बंबई उच्च न्यायालय द्वारा स्वतः संज्ञान लेते हुए आपराधिक अवमानना के मामले में एक महिला को दी गई एक सप्ताह की सजा को पीठ ने माफ कर दिया।

पीठ ने कहा कि आखिरकार, अपनी गलती के लिए पश्चाताप के लिए साहस की आवश्यकता होती है और गलती करने वाले को क्षमा करने के लिए उससे भी बड़े सद्गुण की आवश्यकता होती है। उच्च न्यायालय के 23 अप्रैल के उस आदेश के विरुद्ध दायर अपील पर पीठ ने अपना फैसला सुनाया, जिसमें अपीलकर्ता को आपराधिक अवमानना का दोषी ठहराया गया था। उच्च न्यायालय ने उन्हें एक सप्ताह के साधारण कारावास की सजा सुनाई थी और उन पर 2,000 रुपये का जुर्माना लगाया था। उच्च न्यायालय ने गौर किया कि अपीलकर्ता कल्चरल ऑफ सीवुड्स एस्टेट्स लिमिटेड हाउसिंग कॉम्प्लेक्स की पूर्व निदेशक थीं। पशु जन्म नियंत्रण नियम, 2023 के नियम 20 की वैधता को चुनौती देने वाली एक लंबित याचिका में, एक हस्तक्षेपकर्ता ने हलफनामा दायर कर कहा था कि अपीलकर्ता ने जनवरी 2025 में एक परिपत्र जारी किया था जिसमें कथित 'कुत्ता माफिया' के बारे में टिप्पणियां थीं। उच्च न्यायालय ने परिपत्र को 'अपमानजनक' पाया था और बाद में अपीलकर्ता को कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया था।

शीर्ष कोर्ट ने गौर किया कि सीवुड्स द्वारा उच्च न्यायालय में प्रस्तुत हलफनामे में यह स्पष्ट किया गया था कि निदेशक मंडल को अपीलकर्ता द्वारा जारी किए गए अपमानजनक परिपत्र की कोई जानकारी नहीं थी। अपीलकर्ता ने भी उच्च न्यायालय में हलफनामा दायर कर स्वीकार किया था कि अपमानजनक परिपत्र जारी करने में गंभीर गलती हुई थी, जो लोगों की ओर से उन पर बनाए गए मानसिक दबाव के कारण जारी हो गया था। अपील पर सुनवाई करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि उच्च न्यायालय में दायर हलफनामे में अपीलकर्ता ने बिना शर्त और स्पष्ट तौर पर माफी मांगी थी।

पीठ ने कहा कि हालांकि, उच्च न्यायालय ने माफी स्वीकार करने से इनकार कर दिया, क्योंकि हलफनामे को समग्र रूप से पढ़ने पर उसमें शिकायत किए गए कृत्यों के लिए किसी वास्तविक पश्चाताप का कोई संकेत नहीं मिला। पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालय ने अवमानना संबंधी अधिकार क्षेत्र का प्रयोग उचित सावधानी के साथ नहीं किया।

बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सुपर स्पेशलिटी सेंटर

डा. मोहित गुप्ता

M.Ch. Neurosurgery (AIIMS)
Senior Consultant Neurosurgeon
मस्तिष्क एवं रीढ़ रोग विशेषज्ञ
Reg. No. UPMCI 65389

सुविधायें
- सिर की चोट का इलाज व आपरेशन
- रीढ़ की हड्डी की चोट का इलाज व आपरेशन
- ब्रेन ट्यूमर, दिमागी की गांठ तथा ब्रेन हेमरेज का आपरेशन
- दूरबीन विधि द्वारा हाइड्रोसिफेलस (दिमाग में पानी भरना) का इलाज व आपरेशन
- सिर दर्द (माइग्रेन) व मिर्गी के दौरे का ईलाज
- दिमाग के फोड़े का इलाज व आपरेशन
- गर्दन (सर्वाइकल) व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिम डिस्क का ईलाज व ऑपरेशन
- रीढ़ की नस का ट्यूमर (स्पाइनल ट्यूमर) का आपरेशन
- बच्चों के पीठ की गांठ का आपरेशन
- अत्याधुनिक माइक्रोस्कोप द्वारा ईलाज
- रीढ़ की हड्डी व दिमाग की टी.बी. का इलाज व ऑपरेशन
- लकवा तथा पैरालायसिस का इलाज

बरेली न्यूरो एण्ड स्पाइन सुपर स्पेशलिटी सेन्टर
सी-427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
समय : प्रातः 10 12 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक
लकवा के मरीजों के लिए 24 घंटे इमरजेंसी हेल्पलाइन नंबर
7017678157, 8077790358
7417389433, 9897287601

## न्यूज ब्रीफ

### बुआ के घर से प्रेमी संग फरार, पांच के खिलाफ रिपोर्ट

**कैंट, अमृत विचार :** बुआ के घर गई सहारनपुर की किशोरी अपने गांव के ही प्रेमी युवक के साथ फरार हो गई। पिता ने मंगलवार को कैंट थाने में आरोपी युवक समेत पांच लोगों के खिलाफ अपहरण समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है। सहारनपुर के बड़गांव निवासी एक व्यक्ति ने बताया, कि थाना कैंट क्षेत्र के एक गांव में उसकी बहन का घर है। 30 नवंबर को उसकी 17 वर्षीय बेटी अपनी बुआ के घर गई थी। आरोप है कि वहां से 6 दिसंबर को शाम बड़गांव सहारनपुर निवासी युवक स्वाभिमान उसे अपने साथ ले गया। पिता ने आरोपी युवक के परिजन से बेटी के बारे में पता किया तो पिता रविंद्र, मां माया देवी, चचेरा भाई अरुण तथा आरोपी युवक का जीजा शुभम गाली गलौज करने लगे। पीड़ित पिता ने मंगलवार को उपरोक्त आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### आवास पर काबिज बाहरी लोगों को नोटिस

**रिठौरा, अमृत विचार :** गरीब और बेसहारा लोगों को छत मुहैया कराने को 2019 में बनाए गए आसरा आवास में बाहरी लोगों का कब्जा होने के बाद बुधवार को आवासों को खाली कराने का नोटिस जारी किया गया। राजनीतिक लोगों के चहेतों ने सरकारी कमरों के ताले तोड़-तोड़ कर उन पे जबरन कब्जा करके रहने लगे हैं। ईओ अंकित कुमार गंगवार ने बताया तीन दिनों के अंदर उनसे कमरे खाली करवाए जाएंगे तथा सफाई भी बेहतर की जाएगी।

# हाईवे पर ट्रक और कार ने मारी दोहरी टक्कर, युवक की गई जान

## मीरगंज में गलत दिशा में आ रहे ट्रक ने बाइक सवार को पीछे से फिर कार ने मारी टक्कर

संवाददाता, मीरगंज



मृतक रिषभ

**अमृत विचार :** सुबह हाईवे पर बाइक से घर की ओर जा रहे बाइक सवार युवक को पहले रॉग साइड आ रहे टक्कर ने पीछे से टक्कर मारकर घायल कर दिया। युवक सड़क पर गिरा तो पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने युवक को फिर टक्कर मारकर कुचल दिया। ट्रक चालक वाहन छोड़कर और कार चालक कार सहित फरार हो गया। युवक को निजी अस्पताल भेजा गया जहां उसकी मौत हो गई।

बुधवार को सुबह 10:30 बजे गांव कुल्छा खुर्द के पास नेशनल हाईवे पर गलत दिशा से आ रहे ट्रक ने एक बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। इसके बाद पीछे आ रही तेज रफतार कार ने टक्कर मारी। इससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तुरंत बरेली के निजी अस्पताल ले जाया गया, रात उसकी अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है।

जानकारी के मुताबिक, गांब वलुपुरा एवं हाल निवासी क़स्बा मिलक जिला रामपुर निवासी विजेंद्र गंगवार की मीरगंज क़स्बा में सिरौली चौराहा के समीप गंगवार खाद भंडार के नाम से दुकान है। सुबह लगभग 10.30 बजे विजेंद्र का पुत्र रिषभ मिलक स्थित घर से बाइक से दुकान के लिए आ रहा था। हाइवे पर क्षेत्र की लभारी पुलिस चौकी के समीप गलत दिशा से जा रहे ट्रक ने अनियांत्रित गति से जाते हुए बाइक में जोरदार टक्कर मर दी, जिससे रिषभ गंगवार गंभीर घायल हो गया। घटना को अंजाम देकर चालक ट्रक छोडकर फरार हो गया।जिसे मौके पर पहुंची पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया और गंभीर घायल को एम्बुलेंस के माध्यम से बरेली के निजी अस्पताल भिजवा दिया। जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। घर में पिता के कारोबार में हाथ बंटाने वाला ऋषभ के नहीं रहने की खबर सुनकर पिता भी बदहवास हो गये। उसकी मां की मृत्यु पहले हो चुकी है। छोटा भाई भी पढ़ाईकर रहा है। बरेली में ही ऋषभ के शव का पोस्टमार्टम कराया गया।



हादसे के बाद मौके पर जमा लोग। ● अमृत विचार

● घर से दुकान के लिए बाइक से आ रहा था युवक, हाईवे पर हुआ हादसा

### गन्ने से भरी ट्राली पलटने से किसान की मौत

**मानपुर, शीशगढ़, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम खमरिया निवासी किसान की बिलासपुर (रामपुर) मे गन्ने से भरी ट्राली पलटने से मौत हो गई। मृतक मंगलवार शाम को ट्राली मे गन्ना भरकर रामपुर को निकला था कि रात मे दुर्घटना हो गई। सुबह बिलासपुर पुलिस की सूचना पर परिजन घटना स्थल पर पहुँचे। मृतक रोहिताश उर्फ़ रविन्द्र पुत्र ब्रजलाल (25) ग्राम खमरिया का निवासी है। मृतक के परिजनों ने बताया कि वह मंगलवार शाम लगभग 8 बजे गाँव से ट्राली मे गन्ना भरकर रामपुर शुगर मिल को निकला था। बिलासपुर स्वार रोड पर किसी वाहन को बचाने के प्रयास मे ट्रेक्टर ट्राली खंती मे पेड़ से टकराकर पलट गई होगी। रात भर ट्राली के नीचे दबे रहने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सुबह राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची। बिलासपुर पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर मृतक के शव का पंचनामा भरकर पी एम को भेज दिया था।



मृतक रोहिताश

# फॉर्म फॉरवर्ड करने को 200 रुपये लेते वीडियो वायरल

संवाददाता, भुता

**अमृत विचार :** कस्बा भुता में स्थित में राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में स्कॉलरशिप का फॉर्म बायोमेट्रिक एवं कॉलेज से फारवर्ड करवाने के लिए छात्रों से 200- 200 रुपए वसूले जाने की जानकारी सोशल मीडिया पर वायरल होने पर छात्रों में आक्रोश फैल गया है। विश्व हिंदू महासंघ के पदाधिकारी ने पालीटेक्निक में चल रही इस अनियमितता को उजागर करते हुए नोडल अधिकारी को जानकारी दी है। नोडल अधिकारी ने जांच कराने की बात कही है।

महासंघ के मीडिया प्रभारी गुरपाल सिंह ने बताया कि कॉलेज प्रिंसिपल यूनुस खान को छात्रों से की जा रही वसूली जानकारी दी तो उन्होंने इस बात को सिरे से इंकार कर दिया। छात्रों के द्वारा पूरे प्रकरण वीडियो बना ली गई है। मीडिया प्रभारी ने राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज सीबीगंज के प्रधानाचार्य से को जानकारी दी। वह पालीटेक्निक के नोडल प्रधानाचार्य है। नोडल ने अनियमितता पर प्रधानाचार्य से नाराजगी जताई। इसके बाद प्रधानाचार्य ने मामले को सुलटाने के लिए कुछ छात्रों के रुपये भी वापस कराए। सोशल मीडिया पर चल रही वीडियो की अमृत विचार पुष्टि नहीं करता है।

राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज प्रधानाचार्य से बात करनी चाही लेकिन लेकिन रॉन्ग नंबर बताकर फोन काट दिया। दोबारा करने पर स्विच ऑफ कर लिया।

नोडल प्रधानाचार्य राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज सीबीगंज नरेंद्र कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में आया। जांच कर, उचित कार्रवाई की जाएगी।




पालीटेक्निक भवन। ● अमृत विचार

● पालिटेक्निक में स्कॉलरशिप का फार्म जमा करते समय हुआ हंगामा

### शेरगढ़ में हुई 17 दुपहिया वाहनों की नीलामी

**शेरगढ़, अमृत विचार :** ऑपरेशन क्लीन के तहत थाने में खडे. 17 दुपहिया वाहनों की नीलामी की गई। बुधवार को थाना परिसर में आपरेशन क्लीन के तहत एसडीएम बहेड़ी के निर्देशन में वाहनों की नीलामी 82000 में की गई। नीलामी प्रक्रिया के दौरान 18 बोलीकर्ता शामिल रहे। इस मौके पर नायब तहसीलदार बहेड़ी दिवाकर सिंह, प्रभारी निरीक्षक शेरगढ़ राजेश कुमार, इंस्पेक्टर क्राइम सत्य सिंह, एचएम निसार अहमद, नवनीत कुमार आदि रहे।

अमृत विचार
Lifelines OF BAREILLY
MEDICAL
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
- 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
- बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
- आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
- कैशलेस ईलाज

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
2D ECHO + TMT
हृदय रोग के लक्षण : ■ घबराहट ■ छाती में दर्द या भारीपन ■ सांस फूलना ■ पैरों में सूजन ■ हाई ब्लडप्रेशर ■ हाई कोलेस्ट्रोल ■ डाइबिटीज (शुगर) ■ सीने या पेट में जलन या दर्द ■ हार्ट अटैक ■ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
अत्याधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
11 वर्षों का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
डा. दीक्षा गंगवार
एम.बी.बी.एस., डी.जी.ओ. (गोल्ड मेडलिस्ट)
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
निःशुल्क परामर्श हेतु संपर्क करें
+91 78952 78992
समय : प्रातः 9 से 10 बजे तक, सायं 4 से 5 बजे तक
पता : स्व. केसर सिंह गंगवार कार्यालय, अशर्फी बैंकट हाल, 100 फुटा रोड, बरेली

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9837549348, 9897838286

### फरीदपुर के औरंगाबाद के ग्राम प्रधान अफीम के सौदे में रंगे हाथ पकड़ा गया



प्रधान वीरेंद्र पाल।

**फरीदपुर, अमृत विचार :** मंगलवार की रात पुलिस की कार्रवाई ने पूरे क्षेत्र को चौंका दिया। औरंगाबाद गांव के ग्राम प्रधान वीरेंद्र पाल सिंह को तब गिरफ्तार कर लिया गया जब वह अंधेरे की आड़ में अफीम की सप्लाई के इरादे से एसडीएम कॉलोनी की ओर बनी सुनसान सड़क पर खड़ा मिला।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और संदिग्ध दिख रहे युवक को रोककर तलाशी ली। प्लास्टिक के एक डिब्बे में छिपाई गई 500 ग्राम अफीम, दो मोबाइल फोन और एक हीरो स्प्लेंडर बाइक बरामद हुई। बाइक के कागज़ात न दिखा पाने पर उसे भी सीज कर दिया गया। गिरफ्तारी के बाद जब युवक से पहचान पूछी गई तो उसने अपना नाम वीरेंद्र पाल सिंह बताया, जो औरंगाबाद गांव का ग्राम प्रधान है। यह खुलासा होते ही पुलिसकर्मियों और आसपास के लोगों में एक पल को सन्नाटा छा गया। आईटीआई (इलेक्ट्रीशियन) पास बताए जाने वाले वीरेंद्र ने पूछताछ में स्वीकार किया कि वह अफीम बेचकर जल्दी कमाई का रास्ता तलाश रहा था और इसी सिलसिले में किसी सप्लायर से मिलने पहुंचा था। गांव में इस बात की चर्चा है कि जिस प्रधान को गांव में विकास के लिए चुनाव में वोट दिया वह गांव का विकास छोड़कर अपने विकास में लग गया।

## न्यूज डायरी

### बिछुड़ रहे आठ परिवारों का कराया गया मिलाप

**आंवला अमृत विचार :** आंवला थाने के मध्यस्थता परामर्श केंद्र में बुधवार को परिवारिक विवाद से जुड़े 8 मामलों में काउंसलिंग कर पति-पत्नी और परिजनों को दोबारा साथ रहने के लिए तैयार कराया गया। केंद्र की पहल से ये रिश्ते टूटने के कगार से वापस बच गए और पक्षकारों ने आपसी सहमति से विवाद खत्म करने पर सहमति जताई। बुधवार को रोशनी, दुर्गा देवी, ज्योति, राधिका, गुलबशाह, ज्योति, प्रीति और वीरपाल से जुड़े मामलों को सुनकर दोनों पक्षों को आमने-सामने बैठाकर बातचीत कराई और समाधान निकाला। केन्द्र पर अबतक 97 विघटित परिवारों का पुनर्मिलन कराया जा चुका है। केंद्र में अध्यक्ष जय गोविन्द सिंह, सदस्य रमाकांत तिवारी एडवोकेट, रामदीन सागर, योगेश माहेश्वरी एडवोकेट, रजिया सुल्तान, शोखी अग्रवाल, शोभना अग्रवाल, सीमा रज़ा एवं महिला कांस्टेबल शीतल शामिल रहीं



### परिषदीय स्कूलों में अद्ववार्षिक परीक्षाएं शुरू



**फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार :** सरकारी विद्यालयों में आज से स्कूली बच्चों की अद्ववार्षिक परीक्षा प्रारंभ हो गई। इस दौरान आज खंड शिक्षा अधिकारी ने कई विद्यालयों में जाकर परीक्षा का जायजा लिया। प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में बुधवार को स्कूली बच्चों की परीक्षा प्रारंभ हो गई। प्राइमरी स्तर पर आज बच्चों की मौखिक परीक्षा थी वहीं उच्च प्राथमिक विद्यालय में लिखित परीक्षा कराई गई। बीईओ ने क्षेत्र के सिमरा हरचंद सिंह, अशोकपुर, , मलूकापुर, समेत निबडिया, पचौमी, शाहपुर बनियान, में पहुंच कर परीक्षा का जायजा लिया।

### भाकियू ने चार सूत्रीय मांगों को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**मीरगंज, अमृत विचार :** भाकियू (अराजनैतिक) के पदाधिकारियों ने बुधवार को एसडीएम मीरगंज को चार सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र से जुड़ी समस्याओं के बारे में अवगत कराया। ज्ञापन के माध्यम से बताया कि फतेहगंज पश्चिमी के लोधी नगर चौराहा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चिटौली में सरकारी नालों पर पक्का निर्माण कर अवैध कब्जा किए जाने की शिकायत भी ज्ञापन में की गई। किसानों ने नालों को कब्जा मुक्त कराने की मांग उठाई। प्रकाश मंडप में अवैध रूप से संचालित शनि बाजार को तत्काल बंद कराने की मांग की। दिवना गांव में राशन कार्ड बनवाने के लिए सुविधा शुल्क लेने की बात कही। एसडीएम ने ज्ञापन स्वीकार कर समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान इमरान अली खान मंडल उपाध्यक्ष, फाजिल खान, रिफत, ओम प्रकाश, ठाकुर राजन सिंह आदि उपस्थित रहे।



### राशन कार्ड पाकर चेहरे पर दौड़ी खुशी की लहर

**बहेड़ी, अमृत विचार :** महादलि नगर पालिका अध्यक्ष के द्वारा राशन कार्ड का नवीनीकरण कराने के बाद बुधवार को उसका वितरण किया गया। काफी दिनों से कार्यालय के चक्कर लगा रहे पात्र लोगों को जब नया राशन कार्ड मिला तो उनके चेहरे खिल गये। बुधवार को नगर पालिका अध्यक्ष रश्मि जायसवाल के कैंप कार्यालय पर नवीनीकरण राशन कार्ड का वितरण किया गया। इस दौरान भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष जितेंद्र सक्सेना ने बताया कि नवीनीकरण वाले राशन कार्ड दो फेस में वितरण किए जाएंगे। पहले फेस में करीब 28 पात्रों को नगर पालिका अध्यक्ष ने राशन कार्ड वितरण किए। राशन कार्ड पाकर पात्रों के चेहरे पर खुशी झलकी।



# आंवला में कुत्तों-बंदरों ने 3 दिन में 77 को काटा



आंवला सीएचसी में एंटी रैबीज वैक्सीन लगवाने पहुंचे लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, आंवला

**अमृत विचार:** क्षेत्र में आवारा कुत्तों और बंदरों ने तीन दिनों में 77 लोगों पर हमला कर उन्हें जख्मी कर दिया। इससे ग्रामीणों में दहशत है। सीएचसी आंवला में रैबीज इंजेक्शन लगवाने वालों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी है। जिसमें सर्वाधिक संख्या बच्चों की है।

आंवला क्षेत्र के लोगों ने सोमवार को 24, मंगलवार को 28 और बुधवार को 25 ने अस्पताल पहुंचकर एंटी-रेबीज वैक्सीन लगवाई। अस्पताल स्टॉफ ने बताया कि इस माह कुत्तों और बंदरों के काटने की घटनाओं में भारी उछाल आया है। आंवला कस्बे के अलावा मनौना, गुलेली, दिगोई, उरला, रसूला, कमठेना, बीहट हाजीपुर, कनगांव, कंथरी आदि गांवों से मरीज आ रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि रेबीज घातक बीमारी है, काटते ही घाव धोकर 24-72 घंटे में पहला इंजेक्शन लगवाना अनिवार्य है। ग्रामीणों का कहना है कि ये जानवर दिनदहाड़े अचानक हमला कर भाग जाते हैं। कुत्ते सड़कों-गलियों में घूमकर लोगों पर टूट पड़ते हैं। वहीं बंदरों के झुंड घरों की छतों पर चढ़कर आतंक मचा रहे हैं। बच्चे स्कूल जाते समय और महिलाएं घरेलू कामकाज के दौरान सबसे ज्यादा खतरे में हैं।

### नकब लगाकर चोरी का प्रयास

**फरीदपुर, अमृत विचार:** अज्ञात चोरों ने शिक्षक के बंद घर में नकब लगाकर किया चोरी का प्रयास। 9 इंच मोटी दीवार को नकब लगाकर काटने के बाद घर में दाखिल हुए चोर आहट होने पर अपने मंसूबे में कामयाब नहीं हो सके। नगर के मोहल्ला महादेव निवासी नवल मिश्रा बेसिक में शिक्षक हैं। वह परिजन के साथ दूसरे मकान में शिफ्ट हो गए हैं पुराना मकान खाली रहता है मंगलवार की शाम लगभग 6:30 बजे अध्यापक के भाई मकान पर पहुंचे दरवाजा अंदर से बंद था। तभी उन्हें संदेह हुआ जिसके बाद उन्होंने कारपेंटर को बुलाकर दरवाजा खुलवाया तो अंदर के कमरे खुले हुए थे। और सारा सामान बिखरा पड़ा था।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

**आवश्यक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र व पुत्री अब्दुल रहमान (पुत्र) व श्रीमती नूर ए शहर उर्फ सबा पत्नी समीर ने मुझे आर्थिक, मानसिक व शारीरिक रूप से बहुत नुकसान पहुंचाया है मुझे और जयादा नुकसान न हो, इसलिए मैं खूब सोचकर, समझकर अपने पूरे होशों हवास में अपने पुत्र व पुत्री को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से आंक करता हूं। **मोहम्मद स्वाले पुत्र फैय्याजउल हसन निवासी मो. घेर जाफर खां पुराना शहर, बरेली मो. 9888452637**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

न्यूज ब्रीफ

## खाटू श्याम के लिए पैदल राजस्थान रवाना हुए श्याम प्रेमी

**शीशगढ़, अमृत विचार :** चौकी क्षेत्र बंजरिया के ग्राम राठ और खमरिया के श्याम प्रेमी 20 दिवसीय पैदल यात्रा पर खाटू श्याम का निशान लेकर राजस्थान को रवाना हुए। निशान यात्रा पर रवाना होने से पहले श्याम प्रेमियों ने गाँव के शिव मन्दिर मे पूजा अर्चना कर बड़े बुजुर्गो के पैर छूकर आशीर्वाद लिया।ग्रामीणो ने पुष्प माला पहनाकर बाबा श्याम के जयकारों के साथ उनको तीर्थयात्रा पर रवाना किया। निशान यात्रा मे शामिल मनोज गंगवार, अंकुश शर्मा, हिमांशु कुमार, अजय कुमार ने बताया कि यह पैदल यात्रा 20 दिनों की होगी।

## छात्रों को नियमित स्कूल आने को किया प्रेरित

**शेरगढ़, अमृत विचार :** एआरपी शिखा भारती ने क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय कबरा किशनपुर और रजपुरा में सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया। उन्होंने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय आने के साथ ही मन लगाकर पढ़ाई करने को प्रेरित किया। बुधवार को विद्यालयों में पर्यवेक्षण को पहुंची एआरपी शिखा भारती ने बच्चों का एसेसमेंट कर उनके पढ़ाई के स्तर का आंकलन किया। उन्होंने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय आने के साथ ही मेहनत से पढ़ाई करने को प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक विनय पाल सिंह,ईशाक अहमद,सहायक अध्यापक जय प्रकाश,सोमपाल आदि मौजूद रहे।

## शिविर में एक करोड़ का बिल हुआ जमा

**रिठौरा, अमृत विचार :** बिजली बिल राहत योजना के अंतर्गत रिठौरा उपकेंद्र में हाफिजगंज,क्योलड़िया के लगभग बीस हजार उपभोक्ता आते हैं। एसडीओ रिठौरा अरूण कुमार ने बताया बिजली बिल राहत योजना के लाभ के लिए दस दिन के अंदर लगभग एक हजार पंजीकरण एवं लगभग एक करोड़ की वसूली हो चुकी है। जनता ज्यादा से ज्यादा लाभ लेने के लिए तुरंत पंजीकरण करवा कर बिजली बिल से सौ प्रतिशत ब्याज एवं पच्चीस प्रतिशत मूलधन पर छूट का लाभ उठाएं।इस दौरान जेई अजय कुमार,टीजी-टू संजय कुमार, शेखर यादव, योगेश यादव, कामिल, मुन्ना लाल,हरीश कुमार सहित तमाम स्टाफ मौजूद रहा।

## सामान लेने गई किशोरी गायब

**फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार :** दुकान से सामान लेने गई किशोरी रहस्यमय ढंग से गायब हो गई। किशोरी की मां ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जनूबी मोहल्ले की रहने वाली एक नाबालिग किशोरी बीते मंगलवार को स्टेशन रोड पर स्थित दुकान पर सामान लेने के लिए गई थी। जब किशोरी काफी देर तक वापस घर नहीं लौटी तो परिजनों ने उसकी खोज बीन शुरू की परंतु उसका कोई पता नहीं चला। बुधवार को किशोरी की मां ने थाने पर रिपोर्ट दर्ज करायी है कस्बा चौकी प्रभारी लक्ष्मी नारायण सिंह ने बताया कि किशोरी की तलाश की जा रही है।

## सियार के हमले से किशोरी घायल

**फरीदपुर, अमृत विचार :** खाना बना रही किशोरी पर सियार ने हमला कर घायल कर दिया। शोर सुनकर आए परिजन ने उसे डंडे लेकर दौड़ाया तो वह भाग गया। परिजन घायल अवस्था में किशोरी को लेकर सीएचसी पहुंचे। फरीदपुर के गांव नवदिया में बुधवार को निशा पुत्री राम अवतार शाम को घर में बना रही थी। तभी घर में अचानक सियार घुस आया और उस पर हमला कर दिया।

# 60 बच्चों के नाम गायब, छुट्टी में बांटा पोषाहार

## बालपुर आंगनबाड़ी में अनियमितताओं की शिकायत, कार्यकत्री नहीं आती केंद्र पर, सीडीपीओ जांच को पहुंचे

- तीन दिन में पोर्टल अपडेट और स्पष्टीकरण देने के निर्देश
- सीडीपीओ की जांच में कार्यकत्री की लापरवाही उजागर

संवाददाता, देवरनियां


जांच करने पहुंचे सीडीपीओ और मौजूद महिलाएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** ब्लॉक दमखोदा के ग्राम पंचायत बालपुर में आंगनबाड़ी केंद्रों की अनियमितताओं की शिकायतों ने आखिर सच का रूप ले लिया है। ग्रामीणों की मांग पर बुधवार को पहुंचे सीडीपीओ रामगोपाल वर्मा की जांच में गंभीर गड़बड़ियां सामने आईं। ग्रामीणों ने बताया कि केंद्र अक्सर समय पर नहीं खुलता और पोषाहार महीने में एक बार भी सही ढंग से नहीं मिलता।

मौके पर शिकायतकर्ताओं ने बताया कि पिछले तीन महीनों में केवल एक बार पोषाहार बांटा गया। विद्यावती, इंद्रावती, सुमन देवी, प्रियंका, आशा, पूजा, मीना, नेहाल सिंह आदि के बच्चों के नाम ही पोर्टल पर फीड नहीं मिले।कुछ धात्री महिलाओं के नाम अब तक आंगनवाड़ी पोर्टल पर दर्ज ही नहीं किए गए थे। जांच में सीडीपीओ ने पाया कि गांव के करीब 60 बच्चों और महिलाओं के नाम पोर्टल पर फीड ही नहीं थे, जो लापरवाही की बड़ी मिसाल है।सबसे बड़ा खुलासा तब हुआ जब शिकायत करने वाली महिलाओं में नेहा, मीना, आशा, पूजा, मिथिलेश आदि ने बताया कि उन्होंने जब शनिवार को ब्लॉक के अधिकारियों से शिकायत की तो रविवार को ही शाम के लगभग सात बजे आंगनबाड़ी कार्यकत्री कविता और उसके शिक्षक पति जगमोहन ने अचानक पोषाहार वितरण शुरू कर दिया, ताकि जांच से पहले स्थिति को सुधारा हुआ दिखाया जा सके। इस पर सीडीपीओ ने कड़ी नाराजगी जताई और सवाल उठाया कि छुट्टी के दिन रात में पोषाहार क्यों बांटा गया। कविता इस पर कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सकी।

सीडीपीओ ने यह भी पाया कि बहाने बनाते हुए कार्यकत्री कविता ग्राम पंचायत में बैठने की जगह न मिलने की बात कह रही थी, जबकि नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र तैयार है, केवल हैंडओवर बाकी है, जो अगले 20 दिनों में हो जाएगा। इसके बावजूद केंद्र पर कार्यकत्री और सहायिका के नियमित रूप से न आने की पुष्टि हुई। जांच की सूचना होने के बावजूद सहायिका प्रमिला भी केंद्र नहीं पहुंची।

सीडीपीओ ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि तीन दिनों के भीतर सभी बच्चों व महिलाओं के नाम पोर्टल पर फीड करें और ई-केवाईसी पूरा करने के निर्देश दिये। लापरवाही पर कार्यकत्री कविता और सहायिका प्रमिला दोनों से स्पष्टीकरण तलब किया है। ग्रामीणों की लगातार उपेक्षा और पोषाहार वितरण में अनियमितता के इस मामले में प्रशासन जल्द कड़ा कदम उठाने की तैयारी में है।

# संगोष्ठी में हिंदी भाषा को बढ़ावा देने पर दिया जोर


कार्यक्रम में मौजूद आयकर अधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** आयकर विभाग की ओर से आयकर भवन में बुधवार को राजभाषा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान हिन्दी कार्य प्रोत्साहन और हिन्दी पखवाड़ा पुरस्कार समारोह भी हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त अनिता सिन्हा एवं प्रधान आयकर आयुक्त/राजभाषा अधिकारी राधे श्याम ने दीप प्रज्ज्वलन एवं देवी सरस्वती को माल्यार्पण कर की।

प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त अनिता सिन्हा ने कार्यालयों के कार्यों और दैनिक जीवन में हिन्दी के प्रयोग को बढ़ावा देने पर बल दिया। प्रधान आयकर आयुक्त राधे श्याम ने कहा कि हिंदी को बढ़ावा देने के लिए हमें अपने कार्यालयी कार्यों में अधिकाधिक हिंदी का प्रयोग करना होगा। अपर आयकर आयुक्त पुष्पेंद्र सिंह ने विजेता का हौसला बढ़ते हुए हिंदी के कार्यों पर प्रकाश डाला। समारोह में राजभाषा हिन्दी में कार्य करने के लिए प्रोत्साहन पुरस्कार, प्रदान किए गए जिसमें मुख्य रूप से आयकर अधिकारी राजीव मिश्र को हिन्दी प्रोत्साहन में प्रथम और कार्यालय अधीक्षक अरविंद को काव्य पाठ में प्रथम पुरस्कार दिया।

# सभी अपने ही कर्मों का फल भोगते हैं: स्वामी अनंताचार्य


कैंट में भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के दौरान कथा सुनाते कथाव्यास। ● अमृत विचार

संवाददाता, कैंट

**अमृत विचार :** बाबा ब्रह्मदेव सेवा ट्रस्ट के तत्वाधान में सदर बाजार स्थित श्रीराम लीला स्थल पर आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के दूसरे दिन बुधवार को कथा व्यास स्वामी अनंताचार्य महाराज ने भक्तों को शूकदेव परीक्षित कथा सुनाई गई। उन्होंने कहा न कोई किसी को सुख देता है, न कोई किसी को दुख सब अपने ही कर्मो का फल हम सभी को भोगना पड़ता है।"काहु न कोउ सुख दुख कर दाता। निज कृत करम भोग सबु भ्राता।।''कोई किसीको सुख-दुःखका देनेवाला नहीं है। सब अपने ही किये हुए कर्मों का फल भोगते हैं। इसलिए हम सभी को अपने कर्मो को ठीक रखना तथा निर्वहन करना चाहिए।

इस अवसर पर बाबा ब्रह्मदेव सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष शशिकांत जायसवाल, संरक्षक श्रीधर शुक्ला, छावनी परिषद के नामित सदस्य डा.वैभव जायसवाल, अनिल छोटे, आनंद साहू, अनुज जायसवाल, प्रेम नारायण केसरवानी, राजकुमार शर्मा, अन्नू जायसवाल, भगत सिंह यादव, मनोज पुरी सहित सैकड़ों क्षेत्र वासियों ने कथा का श्रवण किया।

# भाजपा संविधान को कर रही तार-तार : तौकीर आलम

**बरेली, अमृत विचार :** कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं प्रदेश सह प्रभारी तौकीर आलम बुधवार को शहर पहुंचे। उन्होंने कोतवाली क्षेत्र में एक क्लब में पदाधिकारियों के साथ बैठक की और 14 दिसंबर को दिल्ली में होने वाली राहुल गांधी की रैली की तैयारी में जुटने का आह्वान किया।

मीडिया से बात करते हुए तौकीर आलम ने कहा कि भाजपा संविधान को तार-तार कर रही है। लोकतंत्र पर बड़ा संकट आ गया है। जिसको लेकर राहुल गांधी 14 दिसंबर को नई दिल्ली के रामलीला मैदान में ''वोट चोर गद्दी छोड़'' महा रैली करने जा रहे हैं। उन्होंने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से रैली को सफल बनाने के लिए तैयारी में जुट जाने को कहा। कहा कि अब हम सब सड़कों पर उतरकर संघर्ष करेंगे। जिलाध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी ने कहा कि दिल्ली में होने वाली रैली एतिहासिक होगी। डॉ. केबी त्रिपाठी और महानगर अध्यक्ष दिनेश द्दा एडवोकेट ने भी भाजपा पर जमकर निशाना साधा।

# टुकटुक व साइकिल से ब्लॉक पहुंचे सचिव

संवाददाता, क्योलड़िया


टुकटुक से पहुंचे सचिव। ● अमृत विचार



साइकिल से पहुंचे सचिव। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** भदपुरा ब्लॉक में बुधवार को सचिवों ने काली पट्टी बांधकर ब्लाक मुख्यालय व अपने कार्य क्षेत्र में पहुंचकर काम किया। इसके पूर्व सचिवों ने धरना प्रदर्शन किया है। संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष अमित कुमार आर्य ने बताया कि प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर अपनी मांगों के समर्थन में आंदोलन को प्रभावी बनाने के लिए प्रदर्शन चल रहा है। कहा कि सभी पंचायत सचिव बृहस्पतिवार से अपने निजी वाहन का प्रयोग बंद कर अपने कार्य स्थल पर पैदल व साइकिल से जाकर कार्य करेंगे।

उन्होंने कहा कि इसके बाद 15 दिसंबर को अपने डोंगल जमा कर देंगे। कहा कि शासन की ओर से ग्राम पंचायत अधिकारियों और ग्राम विकास अधिकारियों की ऑनलाइन उपस्थिति व्यवस्था लागू करने को कहा गया है। विकासखंड भदपुरा में 79 ग्राम पंचायत हैं। इसमें 11 सचिव हैं एक सचिव के पास 5 से 6 ग्राम पंचायतों के प्रभार के साथ अन्य विभागों के कार्य थमा दिए गए हैं

## मीरगंज में भी बस से पहुंचे ग्राम पंचायत अधिकारी

**मीरगंज :** बुधवार को ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली के विरोध में ग्राम विकास अधिकारियों और ग्राम पंचायत सचिव साइकिल और किराये के वाहनों से दफ्तर पहुंचे। ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के प्रांतीय मंत्री/जिलाध्यक्ष एवं ग्राम विकास अधिकारी संघ के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र वीर सिंह ने संयुक्त रूप से बताया कि प्रांतीय आव्हान पर सभी पन्द्रह ब्लॉकों के सचिवों ने निजी वाहन त्यागकर ऑटो, साइकिल, बस आदि किराए के वाहन से ब्लॉक पहुंचे। ब्लॉक मीरगंज में सचिवों ने अपने मोटर वाहनों का त्याग कर साइकिल, ई रिक्शा आदि से ब्लॉक पहुंचे और ग्राम पंचायतों में भ्रमण किया और विकास कार्यों का अवलोकन किया। इस दौरान सचिव गजेंद्र वर्मा, सुशील कुमार, एम .अनस, श्वेता पाल, अमित पटेल, योगेश कुमार, विशाल कुमार, प्रियंका, ओमेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

## किराये के वाहनों से पहुंचकर विरोध जताया

शेरगढ़ में बुधवार को पंचायत सचिवों ने किराए के वाहनों से क्षेत्र में पहुंचकर विरोध जताया। पंचायत सचिवों ने ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली लागू करने और गैर विभागीय कार्यों की जिम्मेदारी सौंपे जाने का विरोध किया। पंचायत सचिव प्यारेलाल यदुवंशी ने बताया कि पंचायत सचिवों को वाहन भत्ता के रूप में साइकिल के लिए 200 दिए जाते हैं जो इस महंगाई के दौर में ऊंट के मुंह में जीरा साबित हो रहे हैं। इस अवसर पर पंचायत सचिव संजीव सिंह, श्रीपाल गंगवार,विकास गंगवार,आशिफ हुसैन आदि समेत पंचायत सचिवों ने वाहनों का बहिष्कार करते हुए विरोध जताया।

# मां के साथ सो रही किशोरी को उठाने का प्रयास

**बहेड़ी, अमृत विचार :** मां के साथ सो रही नाबालिग को दूसरे समुदाय के युवक ने उठा ले जाने की बात कही। नाबालिग के साथ की छेड़छाड़ और शोर शराबे से परिजन जाग गये उन्होंन युवक को पकड़ भी लिया लेकिन अपने को छुड़ाकर वह भाग गया। पुलिस ने युवक को पकड़ने की बात कही है।

पीड़िता के भाई ने बुधवार को कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि आठ दिसंबर को पड़ोस में रहने वाला दानिश रात में छत के रास्ते घर में घुस आया। उस समय बहन मां के साथ सो रही थी। दानिश ने बहन का हाथ पकड़कर उसे उठाने लगा और बोला कि तुझे उठा ले जाऊंगा। जब बहन ने विरोध किया तो उसके साथ छेड़खानी की।

# फाइटर एयरक्रॉफ्ट का संचालन जाना

- रुविवि के एमबीए सभागार में वायुसेना के अधिकारियों ने छात्रों को दी महत्वपूर्ण जानकारी


डेमोस्ट्रेशन देते अधिकारी।

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय के एमबीए विभाग के प्रो. एसबी सिंह ऑडिटोरियम में बुधवार को भारतीय वायु सेना की ओर से मोटिवेशनल लेक्चर एवं सिम्युलेटर डेमोस्ट्रेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. केपी सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में अधिकारियों ने इंटरएक्टिव रूप से फाइटर विमानों की छवियां दिखाकर प्रश्न पूछे, जिनके सही उत्तर देने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

भारतीय वायु सेना के अधिकारियों ने विद्यार्थियों को एयर फोर्स की कार्यप्रणाली, विभिन्न तकनीकी एवं गैर-तकनीकी शाखाओं, भर्ती प्रक्रिया, आवेदन तिथियों, चयन प्रक्रिया एवं एलिजिबिलिटी मानकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही विद्यार्थियों के लिए करियर काउंसलिंग सत्र का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण भारतीय वायु सेना की प्रस्तुत सिम्युलेटर डेमोस्ट्रेशन रहा, जिसके माध्यम से विद्यार्थियों को वास्तविक परिस्थितियों में फाइटर एयरक्रॉफ्ट के संचालन (रियल-लाइफ फ्लाइंग सिनारियो) का अनुभव कराया गया। इसके अलावा सुखोई फाइटर जेट, आधुनिक हेलीकॉप्टरों एवं वायु सेना में प्रयुक्त नवीनतम तकनीकों के मॉडल भी प्रदर्शित किए गए। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. मनोज कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की नैक ए उपलब्धि के महत्व के बारे में जानकारी दी। छात्रों के करियर विकास, कौशल उन्नयन एवं भविष्य की तैयारी से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण एवं प्रेरणादायक बातें साझा कीं। इस अवसर पर एमबीए डिपार्टमेंट की डीन प्रो. तूलिका सक्सेना, मैकेनिकल डिपार्टमेंट के डॉ. विशाल सक्सेना, महेश कुमार, रणजीत सिंह, तरुण भट्ट, हिमांशु गौर, भारतीय वायु सेना के वरिष्ठ अधिकारी फ्लाइट लेफ्टिनेंट नवीन कुमार यादव, फ्लाइंग ऑफिसर हर्षित हुड्डा, विंग कमांडर सिद्धार्थ अग्रवाल, भारतीय वायु सेवा के 15 प्रतिनिधि मंडल भी उपस्थित रहे।


# एसडीएम से की कोटेदार की शिकायत

**बिशारतगंज, अमृत विचार:** कस्बे के वार्ड नंबर 7 के राशनकार्ड धारकों ने कोटेदार पर घटतौली और भेदभावपूर्ण तरीके से राशन वितरण करने का आरोप लगाते हुए एसडीएम आंवला को शिकायती पत्र भेजा है।

शिकायतकर्ताओं प्रेमवती, रवि, अखिलेश, दिवाकर, अनिल, रचना, सोनू, कर्तव्य, पुष्पा देवी आदि ने आरोप लगाया कि कस्बे के बलेई रोड स्थित कोटेदार राशनकार्ड धारकों के साथ समान व्यवहार नहीं करता है। कोटेदार पहले इलेक्ट्रॉनिक मशीन से अंगूठा लगवाकर उपस्थिति दर्ज करा लेता है। वह उस समय तराजू पर तोला गया पूरा राशन नहीं देता। आरोप है कि बाद में वह दूसरे कांटे से राशन तौल कर देता है, जिसमें निर्धारित मात्रा से कम अनाज निकलता है। जब लोग आपत्ति जताते हैं तो कोटेदार धमकी देता है और कहता है कि ऊपर से ही कम आता है। लेना है तो लो। शिकायतकर्ताओं ने मांग की है कि मामले की जांच करा कर कोटेदार के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई कीजाए।

## विधानसभा कमेटी गठन पर दिया जोर

**मीरगंज, अमृत विचार :** बुधवार को विधानसभा कार्यालय मीरगंज पर अपना दल (एस) की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे महिला मंच की प्रदेश उपाध्यक्ष बबिता पटेल व अतुल पटेल रहे। मीटिंग का संचालन करन गंगवार द्वारा किया गया।बैठक में विधानसभा कमेटी गठन पर जोर दिया गया।इसके साथ ही जोन का गठन करना और जोनों की कमेटी गठन करने पर चर्चा हुई। इस दौरान गजेन्द्र पटेल,धर्मवीर ,रामेन्द्र पाल,अरविन्द कुमार,वीरपाल वर्मा,राज कुमार पटेल,जगत पाल पटेल,वीरपाल गंगवार,डाल चंद मौर्य,संजीव गंगवार,राजेश कुमार आदि रहे।



# करोड़ों की ठगी में मेंथा कारोबारी पर भोजीपुरा में एक और मुकदमा दर्ज

- मोटे मुनाफे का झांसा देकर 80 लाख की ठगी के बाद व्यापारी को पीटा

संवाददाता, भोजीपुरा

**अमृत विचार :** मेंथा आयल के कारोबार में करोड़ों की ठगी मे बारादरी से जेल गये मेंथा कारोबारी पर साझेदार बनाने और अधिक मुनाफे का लालच देकर एक व्यापारी से 80 लाख रुपये की धोखाधड़ी कर ठगी कर ली। जब पीड़ित व्यापारी ने अपने पैसे वापस मांगे, तो आरोपी ने उसे रास्ते में रोककर न सिर्फ बेरहमी से पीटा, बल्कि जान से मारने की धमकी भी दी। भोजीपुरा पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी, मारपीट का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सीबीगंज के बिधौलिया निवासी मुनीश कुमार खेती-बाड़ी और फसलों की खरीद-फरोख्त का काम करते हैं, ने पुलिस को बताया कि उनकी पहचान करीब दो साल पहले भोजीपुरा के बुझिया शुमाली निवासी जय कुमार गंगवार से हुई थी। जय कुमार ने खुद को मेंथा आयल का बड़ा कारोबारी बताया और सस्ते दाम पर तेल खरीदकर स्टॉक करने के नाम पर मोटे मुनाफे का वादा किया।

आरोपी के झांसे में आकर मुनीश ने छह महीने के दौरान अलग-अलग किस्तों में कुल 80 लाख रुपये जय कुमार को सौंप दिए। पैसे लेने के बाद आरोपी ने न तो मुनाफा दिया और न ही मूल रकम लौटाई। जब मुनीश ने दबाव बनाया, तो अक्टूबर 2024 में आरोपी ने सुरक्षा के तौर पर 32 लाख रुपये का एक चेक दे दिया, लेकिन इसके बाद भी लगातार टाल-मटोल करता रहा। 14 नवंबर को जब मुनीश कुमार अपने पैसे का तकादा करने जय कुमार के गांव जा रहे थे तभी भोजीपुरा रोड पर जय कुमार बाइक से आते हुए मिला। मुनीश ने जब अपने पैसे मांगे तो आरोपी आग-बबूला हो गया और गाली-गलौज कर मुनीश को लात-घूंसों से जमकर पीटा और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया।

भोजीपुरा प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि पीड़ित मुनीश कुमार की शिकायत पर आरोपी जय कुमार गंगवार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी गई। आरोपी मेंथा कारोबारी जय कुमार उर्फ जय प्रकाश गंगवार को बारादरी पुलिस 18 नवंबर को आर्दश कुमार अग्रबाल के लिखाये गये मुकदमे मे जेल भेज चुकी है। मेंथा कारोबारी अभी जेल मे ही है।

# आपस में लड़ाई के दौरान नाले में गिरा गोवंश

संवाददाता, मीरगंज


नाले में गिरा गोवंश। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** दो गोवंशों की आपसी लड़ाई के दौरान एक गोवंश सड़क किनारे बने गहरे नाले में जा गिरा। इस घटना से क्षेत्र में अफरातफरी मच गई। घटना की सूचना तुरंत नगर पंचायत को दी गई। कर्मचारी मौके पर पहुंचे और गोवंश को बाहर निकालने के लिए रेस्क्यू अभियान शुरू किया।

कस्बे में बुधवार को गोवंश की आपसी लड़ाई कोतूहल और डर भी पैदा किये रही। लोगों ने बताया कि दो गोवंशों की भिड़ंत के दौरान एक का संतुलन बिगड़ गया और वह नाले में जा गिरा था।नाला गहरा होने के कारण गोवंश को बाहर निकालने में टीम को काफी मशक्कत करनी पड़ी। करीब चार घंटे तक चले अथक प्रयासों के बाद कर्मचारियों ने गोवंश को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर जमा हो गए थे।

अधिशासी अभियंता प्रियंका ने बताया कि उन्हें सूचना मिली कि एक गौवंश नाले में गिर गया है। स्थानीय लोगों ने भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए नालों पर सुरक्षा व्यवस्था किए जाने की भी मांग की।




## न्यूज ब्रीफ

### पेड़ों की छंटाई कर रहे मजदूर की करंट से मौत

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मझोला थाना क्षेत्र की मानसरोवर कॉलोनी में बुधवार को दर्दनाक हादसा हो गया। पेड़ों की छंटाई कर रहे एक मजदूर की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया और सड़क पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने पहचान इरफान निवासी पाकबड़ा के रूप में हुई है। जो मजदूर था। बुधवार सुबह एक व्यक्ति इरफान को पेड़ काटने का काम दिलाने के लिए मानसरोवर कॉलोनी लेकर आया था। कोठी के सामने लगे बड़े पेड़ की छंटाई के दौरान इरफान जैसे ही ऊपर चढ़ा पास से गुजर रही हाईटेंशन लाइन के संपर्क में आ गया। तेज करंट लगने से वह चीख भी नहीं सका और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

### अपहरण के दोषी को 10 साल की कैद

**पीलीभीत, अमृत विचार :** किशोरी को अगवा करने और एससीएसटी एक्ट के मामले में सुनवाई के बाद अपर सत्र न्यायाधीश छांगुर राम ने आरोपी मझले पुत्र रामदयाल को दोषी पाते हुए दंडित किया है। दोषी को 10 साल कैद और 38 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। ये भी आदेश दिए है कि अर्थदंड से 75 प्रतिशत की धनराशि पीड़िता को बतौर प्रतिपूर्ति देय होगी।

### बीयर अपशिष्ट खाकर मदहोश हो रहे पशु

**पीलीभीत, अमृत विचार :** फैक्ट्रियों में बीयर बनने के बाद बचे अपशिष्ट को पशुओं को चारे के रूप में खिलाया जा रहा है। बीयर बाटा नाम का यह अपशिष्ट जनपद में मुरादाबाद और रामपुर से लाया जा रहा है। खास बात यह है कि इसे खाकर पशु मदहोश होकर दूध भी खूब दे हैं। पिछले कुछ समय से बीयर अपशिष्ट की बिक्री का ग्राफ भी तेजी से बढ़ा है। खासकर डेयरियों में इसका उपयोग तेजी से बढ़ा है। बीयर अपशिष्ट पशुओं के लिए फायदेमंद है या नुकसान देने वाला है, इस पर अधिकांश पशुपालक बीयर अपशिष्ट को नुकसानदेह ही बता रहे हैं।

**पक्षी विशेषज्ञों का मत, पर्यावरण का असर है, जिले में तालाबों व नदियों के किनारे मनमोहक रंग बिखेरती थी**

# तराई से लुप्त हुई सर्दियों की शान, 20 साल से नहीं दिखी साइबेरियन क्रेन

विकास शुक्ल, लखीमपुर खीरी


साइबेरियन क्रेन।

**अमृत विचार:** तराई के जनपद लखीमपुर खीरी में कभी सर्दी का मौसम आते ही तालाबों, झीलों और नदियों के किनारे साइबेरियन क्रेन पक्षी अपने मनमोहक रंग बिखेरते नजर आते थे।

दूर साइबेरिया से हजारों किलोमीटर की यात्रा तय कर आने वाला यह दुर्लभ प्रवासी पक्षी जिले के लिए प्राकृतिक सौंदर्य और जैव विविधता का प्रतीक माना जाता था, लेकिन बीते करीब 20 सालों से साइबेरियन क्रेन जिले में नजर नहीं आई है, जो पर्यावरण असंतुलन की एक गंभीर चेतावनी के रूप में देखा जा रहा है। पक्षी विशेषज्ञ साइबेरियन क्रेन आदि के गायब होने के पीछे अवैध शिकार, प्रवास स्थलों के संकुचित होने और खेतों व तालाबों में रसायनों के बड़े पैमाने पर इस्तेमाल को बड़ा कारण मान रहे हैं।

साइबेरियन क्रेन सर्दियों का मौसम शुरू होते ही नवंबर के दूसरे पखवाड़े में जिले के तालाबों और नदियों के किनारे आ जाती थी, लेकिन पिछले दो दशक से साइबेरियन क्रेन को नहीं देखा गया है। पक्षी विशेषज्ञ केके मिश्रा का मानना है कि साइबेरियन क्रेन के लापता होने के पीछे अवैध शिकार, प्रवास स्थलों के लगातार सिमटने, जल स्रोतों के प्रदूषण और खेती में रासायनिक खाद व कीटनाशकों के बढ़ते इस्तेमाल जैसे कई कारण एक साथ जिम्मेदार हैं। पहले जहां जिले के दर्जनों तालाब, झीलें और दलदली क्षेत्र इन पक्षियों के लिए सुरक्षित आश्रय स्थल हुआ करते थे, वहीं अब अतिक्रमण, जलभराव की कमी और प्रदूषण ने इन्हें अनुपयुक्त बना दिया है।

#### कभी हजारों में आती थीं क्रेन

बुजुर्गों और पुराने वन कर्मियों के अनुसार, 1990 के दशक तक सर्दियों के मौसम में साइबेरियन क्रेन के झुंड जिले के कई इलाकों में देखे जाते थे। उनके कलरव से पूरा इलाका जीवंत हो उठता था। शोधकर्ता रामनरेश शाक्य बताते हैं कि अनेक शोधार्थी इनका अध्ययन करने दूर-दूर से आते थे।

#### ठहराव स्थल हो रहे खत्म

साइबेरियन क्रेन हजारों किमी का सफर तय कर रूस से भारत आती थीं। जल संरक्षण की कमी और बढ़ता शहरीकरण भी इनके लुप्त होने का बड़ा कारण माना जा रहा है। जिले में सेमरई से रजौरा, राजेपुर, तुसौरा तक 74.7 हे. भूमि पर फैले इस वेटलैंड में प्रवासी पक्षियों के झुंड आते थे।

> किसी भी क्षेत्र से किसी प्रजाति का पूरी तरह गायब हो जाना पारिस्थितिकी तंत्र के बिगड़ने का सबसे बड़ा संकेत होता है। साइबेरियन क्रेन का लुप्त होना एक चेतावनी है, इसलिए उन्होंने दुधवा क्षेत्र के सरोवरों और झीलों में जलस्तर को बनाए रखने की दिशा में निरंतर काम कर रहे हैं। ताकि पक्षियों को संरक्षण मिल सके। इसी तरह अन्य क्षेत्रों के सरोवरों और झीलों में भी जलस्तर बनाए रखना आवश्यक है।
> -**डॉ. एच. राजामोहन**, एफडी दुधवा टाइगर रिजर्व

### साइबर फ्रॉड गैंग का हुआ भंडाफोड़

**देहरादून, अमृत विचार:** स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) देहरादून ने गूगल रिव्यू/रेटिंग स्कैम में करीब 70 लाख ठगी का भंडाफोड़ करते हुए साइबर फ्रॉड गैंग के सरगना को राजस्थान से गिरफ्तार किया है।

एसएसपी एसटीएफ नवनीत सिंह ने बुधवार को बताया कि हरिद्वार निवासी पीड़ित ने बीती सितम्बर में अभियोग दर्ज कराया था कि अज्ञात साइबर अपराधियों ने सीएमई ग्रुप कंपनी से बताकर व्हाट्सएप पर गूगल रिव्यू के बदले सैलरी का झांसा देकर उन्हें एक टेलीग्राम लिंक के माध्यम से कंपनी ग्रुप से जोड़ा। जहां उन्हें विभिन्न कार्यों के लिए प्रीपेड राशि जमा करने को कहा गया था।

# पति को अक्षम बताते हुए शादी के तीन दिन बाद ही दुल्हन ने मांगा तलाक

**दुल्हन ने कहा - पति ने पहले दिन ही कबूल किया कि वह शारीरिक रूप से अक्षम है**

गोरखपुर, एजेंसी

गोरखपुर में एक नवविवाहिता ने शादी के तीन दिन बाद ही तलाक मांगा है। महिला का आरोप है कि उसके पति ने सुहागरात के पहले ही कुबूल किया कि वह वैवाहिक संबंधों के लिए 'शारीरिक रूप से अक्षम है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि दुल्हन के परिवार का दावा है कि बाद में आई मेडिकल रिपोर्ट में यह पुष्टि हुई कि दूल्हा पिता नहीं बन सकता, जिसके बाद उन्होंने तोहफे और शादी का खर्च वापस मांगा।

महिला द्वारा भेजे गए कानूनी नोटिस में उसने कहा कि मैं ऐसे व्यक्ति के साथ अपनी जिंदगी नहीं बिता सकती जो वैवाहिक संबंधों के लिए शारीरिक रूप से अक्षम है। यह बात शादी की रात उसने मुझे खुद बतायी है। दूल्हा (25) सहजनवा के रहने वाले एक अमीर किसान परिवार का इकलौता बेटा है और गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) की एक औद्योगिक इकाई में इंजीनियर के तौर पर काम करता है। विवाह 28 नवंबर को हुआ था और अगले दिन 'विदाई' हुई थी।

उन्होंने बताया कि यह मामला एक दिसंबर को सामने आया, जब दुल्हन के पिता एक पारंपरिक रस्म के लिए उसके ससुराल गए। दुल्हन ने उन्हें बताया कि दूल्हे ने वैवाहिक संबंधों के लिए चिकित्सीय आधार पर शारीरिक रूप से अक्षम होने की बात मानी है। इसके बाद दुल्हन को दूल्हे के परिवार को बताए बिना तुरंत उसके मायके वापस ले जाया गया। सूत्रों के मुताबिक दोनों परिवार तीन दिसंबर को बेलियापार में एक रिश्तेदार के घर मिले जहां दुल्हन पक्ष ने दूल्हे के परिवार पर उसकी चिकित्सीय स्थिति की बात छुपाने का आरोप लगाया।



- **दूल्हा परिवार का एकलौता बेटा और पेशे से इंजीनियर है**

उन्होंने यह भी दावा किया कि यह दूल्हे की दूसरी नाकाम शादी थी। उसकी पहली पत्नी भी दो साल पहले शादी के एक महीने के अंदर इसी वजह से चली गई थी। दुल्हन के परिजन के मुताबिक दोनों परिवारों की सहमति से दूल्हे को चिकित्सीय जांच के लिए गोरखपुर के एक निजी अस्पताल ले जाया गया। जांच रिपोर्ट में यह पाया गया कि दूल्हा वैवाहिक संबंधों के लिए चिकित्सीय रूप से अयोग्य है और वह पिता नहीं बन सकता। दुल्हन के परिवार ने पुलिस से संपर्क किया और शादी के दौरान दिए गए सभी तोहफे और नकदी वापस करने की मांग की। उन्होंने बताया कि पुलिस के हस्तक्षेप के बाद समझौता हो गया। दूल्हे का परिवार एक महीने के अंदर शादी के खर्च के तौर पर सात लाख रुपये और सभी उपहार वापस करने पर सहमत हो गया। दोनों पक्षों ने रिश्तेदारों की मौजूदगी में एक समझौते पर हस्ताक्षर किये।

### मुठभेड़ में एक और गोमांस तस्कर पकड़ा गया

**पीलीभीत, अमृत विचार:** वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस की गोमांस तस्करों से मुठभेड़ हो गई। बाइक से गिरने के बाद पुलिस जैसे ही तस्कर को पकड़ने के लिए आगे बढ़ी, उसने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में एक तस्कर के पैर में गोली लगी, जिसे पुलिस ने पकड़ लिया। जबकि उसका दूसरा साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। पकड़े गए तस्कर को पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेज दिया है।

गोकशी की बढ़ती घटनाओं के बाद एसपी के निर्देश पर गोमांस तस्करों पर शिकंजा कसने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। कई तस्करों को पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार भी कर चुकी है। अब जहानाबाद क्षेत्र में मुठभेड़ हो गई। जहानाबाद पुलिस ग्राम परेवा के पास अमरिया नहर से मुड़सेना जाने वाले कच्चे रास्ते पर पुलिया के पास मंगलवार रात चेकिंग कर रही थी। इस दौरान बाइक सवार दो लोग मुड़सेना गांव की तरफ से आते दिखाई दिए।

# बुजुर्ग को डिजिटल अरेस्ट कर ठगे 20 लाख रुपये

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मुखानी थानाक्षेत्र से एक बड़ी साइबर ठगी का मामला सामने आया है। यहां रहने वाले एक 80 वर्षीय बुजुर्ग को साइबर क्रिमिनल ने उन्हीं के घर में डिजिटल अरेस्ट कर लिया। तीन दिन तक लगातार डिजिटली अरेस्ट कर जालसाजों ने उनसे 20 लाख रुपए अपने खाते में ट्रांसफर करा लिए। पीड़ित ने मामले में साइबर पुलिस थाना रुद्रपुर में अपनी शिकायत दर्ज कराई है।

नरसिंह बाड़ी बड़ी मुखानी पंचायतघर निवासी 80 वर्षीय धन सिंह बिष्ट पत्नी के साथ रहते हैं। इफ्को बरेली से सेवानिवृत्त धन सिंह की इकलौती बेटी बंग्लुरु में रहती है। उनकी मानें तो बीती 7 दिसंबर को उनके पास एक महिला का फोन आया, जिसने खुद दिल्ली क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताया। उसने कहा कि उनके नाम से दिल्ली में एक बैंक खाता है, जिसके जरिये बड़ा ट्रांसजेक्शन हो रहा है और ये बैंक खाता उन्हीं के आधार कार्ड से खोला गया। इसके बाद कभी उन्हें क्राइम ब्रांच तो कभी सीबीआई के फर्जी अधिकारी वीडियो कॉल करने लगे। उन्हें गिरफ्तारी का डर दिखा कर डिजिटली अरेस्ट कर लिया गया। जब यह सब हो रहा था, तब धन सिंह की पत्नी भी घर में थीं, लेकिन उनमें इतना खौफ भर दिया गया था कि वह पत्नी को भी कुछ बता नहीं सके।

8 दिसंबर को जालसाजों ने धन सिंह की एफडी तुड़वा दी और 9 तारीख को 20 लाख रुपए अपने खाते में ट्रांसफर कर लिए। जालसाजों ने यहां तक धमकाया था कि इस बात की भनक किसी को हुई तो उन्हें घर से गिरफ्तार किया जाएगा। मुखानी एसओ सुशील जोशी ने बताया कि मामला साइबर क्राइम पुलिस रुद्रपुर को ट्रांसफर कर दिया गया है।

# कार खाई में गिरी, दो पर्यटकों की मौत

संवाददाता, भवाली (नैनीताल)

**अमृत विचार:** रामगढ़ के गागर क्षेत्र में मंगलवार देर रात लगभग 11.30 बजे बड़ा सड़क हादसा हो गया। पर्यटकों की महिन्द्रा कार संख्या यूपी14 एफके 1616 अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में दो पर्यटकों की मौत हो गई, जबकि छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायल उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद के रहने वाले बताए गए हैं।

घटना की सूचना मिलते ही भवाली पुलिस तथा एसडीआरएफ मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से राहत व बचाव कार्य शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद खाई में गिरे सभी आठ लोगों को बाहर निकाला गया और तत्काल भवाली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने जांच के बाद सचिन (32) पुत्र विजेंद्र चौधरी और लक्षी (12) पुत्र विकास को मृत घोषित कर दिया। दोनों की मौत की खबर से परिजनों में शोक व्याप्त है। वहीं गंभीर रूप से घायल अन्य छह पर्यटकों नितिन (32), रुचि (39), निस्ता (14), शामा, कंचन (26) और लवे (11) को प्राथमिक उपचार के बाद हल्द्वानी स्थित सुशीला तिवारी अस्पताल रेफर कर दिया गया।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद बीसलपुर-पीलीभीत

पत्रांक: 340/न.पा.परि.बी./2025-26 **ई-निविदा सूचना** दिनांक 02.12.2025

नगर पालिका परिषद बीसलपुर द्वारा राज्य वित्त/पालिका निधि के अन्तर्गत निर्माण कार्य की लागत के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य विवरण निम्नवत् है:-

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत जी.एस.टी. सहित (लाख रू. में) | बिड सिक्योरिटी 2 प्रतिशत पूर्णांक में | निविदा मूल्य+18 प्रतिशत जी.एस.टी. | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | रामदुलारी पुलिया से छोटू के मकान तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 3892044.00 | 66000.00 | 4600.00 | 3 माह |
| 2. | टेलर की दुकान से महातिया बुक डिपों तक सी.सी. रोड का निर्माण कार्य। | 3831885.00 | 65000.00 | 4550.00 | 3 माह |
| 3. | जनता टैक्निकल इण्टर कॉलेज से बड़े हनुमान जी के मन्दिर तक सी.सी. रोड का निर्माण कार्य। | 1788827.00 | 30350.00 | 2150.00 | 3 माह |
| 4. | गाजी एयर कन्डीशनर से सुन्दरी ब्यूटी पार्लर तक सी.सी. रोड का निर्माण कार्य | 3745827.00 | 63500.00 | 4450.00 | 3 माह |

1. वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि 10.12.2025 को प्रात: 11:00 बजे से।
2. ई-निविदा के माध्यम से निविदा अपलोड के लिए अन्तिम तिथि/समय 15.12.2025 को अपरान्ह 05:00 बजे तक।
3. ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय 16.12.2025 प्रात: 10:00 बजे से।
4. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज-9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।
5. निविदा प्रपत्र शुल्क और 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि (जी.एस.टी. सहित) पालिका के आई.सी.आई.सी.आई. में खाता सं. 321005500073 IFSC-ICIC0003210 में आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. द्वारा हस्तान्तरित कर पावती की मूल प्रति स्कैन करके ई-निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगी।
6. अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट http//etender.up.nic.in पर लॉगइन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को अपलोड करें।
7. टेण्डर स्वीकृति होने के उपरान्त शेष 8 प्रतिशत धरोहर धनराशि नगर पालिका परिषद बीसलपुर के उपरोक्त खाते में आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. के द्वारा अथवा नियमानुसार एफ.डी.आर./एन.एस.सी. द्वारा जमा कर मूल प्रति जमा कर निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त तीन दिवस के अन्दर नगर पालिका परिषद बीसलपुर के कार्यालय में हार्डकॉपी के साथ जमा करनी होगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद बीसलपुर-पीलीभीत**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद बीसलपुर-पीलीभीत**


# हर भाजपा कार्यकर्ता को डिप्टी सीएम समझकर काम करें अफसर



कार्यकर्ताओं को संबोधित करते डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य बुधवार को भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय शाक्य की भतीजी की शादी में शामिल होने पहुंचे। इस दौरान कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। अधिकारियों से कहा कि हर भाजपा कार्यकर्ता को डिप्टी सीएम समझकर काम करें। जिसके बाद उन्होंने राजकीय मेडिकल का निरीक्षण किया। फिर शादी समारोह में शामिल होने के बाद बरेली रवाना हो गए।

कलेक्ट्रेट में विकास और कानून व्यवस्था संबंधी बैठक में अधिकारियों से गंभीरतापूर्वक व निष्ठा से काम करने को कहा, जिससे साल 2047 तक देश विकसित भारत बन जाएगा। प्रदेश भी विकास उत्तर प्रदेश होगा।

जिन विभागों से शिकायत प्राप्त हो, जांच के आदेश उसी अधिकारी को न दें। ऐसी कोई समस्या नहीं है जिसका निस्तारण व समाधान न किया जा सके। चकमार्ग और सरकारी जमीनों पर कब्जे की शिकायतें लखनऊ तक आती हैं। अधिकारी शिकायतों को गंभीरता से लें। इसे विशेष अभियान चलाकर निस्तारित कराएं। अमृत सरोवरों को जगमग किया जाए। सीमांकन कराने के आवेदनों की जानकारी ली। डीएम अवनीश राय ने बताया 90 दिन से पुराना कोई मामला लंबित नहीं है।

# बनभूलपुरा में हिंसा की आशंका पर 17 गिरफ्तार, 136 लोग पाबंद

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** पुलिस को आशंका थी कि सुप्रीम कोर्ट से फैसला आने के बाद हिंसा फैल सकती है, लोग विरोध कर सकते हैं या फिर कुछ लोग आमजन को भड़का सकते हैं। इसे देखते हुए पुलिस ने चिह्निकरण शुरू किया और बुधवार सुबह होते-होते 17 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। जबकि 136 लोगों को मुचलका पाबंद किया। हालांकि फैसले की तारीख एक बार फिर टल गई।

संभावित फैसले से पहले पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड पर थी। एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी खुद मैदान में उतरकर पुलिस बल को फ्रंट से लीड कर रहे थे। उनके निर्देश थे कि फैसले के बाद माहौल न बिगड़े। इसे देख संभावित उपद्रवियों पर शिकंजा कसते हुए पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्रवाई की। 17 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया, जबकि 136 व्यक्तियों के खिलाफ भारी धनराशि पर मुचलका पाबंद की कार्रवाई की गई।

जिले की सीमाओं पर सघन चेकिंग की गई। संवेदनशील क्षेत्रों में भारी पुलिस बल की तैनाती थी और संदिग्ध निगरानी में थे। बिना पहचान पत्र घूमने और अनावश्यक आवागमन पर सख्ती से पूछताछ की गई।



बाजार से बनभूलपुरा में जाने वाले रास्ते को बैरिकेडिंग लगाकर बंद कर दिया गया।

#### फिर टली सुनवाई, अब 16 को होगी

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** बनभूलपुरा क्षेत्र में रेलवे की भूमि पर अतिक्रमण के मामले में शीर्ष अदालत में बुधवार को सुनवाई नहीं हो पायी। अब इस मामले में सुनवाई के लिए 16 दिसंबर की तिथि तय की गयी है। बनभूलपुरा क्षेत्र में रेलवे की भूमि पर अतिक्रमण से संबंधित बहुचर्चित मामले में शीर्ष अदालत सुनवाई कर रही है है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायाधीश उज्जवल भूयानंद और न्यायमूर्ति एन. कोटेश्वर की तीन सदस्यीय पीठ सिविल अपील पर सुनवाई कर रही है। इस मामले में बुधवार को अंतिम सुनवाई होनी थी लेकिन अदालत सुनवाई नहीं कर पायी। अब इस मामले में 16 दिसंबर की तिथि तय है। बता दें कि वर्ष 2023 में उत्तराखंड हाईकोर्ट ने रेलवे की भूमि से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे। हाईकोर्ट के इस आदेश को अब्दुल मतीन सिद्दीकी ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। रेलवे की ओर से अतिक्रमित भूमि पर 4365 घरों को चिह्नित किया गया है।

### प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मिलेगी निःशुल्क कोचिंग

**देहरादून, अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में बुधवार को सचिवालय में संपन्न कैबिनेट की बैठक में 19 प्रस्तावों को मंजूरी दे दी गई। धामी बोले कि, राज्य के समग्र विकास, सुशासन एवं जनहित को सर्वोपरि रखते हुए कैबिनेट में बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण, युवाओं के भविष्य निर्माण, पर्यटन एवं शहरी विकास को प्रोत्साहन, विस्थापितों के पुनर्वास तथा प्रशासनिक सुधारों से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। प्रमुख सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम ने बताया कि राज्य विश्वविद्यालयों एवं शासकीय तथा अनुदानित महाविद्यालयों में उच्च शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्रों को, जो विभिन्न प्रकार की प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे सिविल सर्विसेज, रक्षा सेवाएं, बैंकिंग, रेलवे आदि के लिए निःशुल्क कोचिंग का लाभ मिलेगा।

**जनता दर्शन** | **मुख्यमंत्री ने फिर दोहराया- गंभीर बीमारियों में इलाज के लिए मिलेगी भरपूर आर्थिक मदद**

# घबराइए मत, हर समस्या का होगा प्रभावी समाधान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/गोरखपुर

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में बुधवार सुबह जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने समस्या लेकर आए लोगों से आत्मीयता से संवाद करते हुए कहा- घबराइए मत, हर समस्या का प्रभावी समाधान कराया जाएगा। जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने पास में मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पीड़ित व्यक्ति की समस्या पर संवेदनशीलता से ध्यान दें और उसका समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण व पारदर्शी निराकरण कराएं।

बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में आयोजित जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं। जनता दर्शन में कई लोग गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने उनसे कहा कि इलाज में धन की कमी बाधक नहीं होगी, सरकार भरपूर आर्थिक मदद देगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज में अस्पताल के इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द पूर्ण कराकर शासन में भेजें। मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से इलाज के लिए पर्याप्त राशि दी जाएगी।

गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान बुधवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गायों और गोवंश को गुड़-रोटी खिलाया। गोशाला में सीएम योगी के पहुंचने पर मोर भी उनके पास आए तो उन्हें दुलारा।


गोरखपुर : जनता दर्शन में आईं महिला फरियादियों की समस्या सुनते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

## न्यूज ब्रीफ

### सुप्रिया ने जीता संरा का पर्यावरण सम्मान

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) ने बुधवार को इस वर्ष के चैंपियंस ऑफ द अर्थ में भारतीय प्रशासनिक अधिकारी (आईएएस) सुप्रिया साहू का नाम शामिल किया। चैंपियंस ऑफ द अर्थ पर्यावरण के क्षेत्र में संयुक्त राष्ट्र का सर्वोच्च सम्मान है। तमिलनाडु सरकार के पर्यावरण विभाग में अतिरिक्त मुख्य सचिव साहू को भारत में प्रमुख पर्यावरणीय चुनौतियों पर उनके दीर्घकालिक कार्य के लिए इंस्पिरेशन एंड एक्शन श्रेणी में चयनित किया गया है। साहू को नैरोबी में एक कार्यक्रम में यह सम्मान प्रदान किया जाएगा।

### वनरक्षक पेपर लीक का आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस के विशेष अभियान दल (एसओजी) ने वनरक्षक परीक्षापत्र लीक प्रकरण में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। अतिरिक्त महानिदेशक (एसओजी) विशाल बंसल ने बताया कि 13 नवम्बर 2022 को हुई वनरक्षक भर्ती परीक्षा-2020 पेपर लीक मामले के मुख्य आरोपी और 50 हजार रुपये के ईनामी बदमाश जबरा राम जाट से गहन पूछताछ के आधार पर एसओजी ने आरोपी केडी डॉन को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपी खिलान सिंह उर्फ केडी डान भोपाल का रहने वाला है। खिलान सिंह भोपाल स्थित रुचि प्रिंटिंग प्रेस से जुड़ा था और बेल कंपनी में बाइंडिंग का काम करता था।

### हरियाणा में सरकारी डॉक्टर हड़ताल पर गए

**अंबाला।** हरियाणा में सरकारी डॉक्टरों ने संशोधित सुनिश्चित कैरियर प्रगति योजना के कार्यान्वयन सहित अपनी मांगें पूरी नहीं होने के विरोध में बुधवार को अपना विरोध प्रदर्शन तेज कर दिया और अपनी हड़ताल को अनिश्चित काल के लिए बढ़ा दिया। इस बीच, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने डॉक्टरों से तत्काल हड़ताल वापस लेने और अपनी ड्यूटी पर लौटने का आग्रह किया है ताकि आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो। सैनी ने चंडीगढ़ में कहा कि डॉक्टरों की चार प्रमुख मांगें हैं, जिनमें से तीन को सरकार पहले ही स्वीकार कर चुकी है।

### अजय गुप्ता को दिल्ली से गोवा लाया गया

**पणजी।** गोवा के बर्च बाय रोमियो लेन नाइटक्लब के सह-मालिकों में से एक अजय गुप्ता को बुधवार को ट्रॉजिट रिमांड पर दिल्ली से गोवा लाया गया। गोवा के इस नाइटक्लब में आग लगने से 25 लोगों की जान चली गई थी। एक अधिकारी ने बताया कि गोवा पुलिस गुप्ता को लेकर विमान से रात 9:45 बजे मनोहर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे, मोपा पहुंची फिर उसे आगे की जांच के लिए अंजुना पुलिस थाने ले जाया गया। इससे पहले दिन में जम्मू निवासी गुप्ता को दिल्ली में कोर्ट में पेश किया गया, जहां से गोवा पुलिस को उन्हें तटीय राज्य ले जाने के लिए 36 घंटे की ट्रांजिट रिमांड दी।

### मादक पदार्थ तस्करी में कारोबारी गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पंजाब के एक कारोबारी को मादक पदार्थ तस्करी के एक कथित मामले में धनशोधन रोधी कानून के तहत गिरफ्तार किया गया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को बताया कि अभिषेक कुमार को मंगलवार को हिरासत में लिया गया, जिसके बाद मोहाली की विशेष धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) अदालत ने उसे छह दिन के लिए पुलिस हिरासत में सौप दिया। ईडी का मामला पंजाब पुलिस की एक प्राथमिकी से जुड़ा हुआ है, जिसमें आरोप लगाया गया था कि दवा विक्रेताओं और थोक व्यापारियों के एक नेटवर्क द्वारा ट्रामाडोल और अल्प्राजोलम जैसी मन:प्रभावी गोलियों और कैप्सूल की बड़े पैमाने पर अंतरराज्यीय तस्करी की जा रही थी। ईडी ने कहा कि अभिषेक कुमार मन:प्रभावी गोलियों की बिक्री के से अवैध धन कमाने में शामिल पाया गया।

# मोदी पर न्यूक्लियर बटन के लिए भरोसा तो सीईसी समिति को लेकर क्यों नहीं

## चुनाव सुधारों पर लोस में चर्चा के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष में हुई नोकझोंक, वेणुगोपाल की टिप्पणी का भाजपा ने दिया जवाब

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त और निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति करने वाली चयन समिति से प्रधान न्यायाधीश को बाहर रखने पर बुधवार को सरकार को आड़े हाथ लिया, जिस पर भाजपा से रविशंकर प्रसाद ने कहा कि जब प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली सरकार पर न्यूक्लियर बटन का भरोसा किया जा सकता है, तो इन नियुक्तियों के समय ऐसा क्यों नहीं किया जा सकता।

चुनाव सुधारों पर लोकसभा में चर्चा में हिस्सा लेते हुए कांग्रेस के वेणुगोपाल ने दावा किया कि हाल के वर्षों में निर्वाचन आयोग की भूमिका पर सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने अपने एक आदेश में स्पष्ट किया था कि निष्पक्ष चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग का तटस्थ होना जरूरी है। सरकार ने इसके उलट किया और मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) एवं निर्वाचन आयुक्तों (ईसी) के चयन की समिति से प्रधान न्यायाधीश को बाहर कर दिया। कानून मंत्री को इस पर जवाब देना चाहिए।

इस पर पूर्व कानून मंत्री और भाजपा सांसद प्रसाद ने कहा कि जब प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली निर्वाचित सरकार पर न्यूक्लियर बटन का भरोसा किया जा सकता है, तो एक अच्छे सीईसी या ईसी को चुनते समय ऐसा क्यों नहीं किया जा सकता। जब संसद ने अपनी समझ से चयन समिति के संबंध में कानून पारित किया है, जिसमें प्रधान न्यायाधीश को शामिल नहीं किया गया है, तो न्यायपालिका को हर चीज़ में क्यों शामिल किया जाना चाहिए। प्रसाद ने दावा किया कि वेणुगोपाल भी इस बात से सहमत थे कि उच्चतम न्यायालय की पीठ द्वारा प्रस्तावित चयन समिति सिर्फ एक अंतरिम व्यवस्था थी। भाजपा नेता का न्यूक्लियर बटन से संकेत देश द्वारा अत्यंत असामान्य स्थिति में परमाणु हथियार चलाने की अनुमति देने के निर्णय से था।



शीतकालीन सत्र के दौरान लोसभा में भाषण देते भाजपा नेता रवि शंकर प्रसाद।

### याचिकाकर्ता वेणुगोपाल का सदन में बोलना ठीक नहीं

केसी वेणुगोपाल के एसआईआर मामले में उच्चतम न्यायालय में याचिकाकर्ता होने के बावजूद लोकसभा में इस मुद्दे पर टिप्पणी करने पर भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने आपत्ति जताई और आसन से विपक्षी सांसद के भाषण को रिकॉर्ड से हटाने का अनुरोध किया। भाजपा नेता ने आपत्ति जताई कि जब वेणुगोपाल ने स्वयं स्वीकार किया है कि वह एसआईआर के मामले में उच्चतम न्यायालय में याचिकाकर्ता हैं तो वह सदन में इस प्रक्रिया के खिलाफ टिप्पणी कैसे कर सकते हैं। प्रसाद ने कहा कि मेरे विचार से उन्हें यह विषय यहां उठाने का अधिकार नहीं है। पीठासीन सभापति कृष्णा प्रसाद तेन्नेटी ने कहा कि वह रिकॉर्ड देखेंगे और तदनुसार कार्रवई करेंगे। भाजपा सदस्य ने कांग्रेस और विपक्षी दलों के न्यायालय में याचिका दायर करने का जिक्र करते हुए कहा कि ये लोग हर चीज में न्यायालयों में जाते रहते हैं।

### प्रधानमंत्री ईवीएम नहीं, दिलों को हैक करते हैं : कंगना



**नई दिल्ली।** भाजपा सांसद कंगना रनौत ने वोट चोरी के आरोपों को लेकर बुधवार को कांग्रेस पर पलटवार करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ईवीएम 'हैक' नहीं करते, बल्कि वह लोगों के दिलों को 'हैक' करते हैं। उन्होंने चुनाव सुधार पर लोकसभा में चर्चा में भाग लेते हुए विपक्ष पर आरोप लगाया कि उसने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे को लेकर पिछले एक साल से सदन में हंगामा किया। भाजपा सांसद ने चर्चा में एक दिन पहले नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के दिए वक्तव्य का हवाला दिया और उन पर तंज कसा। रनौत ने यह भी कहा राहुल के भाषण के दौरान विपक्ष ने सदन में एक विदेशी महिला की तस्वीर प्रदर्शित कर यहां उसका मुद्दा बनाया, जबकि उन्होंने (महिला) सोशल मीडिया पर कई बार कहा है कि वह कभी भारत नहीं गई हैं और उनका हरियाणा से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया, लेकिन फिर भी इन लोगों ने बिना किसी सबूत के और बिना अनुमति के उनकी यहां तस्वीर उछाली...। उनका इशारा एक ब्राजीलियाई महिला की ओर था, जिनका नाम हरियाणा की मतदाता सूची में होने का नेता प्रतिपक्ष ने दावा किया था। भाजपा सांसद ने कहा कि सबसे पहले इस सदन की तरफ से उन महिला से मैं माफी मांगती हूं। आजकल व्यक्तित्व अधिकार (के हनन) का भी बहुत बड़ा अपराध होता है। उसके बावजूद उनका यहां फोटो इस्तेमाल किया गया। उन्होंने वोट चोरी के आरोपों पर कहा कि कांग्रेस के लोग शायद यह समझ नहीं पा रहे हैं कि प्रधानमंत्री ईवीएम हैक नहीं करते, बल्कि लोगों के दिलों को हैक करते हैं।

# भाजपा ने राहुल गांधी को बताया पर्यटन का नेता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भाजपा ने बुधवार को राहुल गांधी की विदेश यात्राओं को लेकर सवाल उठाए और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष से विदेश में अक्सर गुप्त यात्राएं करने की उनकी मजबूरी के बारे में पूछा। भाजपा ने कांग्रेस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विदेश यात्राओं के बारे में 'एक्स' पर की गई पोस्ट को लेकर भी तीखा हमला किया और कहा कि विपक्षी दल को विभिन्न देशों की उनकी आधिकारिक यात्राओं की तुलना गांधी की निजी विदेश यात्राओं के दौरान अजीब, अज्ञात, अदृश्य और संदिग्ध व्यक्तियों से हुई मुलाकातों से नहीं करनी चाहिए।

भाजपा के राज्यसभा सदस्य सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री की कर्तव्य पर आधिकारिक विदेश यात्रा" और गांधी जी की "छुट्टी पर विदेश यात्रा" में स्पष्ट अंतर है। त्रिवेदी ने आरोप लगाते हुए कहा कि राहुल गांधी जिस तरह से विदेश यात्रा करते हैं, उनके सुरक्षाकर्मियों को भी उनके ठिकाने का पता नहीं होता और कुछ समय बाद मीडिया में खबर आती है कि उन्हें फलां-फलां जगह पर देखा गया, लंगकावी में देखा गया। उन्होंने कहा कि मैं कांग्रेस से असली खेल के बारे में पूछना चाहता हूं। ऐसी विदेश यात्राओं के दौरान असल में क्या होता है?

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता तुहिन सिन्हा ने आरोप लगाया कि गांधी की आधिकारिक या अनौपचारिक यात्राओं का कार्यक्रम तब साझा नहीं किया जाता है जब वह विदेश जाते हैं। उन्होंने कांग्रेस नेता से यह भी पूछा कि वे देश से क्या छिपा रहे हैं। भाजपा मुख्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए सिन्हा ने गांधी को 'पर्यटन के नेता' और 'पार्टी करने वाला नेता करार दिया जो अगले सप्ताह उनकी छह दिवसीय जर्मनी यात्रा से पहले नेता प्रतिपक्ष (एलओपी) पर एक कटाक्ष था। भाजपा प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि देश में महत्वपूर्ण अवसरों को छोड़कर विदेश यात्राओं पर जाने के उनके तरीके से गांधी नेता प्रतिपक्ष नहीं लगते।

### राहुल की यात्रा पर सवाल क्यों: प्रियंका

भाजपा केसवाल पलटवार करते हुए कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री अपना आधा कामकाजी समय विदेश में बिताते हैं तो फिर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष की यात्रा पर सवाल क्यों उठाए जा रहे हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी 15 से 20 दिसंबर तक जर्मनी का दौरा करेंगे, जहां वह भारतीय प्रवासियों के साथ बातचीत के साथ ही जर्मन सरकार के कुछ मंत्रियों से भी मुलाकात करेंगे।

## आईसीसी दूसरे विभाग के कर्मी के खिलाफ कर सकती है सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि एक विभाग में गठित आईसीसी किसी दूसरे विभाग के कर्मचारी के खिलाफ पॉश अधिनियम के तहत यौन उत्पीड़न की शिकायत पर सुनवाई कर सकती है। पीठ ने कहा कि कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न रोकथाम और निवारण (पॉश) अधिनियम के प्रावधानों की गहन व्याख्या इसके उपचारात्मक सामाजिक कल्याण के उद्देश्य को कमजोर कर देगी क्योंकि इससे पीड़ित महिला के लिए बाधाएं उत्पन्न होंगी। पीठ ने कहा कि पॉश अधिनियम की धारा 11 में निहित वाक्यांश का यह अर्थ नहीं निकाला जा सकता कि प्रतिवादी के खिलाफ आईसीसी की कार्यवाही केवल प्रतिवादी के कार्यस्थल पर गठित आईसीसी के समक्ष ही शुरू की जा सकती है।

# पूर्व न्यायाधीशों ने कहा न्यायपालिका को बदनाम करने की कोशिश न करें

- पूर्व जजों ने की रोहिंग्याओं पर की गई टिप्पणी के लिए सीजेआई के खिलाफ अभियान की निंदा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पूर्व न्यायाधीशों के समूह ने रोहिंग्या प्रवासियों से संबंधित सुनवाई के दौरान भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत की हाल की टिप्पणियों के मद्देनजर उन्हें निशाना बनाकर चलाई जा रही सोची-समझी मुहिम की बुधवार को कड़ी आलोचना की। उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों के 44 सेवानिवृत्त न्यायाधीशों ने कहा कि न्यायपालिका को बदनाम करने या सीजेआई पर राजनीतिक मंशा थोपने के प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे संवैधानिक संस्थानों में जनता का विश्वास और न्यायालय की स्वतंत्रता कमजोर हो रही है।

पूर्व न्यायाधीशों ने 'उच्चतम न्यायालय का अनादर अस्वीकार्य है' शीर्षक वाले बयान में कहा कि न्यायिक कार्यवाही केवल निष्पक्ष और तर्कसंगत आलोचना के अधीन होनी चाहिए। हम जो देख रहे हैं वह सैद्धांतिक असहमति नहीं है, बल्कि एक सामान्य अदालती कार्यवाही को पूर्वाग्रह का कृत्य बताकर न्यायपालिका को बदनाम करने का प्रयास है।

पूर्व न्यायाधीशों ने कहा कि प्रधान न्यायाधीश पर सबसे बुनियादी कानूनी सवाल पूछने के लिए निशाना साधा जा रहा है। पूर्व न्यायाधीशों ने कहा कि आलोचकों ने पीठ की टिप्पणियों के एक महत्वपूर्ण हिस्से को भी नजरअंदाज कर दिया, जिसमें यह स्पष्ट किया गया था कि भारतीय धरती पर किसी भी व्यक्ति को, चाहे वह नागरिक हो या विदेशी नागरिक, यातना, गुमशुदगी या अमानवीय व्यवहार का शिकार नहीं बनाया जा सकता है। दो दिसंबर को प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने मानवाधिकार कार्यकर्ता रीता मनचंदा द्वारा दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर तीखी टिप्पणी की थी।

## अब सुबह कर सकेंगे चेंज ऑफ गार्ड समारोह का दीदार

**नई दिल्ली।** अब सुबह जल्दी उठने वाले लोग राष्ट्रपति भवन की भव्यता का पूरा नजारा देख सकते हैं, क्योंकि दिल्ली सरकार ने हर शनिवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित होने वाले चेंज ऑफ गार्ड समारोह के लिए सुबह के भ्रमण (मॉर्निंग टूर) की शुरुआत की है। चेंज ऑफ गार्ड से आशय निश्चित समय अंतराल पर तैनात गार्ड को बदलने से है।

पर्यटन विभाग ने प्रधानमंत्री संग्रहालय, भारत मंडपम और राष्ट्रीय युद्ध स्मारक सहित नए स्थलों को जोड़कर राष्ट्रीय राजधानी के प्रतिष्ठित स्थलों के अपने पर्यटन कार्यक्रमों को भी नया रूप दिया है। टूर सर्किट को दो सर्किट में विभाजित किया गया है। सुबह के सर्किट में दो अलग-अलग टूर होते हैं जबकि शाम के सर्किट में टूर होते हैं।

# कर्नाटक विस में घृणास्पद भाषण व घृणा अपराध रोकथाम बिल पेश

**बेलगावी, एजेंसी**

कर्नाटक सरकार ने बुधवार को राज्य विधानसभा में भाजपा के कड़े विरोध के बीच कर्नाटक घृणास्पद भाषण और घृणा अपराध (रोकथाम) विधेयक पेश किया, जिसमें एक लाख रुपये तक के जुर्माने और 10 साल तक की कैद का प्रावधान किया गया है। भाजपा ने आरोप लगाया कि इस कदम का उद्देश्य राजनीतिक विरोधियों की अभिव्यक्ति की आजादी को छीनना है।

राज्य मंत्रिमंडल ने चार दिसंबर को इस विधेयक को मंजूरी दी थी। कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने इस विधेयक को विधानसभा में पेश किया। विधेयक के अनुसार, किसी भी प्रकार का ऐसा व्यक्तव्य चाहे वह बोले गए शब्दों के माध्यम से हो, लिखित रूप में हो, इशारों या दृश्यमान प्रतीकों द्वारा हो, इलेक्ट्रॉनिक संचार के माध्यम से हो या किसी अन्य तरीके से जो सार्वजनिक रूप से किसी जीवित या मृत व्यक्ति, किसी वर्ग, समूह या समुदाय के प्रति चोट पहुंचाने, असहमति, शत्रुता, द्वेष या बुरे इरादे से दिया गया हो और किसी पक्षपाती हित की पूर्ति के उद्देश्य से हो, उसे घृणास्पद भाषण माना जाएगा।

### विधेयक सत्ताधारी दल की सनक: विपक्ष

कर्नाटक विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आर अशोक ने कहा कि यह विधेयक सत्ताधारी दल की सनक के अलावा और कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य अभिव्यक्ति की आजादी को छीनना है, खासकर राजनीतिक विरोधियों की। विधान परिषद में भाजपा के नेता और नेता प्रतिपक्ष चालवाड़ी नारायणस्वामी ने भी आरोप लगाया कि यह विधेयक विपक्ष को निशाना बनाने के लिए है। उन्होंने कहा कि यह मुख्य रूप से विपक्ष को निशाना बनाने के लिए है। हमारे पास ऐसे उदाहरण हैं कि जब हम शिकायत करते हैं, तो न तो प्राथमिकी दर्ज की जाती है, न ही गिरफ्तारी होती है।

# बिहार खेल हस्ती रवींद्रनाथ कुनार का 86 वर्ष की आयु में निधन

- कोलफील्ड क्षेत्रों में खेलों को बढ़ावा देने में आजीवन रहे समर्पित
- अमृत विचार के सीओओ पार्थो कुनार को पितृ शोक

**रांची, झारखंड**



बिहार की वयोवृद्ध खेल हस्ती रवींद्र नाथ कुनार, जिन्होंने धनबाद और हज़ारीबाग़ के कोलफील्ड क्षेत्रों में खेलों को बढ़ावा देने में अपना पूरा जीवन समर्पित किया, का सोमवार को 86 वर्ष की आयु में रांची में निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार थे और सोमवार दोपहर को दोबारा राज अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहाँ हृदय गति रुकने से उनका निधन हो गया।

कुनार, जिन्होंने अपने करियर का अधिकांश समय टाटा स्टील से जुड़े रहते हुए बिताया, क्रिकेट, बैडमिंटन और फुटबॉल के प्रति अपने जुनून के लिए बेहद सम्मानित थे। ये तीनों खेल उन्होंने समान निष्ठा और लगन से खेले। अपनी सरलता और हर पीढ़ी के खेल प्रेमियों से जुड़ने की क्षमता के कारण वे झारखंड और बिहार के खेल समुदाय में अत्यंत प्रिय व्यक्तित्व बन गए थे। उन्होंने रणजी ट्रॉफी व्यवस्था में सक्रिय भूमिका निभाई और सुनील गावस्कर, एकनाथ सोलकर और अजीत वाडेकर जैसे दिग्गज खिलाड़ियों को टीआईएससीओ के कोलफील्ड मैदानों तक लाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया, जिससे इस क्षेत्र की खेल संस्कृति और पहचान को नई ऊँचाइयां मिलीं।

कुनार अपने पीछे 75 वर्षीया पत्नी सबिता, जो उनके अंतिम समय में साथ थीं। दो बेटे पार्थो कुनार और अरिंदम कुनार, बहुएं स्वेता और सुनिति तथा पोते आदित्य और आयुष को छोड़ गए हैं। उनका निधन झारखंड और बिहार की खेल बिरादरी के लिए एक गहरी क्षति है।

## सुरक्षा का अभ्यास...



भारतीय नौसेना के हेलीकॉप्टरों ने बुधवार को मुंबई में गेटवे ऑफ इंडिया में नौसेना दिवस बीटिंग रिट्रीट और टैटू समारोह से पहले पूर्वाभ्यास के दौरान एक रेंगने वाला ऑपरेशन किया।

## दिल्ली दंगे : उमर व शरजील की जमानत पर फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने फरवरी 2020 में दिल्ली में हुए दंगों से संबंधित यूएपीए मामले में उमर खालिद, शरजील इमाम व अन्य आरोपियों की जमानत पर फैसला बुधवार को सुरक्षित रख लिया। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति एन.वी. अंजारिया की पीठ ने सॉलीसिटर जनरल तुषार मेहता, अतिरिक्त सॉलीसिटर जनरल एस.वी. राजू और अधिवक्ताओं कपिल सिब्बल, अभिषेक सिंघवी, सिद्धार्थ दवे, सलमान खुर्शीद और सिद्धार्थ लूथरा की दलीलें सुनीं। दिल्ली पुलिस ने जमानत याचिकाओं का कड़ा विरोध करते हुए कहा था कि फरवरी 2020 में दंगे अचानक नहीं हुए थे बल्कि पूर्व नियोजित तरीके से इन्हें अंजाम दिया गया था।

# लूथरा बंधुओं की जमानत पर सुनवाई आज

**नाइट क्लब अग्निकांड**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

गोवा के बर्च बाय रोमियो लेन नाइटक्लब के मालिक सौरभ और गौरव लूथरा बुधवार को दिल्ली की अदालत से अंतरिम राहत पाने में असफल रहे, जिसने उनकी ट्रांजिट अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई अगले दिन के लिए स्थगित कर दी। आरोपियों की ट्रांजिट अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई कर रहीं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश वंदना ने गोवा से जवाब मांगा और अगली सुनवाई बृहस्पतिवार के लिए तय की।

**गोवा पुलिस को अजय गुप्ता की 36 घंटे की ट्रांजिट रिमांड मिली :** दिल्ली की अदालत ने गोवा पुलिस को नाइट क्लब के सह मालिक अजय गुप्ता की 36 घंटे की ट्रांजिट रिमांड की अनुमति दे दी। गुप्ता को पूछताछ के लिए दिल्ली में हिरासत में लिया गया था। गोवा पुलिस ने गुप्ता को अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विनोद जोशी के समक्ष पेश किया और उनकी ट्रांजिट रिमांड मांगी। इंडिगो की उड़ानों में व्यवधान के कारण जारी हवाई यात्रा संकट को देखते हुए अदालत ने 36 घंटे की ट्रांजिट रिमांड मंजूर की।

### अग्नि सुरक्षा मानकों का पालन न करने वाले प्रतिष्ठानों का लाइसेंस रद्द होगा : सावंत

**पणजी।** गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने बुधवार को कहा कि अग्नि सुरक्षा मानकों का पालन न करने वाले पर्यटन प्रतिष्ठानों के लाइसेंस रद्द कर दिए जाएंगे। छह दिसंबर की रात एक नाइटक्लब में आग लगने से 25 लोगों की मौत के बाद सावंत ने उत्तर और दक्षिण गोवा जिला प्रशासन, पुलिस और पर्यटन से जुड़े हितधारकों के साथ उच्च-स्तरीय बैठक की। बैठक क्रिसमस और नए साल के उत्सवों से पहले कड़े सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने के लिए हुई। राज्य के पर्यटन मंत्री रोहन खुंटे भी बैठक में शामिल हुए। बैठक के बाद सावंत ने कहा कि सरकार द्वारा गठित अग्नि सुरक्षा ऑडिट समिति विभिन्न पर्यटन प्रतिष्ठानों का निरीक्षण करने पहुंच चुकी है और वह निरीक्षण पूरा होने पर रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

## वीर सावरकर पुरस्कार न लूंगा और न समारोह में जाउंगा : शशि थरूर

**नई दिल्ली।** शशि थरूर ने बुधवार को कहा कि वह वीर सावरकर के नाम पर दिए जाने वाले किसी भी पुरस्कार को स्वीकार नहीं करेंगे और न ही इससे संबंधित कार्यक्रम में शामिल होंगे। वहीं, कांग्रेस नेता के. मुरलीधरन ने थरूर से आग्रह किया कि वह सावरकर सम्मान को स्वीकार न करें। दावा किया सावरकर अंग्रेजों के सामने झुक गए थे। तिरुवनंतपुरम से सांसद थरूर ने कहा कि आयोजकों द्वारा पुरस्कार लेने पर मेरी सहमति के बिना मेरे नाम की घोषणा करना गैरजिम्मेदाराना है। कांग्रेस नेता के. मुरलीधरन ने कहा कि शशि थरूर को पुरस्कार नहीं लेना चाहिए।

**दावा** — देश के दस शहरों में स्कूली बच्चों पर किया गया सर्वेक्षण

# 12 वर्ष की उम्र से ही नशे की चपेट में आने का खतरा

- अध्ययनकर्ताओं ने जताई रोकथाम और हस्तक्षेप की आवश्यकता

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत के 10 शहरों के स्कूली छात्रों के एक सर्वेक्षण में पाया गया कि उनके 12 से 13 वर्ष की आयु के बीच ही नशीले पदार्थों की चपेट में आने का खतरा हो सकता है, जिससे पता चलता है कि माध्यमिक विद्यालय पहुंचने से पहले ही हस्तक्षेप की आवश्यकता है।

यहां स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के शोधकर्ताओं सहित अन्य अध्ययनकर्ताओं ने दिल्ली, बेंगलुरु और हैदराबाद सहित अन्य शहरों में स्थित शहरी सरकारी, शहरी



निजी और ग्रामीण विद्यालयों के आठवीं, नौवीं, 11वीं और 12वीं कक्षा के 5,900 से अधिक छात्रों से प्रश्न पूछे। प्रश्न मादक पदार्थों के सेवन की आवृत्ति और उस उम्र से संबंधित थे जब किसी प्रतिभागी ने तंबाकू, शराब, भांग या अन्य नशीले पदार्थों का सेवन शुरू किया था।

इस शोध के लेखकों ने नेशनल मेडिकल जर्नल ऑफ इंडिया में प्रकाशित अध्ययन में लिखा कि किसी भी प्रकार के मादक पदार्थों के सेवन की शुरुआत की उम्र 12.9 वर्ष (सीमा 11-14 वर्ष) पाई गई, जो अन्य भारतीय अध्ययनों के समान है और कई अन्य रिपोर्ट की तुलना में कम है। उन्होंने लिखा कि इससे पता चलता है कि 12 वर्ष और उससे कम उम्र में ही रोकथाम और हस्तक्षेप की आवश्यकता है।

### पंद्रह प्रतिशत ने नशा लेने की बात कही

अध्ययन में शामिल 15 प्रतिशत प्रतिभागियों ने कम से कम एक बार मादक पदार्थों का सेवन करने की बात स्वीकार की, जबकि 10 प्रतिशत ने पिछले एक वर्ष में मादक पदार्थों का सेवन करने की बात कही। अध्ययनकर्ताओं ने कहा कि पारिवारिक कलह भी अहम कारक था, जिसकी जानकारी लगभग एक-चौथाई प्रतिभागियों ने दी। उन्होंने बताया कि पारिवारिक कलह के माहौल में रह रहे किशोरों में मादक पदार्थों की चपेट में आने का संबंध पाया गया है।

# प्रथम सेमेस्टर के फार्म कल से भरे जाएंगे

## समर्थ पोर्टल पर समय से छात्र भर लें फार्म नहीं तो हो सकती है दिक्कत, तिथि बढ़ना मुश्किल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** आखिरकार लंबे समय बाद रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा फार्म भरने की तिथि तय कर दी है। छात्रों को निर्धारित समय में ही फार्म भरने होंगे, क्योंकि समर्थ पोर्टल पर बार-बार तिथि बढ़ना मुश्किल होगा। स्नातक और परास्नातक में इस साल प्रवेशित 80 हजार छात्रों की फार्म भरने में देरी की वजह से परीक्षा भी देरी से होगी।

परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों और विश्वविद्यालय परिसर के मुख्य परीक्षा वर्ष 2026 के स्नातक और स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा फार्म 12 दिसंबर से समर्थ पोर्टल mjpru.samarth.edu.in पर ऑनलाइन भरे जाएंगे। परीक्षा फार्म भरने की अंतिम तिथि 19 दिसंबर तय की गई है। छात्रों को 20 दिसंबर तक महाविद्यालय में फार्म जमा करने होंगे और महाविद्यालयों को भरे हुए फार्म 22 दिसंबर तक सत्यापित करने होंगे।

- **80 हजार छात्रों के फार्म न भरने की वजह से परीक्षा में हुई देरी**

इसके अलावा अनुदानित महाविद्यालयों में स्ववित्त पोषित योजना के अंतर्गत संचालित पाठ्यक्रम विषयों का लिया जाने वाला विकास शुल्क 500 रुपये समर्थ टीम ने ऑनलाइन लेने में असमर्थता जताई है। इसकी वजह से संबंधित अनुदानित महाविद्यालयों को शुल्क अपने छात्रों से एकत्र कर एक मुश्त ड्राफ्ट के माध्यम से विश्वविद्यालय में जमा करना होगा। फार्म सत्यापन के बाद परीक्षा आवेदन पत्रों की हार्ड कॉपी, सत्यापित सूची एवं विकास शुल्क का बैंक ड्राफ्ट 24 दिसंबर तक विश्वविद्यालय में जमा करना होगा।



# कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, खुटार, शाहजहांपुर

पत्रांक–सी–787/आंकिक/क्षे.पं./नि.का./नि.प्रकाशन/2025–26 दिनांक: 10 दिसम्बर 2025

**निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि विकास खण्ड खुटार, शाहजहांपुर द्वारा वित्तीय वर्ष 2025–26 में क्षेत्र पंचायत खुटार के अंतर्गत पंचम राज्य वित्त आयोग/15 वां केन्द्रीय वित्त आयोग (अनटाइड/टाइड फण्ड) के अन्तर्गत अधोलिखित विवरण के अनुसर कार्य कराये जाने प्रस्तावित है जिसके लिये सीलबन्द निविादयें दिनांक 12.12.2025 से दिनांक 26.12.2025 तक आमंत्रित की जाती है प्राप्त होने वाली निविदायें दिनांक 26.12.2025 को अपरान्ह 01:00 बजे अद्योहस्ताक्षरी द्वारा कार्यालय में गठित कमेटी के द्वारा खोली जायेगी। निविदा सम्बन्धी फार्म दिनांक 12.12.2025 से दिनांक 26.12.2025 को अपराहन 12:00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में रू. 500/– प्रति कार्य जमा कर कार्यालय से क्रय किया जा सकता है। निर्धारित दिनांक व समय के उपरान्त प्राप्त होने वाली निविदा स्वीकार नहीं होगी। निविदा के सम्बन्धित नियम व शर्ते विकास खण्ड पर निविदा प्रकाशन के उपरान्त किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम स्थल सहित | कार्य की लम्बाई | कार्य की प्राकलित लागत | निविदा मूल्य | प्रतिशत अर्नेस्ट मनी | कार्य प्रारम्भ होने से कार्य पूर्ण होने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. |
| | **(पंचम राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत स्वीकृत कार्य)** | | | | | |
| 1. | ग्राम रसवां कलां में पुवायां से (बड़ौदा ग्रामीण बैंक) बी.आर.सी. गेट तक इंटरलॉकिंग व नाली कार्य। | 80 मीटर | 842000 | 500 | 16840 | 4 माह |
| 2. | ग्राम खमरिया में राजू के मकान से गुरूद्वारे की ओर इंटरलॉकिंग कार्य। | 150 मीटर | 980000 | 500 | 19500 | 4 माह |
| 3. | ग्राम पंचायत गुरधिया में डालचन्द के घर से हीरालाल के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य। | 190 मीटर | 997000 | 500 | 19940 | 4 माह |
| 4. | ग्राम रसवां कलां में गोला बाईपास रोड से गुलहरनाथ मंदिर तक इंटरलॉकिंग रोड व नाली कार्य। | 140 मीटर | 99500 | 500 | 19820 | 4 माह |
| 5. | ग्राम पंचायत सहारू में जगदीश वर्मा के मकान से लुकटहा रोड तक खडंजा कार्य। | 300 मीटर | 683000 | 500 | 13660 | 4 माह |
| 6. | ग्राम हीरपुर में बलजीत सिंह के खेत से जसवंतनगर की ओर खडंजा कार्य। | 500 मीटर | 984000 | 500 | 19680 | 4 माह |
| 7. | ग्राम लालपुर में मैलानी रोड से पंचायत घर की ओर खडंजा कार्य। | 150 मीटर | 984000 | 500 | 19680 | 4 माह |
| 8. | ग्राम महोलिया वीरान में मड़हिमन में महिपाल के मकान से देवीस्थान तक खडंजा कार्य। | 350 मीटर | 798000 | 500 | 15960 | 4 माह |
| 9. | ग्राम सिमरा वीरान गौशाला के खडंजे से हरविन्दर सिंह के खेत तक खडंजा कार्य। | 500 मीटर | 984000 | 500 | 19680 | 4 माह |
| 10. | ग्राम मंडनपुर (सुजानपुर) में राधास्वामी के मोड से दिलबाग के घर की ओर खडंजा कार्य। | 500 मीटर | 784000 | 500 | 15680 | 4 माह |
| 11. | ग्राम पंचायत रामपुर कलां में डामर (माधौपुर) रोड से मुनीश बाबू के मकान तक इंटरलॉकिंग कार्य। | 130 मीटर | 650000 | 500 | 13000 | 4 माह |
| | **(15 वां केन्द्रीय वित्त आयोग के अन्तर्गत टाइड फण्ड से स्वीकृत)** | | | | | |
| 1. | सलनहां के प्राथमिक स्कूल में वॉटर कूलर की स्थापना कार्य। | 1 नग | 243000 | 500 | 4860 | 4 माह |
| 2. | पिपरिया भागवन्त के प्राथमिक स्कूल में वॉटर कूलर की स्थापना कार्य। | 1 नग | 243000 | 500 | 4860 | 4 माह |
| 3. | भटनौसा में दुर्गा मन्दिर पर वॉटर कूलर की स्थापना कार्य। | 1 नग | 243000 | 500 | 4860 | 4 माह |
| 4. | एस.एन. शुक्ला मैमोरियल हॉस्पिटल में वॉटर कूलर की स्थापना कार्य। | 1 नग | 243000 | 500 | 4860 | 4 माह |
| 5. | ग्राम लड़ती में मठोकर के पास वॉटर कूलर की स्थापना कार्य। | 1 नग | 243000 | 500 | 4860 | 4 माह |
| 6. | प्रतापपुर में शिव मन्दिर के पास वॉटर कूलर की स्थापना कार्य। | 1 नग | 243000 | 500 | 4860 | 4 माह |
| 7. | ग्राम पंचायत केसरपुर में गुरूद्वारा में वॉटर कूलर की स्थापना कार्य। | 1 नग | 243000 | 500 | 4860 | 4 माह |
| 8. | ग्राम पंचायत रौतापुर कलां में वाटॅर कूलर की स्थापना कार्य। | 1 नग | 243000 | 500 | 4860 | 4 माह |
| 9. | कैहमरिया में सत्तार खान के घर के पास वॉटर कूलर की स्थापना कार्य। | 1 नग | 243000 | 500 | 4860 | 4 माह |
| 10. | प्राथमिक विद्यालय सौफरी में वॉटर कूलर की स्थापना कार्य। | 1 नग | 243000 | 500 | 4860 | 4 माह |
| 11. | हरिपुर गुरूद्वारे के पास वॉटर कूलर की स्थापना कार्य। | 1 नग | 243000 | 500 | 4860 | 4 माह |
| 12. | बावन गंगा तालाब पर वॉटर कूलर की स्थापना कार्य। | 1 नग | 243000 | 500 | 4860 | 4 माह |
| 13. | नवदिया नवाजपुर में डॉ. राकेश बूथ अध्यक्ष के घर के पास वॉटर कूलर की स्थापना कार्य। | 1 नग | 243000 | 500 | 4860 | 4 माह |
| 14. | बी.आर.सी. कार्यालय खुटार से वॉटर कूलर की स्थापना कार्य। | 1 नग | 243000 | 500 | 4860 | 4 माह |
| 15. | गोल्डन फलावर स्कूल में वॉटर कूलर की स्थापना कार्य | 1 नग | 243000 | 500 | 4860 | 4 माह |
| 16. | तुलापुर में शिव मन्दिर पर वॉटर कूलर की स्थापना कार्य। | 1 नग | 243000 | 500 | 4860 | 4 माह |
| 17. | खानपुर टाह मास्तगिरी स्थान पर वॉटर कूलर की स्थापना कार्य। | 1 नग | 243000 | 500 | 4860 | 4 माह |
| 18. | सिमरिया में दुर्गा मन्दिर के पास वॉटर कूलर की स्थापना कार्य। | 1 नग | 243000 | 500 | 4860 | 4 माह |
| 19. | महेशपुर में दुर्गा मन्दिर के पास वॉटर कूलर की स्थापना कार्य। | 1 नग | 243000 | 500 | 4860 | 4 माह |
| 20. | टोडरपुर पंचवीर के स्थान पर वॉटर कूलर की स्थापना कार्य। | 1 नग | 243000 | 500 | 4860 | 4 माह |
| 21. | ग्राम टाह में बाजार के पास वॉटर कूलर की स्थापना कार्य। | 1 नग | 243000 | 500 | 4860 | 4 माह |
| 22. | ग्राम चमराबोझी के दुर्गा मन्दिर पर वॉटर कूलर की स्थापना कार्य। | 1 नग | 243000 | 500 | 4860 | 4 माह |
| 23. | नवदिया ओरीलाल में बाजार में वॉटर कूलर की स्थापना कार्य। | 1 नग | 243000 | 500 | 4860 | 4 माह |
| 24. | ग्राम पंचायत लक्ष्मीपुर में कोरों बाबा स्थान के पास वॉटर कूलर की स्थापना कार्य। | 1 नग | 243000 | 500 | 4860 | 4 माह |
| 25. | ग्राम मठोकर में वॉटर कूलर की स्थापना कार्य। | 1 नग | 243000 | 500 | 4860 | 4 माह |
| 26. | ग्राम पंचायत मोहनपुर में मेन चौराहे पर नन्हे वर्मा के मकान के पास वॉटर कूलर की स्थापना कार्य। | 1 नग | 243000 | 500 | 4860 | 4 माह |
| | **(15 वां केन्द्रीय वित्त आयोग के अन्तर्गत, अनटाइड फण्ड से स्वीकृत)** | | | | | |
| 1. | ग्राम पंचायत चांदपुर में हरद्वारी लाल शुक्ला के खेत से कल्लू पाण्डेय के खेत तक खडंजा निर्माण कार्य। | 485 मी. | 990000 | 500 | 19800 | 4 माह |
| 2. | ग्राम पंचायत महुआ पिमई में छेदालाल के खेत से रामकुमार के खेत तक खडंजा कार्य। | 485 मी. | 990000 | 500 | 19800 | 4 माह |
| 3. | ग्राम पंचायत लड़ती के मठोकर में महेन्द्र के मकान के पीछे से नीबूलाल के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य। | 187 मी. | 990000 | 500 | 19980 | 4 माह |
| 4. | ग्राम पंचायत टाह खुर्द कलां में खडंजा से गुरूमीत सिंह के फॉर्म पर इंटरलॉकिंग कार्य। | 50 मी. | 320000 | 500 | 6400 | 4 माह |
| 5. | ग्राम पंचायत मुरादपुर चौराहे से हिटौटा तक खडंजा कार्य। | 485 मी. | 990000 | 500 | 19800 | 4 माह |
| 6. | ग्राम पंचायत बिजौरा विजोरिया के महोलिया पक्के रोड से सुब्बा सिंह के खेत तक खडंजा कार्य। | 485 मी. | 990000 | 500 | 19800 | 4 माह |
| 7. | ग्राम पंचायत सिहुरा के ग्राम रामपुर में यादव जी के खेत से अजीत सिंह के खेत तक खडंजा निर्माण कार्य। | 485 मी. | 990000 | 500 | 19800 | 4 माह |
| 8. | ग्राम पंचायत टाह खुर्द कलां में लिंक रोड से अमरजीत सिंह के घर खडंजा कार्य। | 485 मी. | 990000 | 500 | 19800 | 4 माह |
| 9. | ग्राम पंचायत मलिका से मधु सिंह के घर से जरनैल सिंह के घर से गुरूमती सिंह के घर तक खडंजा कार्य। | 250 मी. | 555000 | 500 | 11100 | 4 माह |
| 10. | ग्राम पंचायत ढकना लहिया में कृष्णचरण के मकान से गुरू गोरखनाथ मन्दिर तक इंटरलॉकिंग कार्य। | 187 मी. | 999000 | 500 | 19980 | 4 माह |
| 11. | ग्राम पंचायत बेला में बालाजी मन्दिर से अवधेश मिश्रा के मकान तक दोनों तरफ नाली व इण्टरलॉकिंग कार्य। | 50 मी. | 320000 | 500 | 6400 | 4 माह |
| 12. | ग्राम पंचायत नवदिया मनकंठ में बाबू भग गोंडा से मन्दिर तक खडंजा मरम्मत कार्य। | 300 मी. | 590000 | 500 | 11800 | 4 माह |
| 13. | ग्राम पंचायत टाह खुर्द कलां में अमरजीत सिंह के मकान तक इण्टरलॉकिंग कार्य। | 50 मी. | 320000 | 500 | 6400 | 4 माह |
| 14. | ग्राम पंचायत खमरिया गदियाना में गुरूजीत सिंह के मकान से मनप्रीत सिंह के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य। | 187 मी. | 999000 | 500 | 19980 | 4 माह |
| 15. | ग्राम धनसिंहपुर में सम्पर्क मार्ग पर सुखदेव सिहं खडंजे में पवनदीप सिंह के मकान तक इंटरलॉकिंग कार्य। | 50 मी. | 320000 | 500 | 6400 | 4 माह |
| 16. | ग्राम पंचायत प्रतापपुर में भंवरपाल के घर से रामऔतार यादव के घर से तालाब तक नाला निर्माण कार्य। | 150 मी. | 495000 | 500 | 9900 | 4 माह |
| 17. | ग्राम पंचायत कुसुमा में मदनपाल के मकान से सूर्या अग्रवाल तक इण्टरलॉकिंग कार्य। | 80 मी. | 500000 | 500 | 5000 | 4 माह |
| 18. | ग्राम पंचायत रजमना में राधे मुखिया के खेत से विनोद मिश्रा के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 150 मी. | 857000 | 500 | 17140 | 4 माह |
| 19. | ग्राम पंचायत कोल्हूगाढ़ा में डामर रोड से महेश मिश्रा के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य। | 100 मी. | 62500 | 500 | 12420 | 4 माह |
| 20. | ग्राम पंचायत कोल्हूगाढ़ा के ग्राम तुलापुर में मन्दिर से पीपल व यज्ञशाला के पास इंटरलॉकिंग कार्य। | 30 मीटर | 305000 | 500 | 6120 | 4 माह |
| 21. | ग्राम पंचायत हरिहरपुर में पृथ्वीराज के घर से रामवीर के घर तक नाली निर्माण कार्य। | 200 मीटर | 55000 | 500 | 10200 | 4 माह |
| 22. | ग्राम पंचायत मोहनपुर में राजेश वर्मा के घर से बच्चू लाल दीक्षित के तिराहे तक नाली व इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य | 100 मीटर | 649000 | 500 | 12980 | 4 माह |
| 23. | ग्राम पंचायत रामपुर कलां में सिद्ध बाबा स्थान का सौन्दर्यकरण कार्य। | 1 नग | 817000 | 500 | 16340 | 4 माह |
| 24. | ग्राम पंचायत सिल्हुआ विद्यालय में मिड–डे–मिल टीन शेड का निर्माण कार्य। | 1 नग | 674000 | 500 | 13480 | 4 माह |
| 25. | ग्राम पंचायत मोहनपुर विद्यालय में मिड–डे–मिल शेड का निर्माण कार्य। | 1 नग | 654000 | 500 | 13080 | 4 माह |
| 26. | ग्राम पंचायत रूरा में सुरेन्द्र सिंह (मक्खन सिंह) के सामने से राज देवेन्द्र शर्मा (भोलू) के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य | 1 नग | 173000 | 500 | 3460 | 4 माह |
| 27. | विकास खण्ड परिसर में मन्दिर निर्माण कार्य। | 50 मीटर | 320000 | 500 | 6400 | 4 माह |

**नियम व शर्ते:**– 1. प्रत्येक निविदा के साथ 2 प्रतिशत धरोहर राशि की बैंक ड्राफ्ट/एन.एस.सी./एफ.डी.आर. खण्ड विकास अधिकारी खुटार शाहजहांपुर के पक्ष में बंन्धक करवाकर निविदा के साथ संलग्न किया जाना एवं निविदा खोले जाने के पूर्व मूल प्रति कार्यालय में प्रस्तुतक किया जाना अनिवार्य है। 2. जमानत की धनराशि निविदा की 10 प्रतिशत होगी जो निविदा स्वीकृत के उपरान्त सम्बन्धित ठेकेदार को अवशेष 8 प्रतिशत जमानत धनराशि का बैंक ड्राफ्ट/एन.एस.सी./एफ.डी.आर. खण्ड विकास अधिकारी खुटार शाहजहांपुर के पक्ष में बन्धक करवाकर कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा। जिसे कार्य पूर्ण होने के 06 माह बाद वापस कर दिया जायेगा। 3. पंजीकृत ठेकेदारों की ही निविदा मान्य होगी। 4. किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये अस्वीकृत/निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को होगा। 5. सशर्त निविदा/ओवर राईटिंग कटिंग निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। 6. एकल निविदा स्वत: निरस्त मानी जायेगी। 7. ठेकेदार को आयकर जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन, हैसियत प्रमाण पत्र, जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रदत्त चरित्र प्रमाण पत्र, श्रम विभाग का प्रमाण पत्र, कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र इसक अतिरिक्त कार्य प्रारम्भ से पूर्व व पूर्ति के पश्चात् स्थल चित्र दिया जाना जोगा। 8. कार्य गुणवत्ता के स्तर पर 4 माह में पूर्ण कराया जाना होगा तथा गुणवत्ता के सत्यापन के उपरान्त कार्य संतोषजनक पाये जाने पर तथा धन की उपलब्धता के आधार पर ही ठेकेदार को भुगतान किया जायेगा। 9. प्रत्येक निविदा के साथ 100/– के स्टाम्प पेपर अनुबन्ध पत्र निष्पादित करना होगा। 10. निविदादाता को प्रत्येक कार्य के लिए धनराशि रू. 10/– का स्टाम्प पेपर निष्पादित करना होगा। 11. निविदा से सम्बन्धित कोई भी विवाद मा. जनपद न्यायालय जनपद शाहजहांपुर के क्षेत्राधिकार में ही मान्य होगा। 12. समय–समय पर शासन द्वारा निर्गत आदेश/शर्त ठेकेदारों को मान्य होगी। 13. धनराशि उपलब्ध होने पर ही कार्य आदेश पारित किया जायेगा। 14. ब्लैक लिस्टेड तथा अन्य कारणों से बहिस्कृत ठेकेदारों की निविदा मान्य नहीं होगी। 15. निविदा खुलने की तिथि पर अवकाश होने पर निविदा अगले कार्यदिवस पर खोली जायेगी।

**खण्ड विकास अधिकारी**
**खुटार, शाहजहांपुर**

**मा. अध्यक्ष (प्रमुख)**
**क्षेत्र पंचायत खुटार, शाहजहांपुर**

खबरें www.amrit vichar.com पर भी पढ़ें

# प्रमुख स्थानों पर आज से जलेंगे अलाव

## नगर निगम ने ठंड से बचाव के लिए तैयार की कार्य योजना

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** शहर में मुसाफिरों और राहगीरों को ठंड से बचाव के लिए नगर निगम ने कार्य योजना तैयार कर ली है। शहर के प्रमुख स्थानों पर गुरुवार रात से अलाव जलवाए जाएंगे। 4 स्थानों पर अस्थाई रैन बसेरे भी बनाए जाएंगे। खास बात है कि रैन बसेरे में ठहरने वालों को गर्म पानी की भी सुविधा मिलेगी।

निगम अधिकारियों के अनुसार प्रेमनगर, हरुनगला, पटेल चौक, बदायूं रोड समेत सात स्थानों पर पहले से ही स्थाई रैन बसेरे बने हुए हैं। इसके साथ ही अब डेलापीर मंडी, सेटेलाइट बस स्टैंड, पुराना रोडवेज, चौपुला पुल के नीचे और रेलवे जंक्शन पर अस्थाई रैन बसेरे बनाए जाएंगे। वहीं जिला अस्पताल परिसर, सेटेलाइट बस स्टेशन, बरेली जंक्शन, पटेल चौक, चौकी चौराहा, सर्किट हाउस चौराहा समेत अन्य प्रमुख स्थानों पर अलाव जलवाने की तैयारी नगर निगम ने कर ली है। रैन बसेरे में बेड डलवाने के साथ ही गर्म गद्दे, दो-दो कंबल की व्यवस्था के साथ ही गर्म पानी भी उपलब्ध रहेगा।



बरेली जंक्शन के पास दोपहर 3 बजे छायी धुंध। ● अमृत विचार

### इटावा के बाद प्रदेश में बरेली रहा सबसे ठंडा

बरेली अमृत विचार : जिले के लोगों को ठंड से राहत नहीं मिल पा रही है। प्रदेश में सबसे ठंडे जिलों में रोज बरेली शामिल हो रहा है। बुधवार को भी इटावा के बाद बरेली सबसे ठंडा रहा। दिन में धुंध छायी रही। जिले में न्यूनतम तापमान सामान्य से 4.3 डिग्री सेल्सियस कम 6.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं अधिकतम तापमान सामान्य से 3.1 डिग्री सेल्सियस कम 21.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह भी बिजनौर के बाद प्रदेश में सबसे कम रहा।

## अवैध कब्जों और कम किराया देने वाली संपत्तियों का सर्वे शुरू

**बरेली ,अमृत विचार :** शहर में हुए बवाल के बाद नगर निगम सरकारी भूमि पर हुए अवैध कब्जों हटाने को लगातार अभियान चला रहा है। निगम को तमाम शिकायतें मिली हैं कि कुछ स्थानों पर तो कब्जा कर स्थायी निर्माण भी कर लिया गया है और कुछ पर भवन बनाकर कॉमर्शियल उपयोग किया जा रहा है। ऐसी संपत्तियों को कब्जा मुक्त करने के लिए निगम ने सर्वे शुरू कर दिया है। अधिकारियों के अनुसार इस सर्वे में यह भी साफ होगा कि शहर में ऐसी कितनी संपत्तियां है कि जहां व्यवसायिक गतिविधियां संचालित हो रही हैं और इसके बदले में कितना किराया मिल रहा है। रिपोर्ट के आधार पर अनियमितताओं की पहचान कर सूची बनाई जाएगी। वहीं बाजार दर पर किराया वसूलने को लेकर प्रस्ताव भी जल्द ही नगर निगम बोर्ड की बैठक में लाया जाएगा। नगर आयुक्त संजीव कुमार ने बताया कि सर्वे में पूरा रिकॉर्ड तैयार किया जाएगा। कब्जे भी हटाए जाएंगे।


### पूर्वोत्तर रेलवे

**खुली ई–निविदा सूचना**

**खुली ई–निविदा सूचना संख्या : SRDEE-TRD-IZN-2025-26-T23 Date - 08.12.2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु "खुली" ई–निविदा आमंत्रित करते है।

कार्य का नाम : इज्जतनगर डिवीजन के विभिन्न खंडो में आरजीएम साइडिंग की विद्युतीकरण से सम्बंधित कार्य। टेंडर रिफरेंश नं. SRDEE-TRD-IZN-2025-26-T23, कार्य का अनुमानित लागत रूपया में: 1,29,66,609.27, अमानत राशि/बिड सिक्यूरिटी: 2,14,800.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपया में : 00, निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 01.01.2026, 11:00, कार्य पुरा करने की अवधि : 18 माह ● खुली ई–निविदा दिनांक 01.01.2026 को 11:00 बजे तक जमा कर सकेंगे। ● पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

**वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी/ मुजाधि/विद्युत –205 इज्जतनगर**

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।



### कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
**बरेली वृत लो0नि0वि0, बरेली**

पत्रांक : 11757/453सी53सी0(ई0टेण्डर)–3/25 दिनांक: 03.12.2025

**ऑन–लाइन निविदा आमंत्रण सूचना**

1– महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बरेली वृत, लो0नि0वि0, बरेली के द्वारा निर्माण खण्ड–1, लो0नि0वि0, बरेली के कार्य क्षेत्र अंतर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार लो0नि0वि0 में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से प्रतिशत दरों पर ऑन लाईन ई निविदा दिनांक 12.12.2025 से दिनांक 25.12.2025 की मध्यान्ह 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 25.12.2025 को अपरान्ह 12.30 बजे ऑन–लाईन खोला जाना प्रस्तावित किया गया है:–

| क्र0 सं0. | कार्य का नाम | खण्ड का नाम | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | 05 वर्षीय अनुरक्षण की लागत (रू0 लाख) | कुल अनुमानित लागत (रू0 लाख | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (माह में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (निविदा शुल्क+ स्टेशनरी+ जी0एस0टी0) | ठेकेदारो की पात्रता श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1- | वित्तीय वर्ष 2025–26 में जनपद बरेली में फरीदपुर बीसलपुर मार्ग के किमी0 10 से ग्राम सिमरा केशवपुर में सी0बी0जी0 प्लाण्ट हेतु पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। (05 वर्षीय अनुरक्षण सहित) | निर्माण खण्ड–1, बरेली | 278.58 | 2.98 | 281.56 | 16.08 | 09 माह | 2725.00 | ए (मार्ग कार्य) |

2– निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग ऑन किया जा सकता है।

(राजीव अग्रवाल) अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड–1, लो0नि0वि0 बरेली

(प्रकाश चन्द्र) अधीक्षण अभियन्ता बरेली वृत, लो0नि0वि0 बरेली

**UP-242112 दिनांक 09.12.2025 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।**



### कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
**बरेली वृत लो0नि0वि0, बरेली**

पत्रांक : 11711/142सी0(ई0टेण्डर)–3/25 दिनांक: 02.12.2025

**ऑन–लाइन निविदा आमंत्रण सूचना**

1– महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बरेली वृत, लो0नि0वि0, बरेली के अंतर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार ऑन लाइन ई–निविदा दिनांक 12.12.2025 से दिनांक 25.12.2025 की अपरान्ह 12:30 बजे तक आमंत्रित कर दिनांक 25.12.2025 को अपरान्ह 12:30 बजे खोला जाना प्रस्तावित किया गया है:–

| क्र0 सं0. | कार्य का नाम | खण्ड का नाम | लागत | | | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (निविदा शुल्क+ स्टेशनरी+ जी0एस0टी0) (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदारो की पात्रता श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | 5 वर्ष अनुरक्षण की अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | कुल अनुमानित लागत (4+5) (रू0 लाख में) | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | जनपद शाहजहॉपुर (नि0ख0–1) की विधानसभा जलालाबाद के अन्तर्गत मुरादाबाद फर्रूखाबाद मार्ग (राज्य मार्ग सं0–43) का दो लेन विद पेव्ड शोल्डर के साथ चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य। | निर्माण खण्ड–1 लो0नि0वि0 शाहजहॉपुर | 10483.43 | 250.88 | 10734.31 | 107.35 | 2725.00 | 12 माह | ए (मार्ग कार्य हेतु) |

2– निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग ऑन किया जा सकता है।

(रथिन सिन्हा) अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड–1, लो0नि0वि0, शाहजहॉपुर

(प्रकाश चन्द्र) अधीक्षण अभियन्ता बरेली वृत, लो0नि0वि0 बरेली

**UP-242123 दिनांक 09.12.2025 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।**



### कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी उत्तर खीरी वन प्रभाग उपनिदेशक बफर जोन दुधवा टाइगर रिजर्व लखीमपुर खीरी

**अल्पकालीन ई–निविदा सूचना**

उत्तर खीरी वन प्रभाग/बफर जोन, दुधवा टाइगर रिजर्व लखीमपुर खीरी में उ0प्र0 कैम्पा योजना के अन्तर्गत वर्ष 2025–26 में ई–निविदा प्रणाली अन्तर्गत उत्तर खीरी वन प्रभाग/बफर जोन की भीरा रेंज के अन्तर्गत टाइप–2 आवास निर्माण कार्य हेतु एजेंसी की नियुक्ति के लिए प्रस्ताव :–

ई–निविदा की समय सारिणी

| क्र0सं0 | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | ई–निविदा के प्रकाशन की तिथि | 12.12.2025 | 10.00 |
| 2 | ऑनलाइन ई–निविदा प्रस्तुत करने की तिथि | 12.12.2025 | 11.00 |
| 3 | ऑनलाइन ई–निविदा जमा करने की समाप्ति तिथि | 17.12.2025 | 14.00 |
| 4 | ईएमडी और ई–निविदा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि (मूल में निम्नलिखित पते पर) | 17.12.2025 | 14.00 |
| 5 | तकनीकी ई–निविदा खोलने की तिथि | 17.12.2025 | 15.00 |
| 6 | पता | बिक्री, जमा करने और ई–निविदा खोलना निम्नलिखित पते पर होगा:– कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी उत्तर खीरी वन प्रभाग/बफर जोन, दुधवा टाइगर रिजर्व, लखीमपुर खीरी पिनकोड: 262701 Email: dcfkherinorth@gmail.com | |

यदि किसी अति आवश्यक कारण से ई–निविदा खोलने की नियत तिथि को कार्यालय बंद/अवकाश घोषित किया जाता है, तो ई–निविदा अगले कार्य दिवस को उसी समय या किसी अन्य दिन/समय पर, जैसा कि विभाग द्वारा सूचित किया जाता है, ई–निविदा खोली जाएँगी।

1. ई–निविदा फॉर्म का निर्धारित मूल्य रुपये 1000/–होगा और जीएसटी का 18 प्रतिशत रु. 180/–मात्र कुल धनराशि रु. 1180/–देय होगा। (उपरोक्त पते पर निर्धारित समय–सीमा के अन्दर मूल में जमा करना अनिवार्य होगा)
2. प्रत्येक निविदादाता द्वारा ईएमडी (अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट) के रूप में 25,000/– (मु0 पच्चीस हजार रूपये मात्र) की राशि प्रभागीय वनाधिकारी उत्तर खीरी वन प्रभाग, लखीमपुर खीरी के पक्ष में बैंक ड्राफ्ट/डिमाण्ड ड्राफ्ट/एफ0डी0आर0 के माध्यम से (उपरोक्त पते पर निर्धारित समय–सीमा के अन्दर मूल में जमा करना अनिवार्य होगा) जमा किया जाएगा।
3. ई–निविदाओं को आधिकारिक वेबसाइट पर निर्धारित समय के अन्दर अपलोड करना आवश्यक है।
4. ई–निविदा का विवरण एवं सम्पूर्ण मानक व शर्तें अपलोड किए गए नियम एवं शर्तों में अंकित है।
5. ई–निविदा समिति द्वारा खोली जाएंगी।
6. जिन निविदादाताओं की तकनीकी ई–निविदा मानकों पर आधारित होगी, उनकी ही वित्तीय ई–निविदा खोली जाएंगी।
7. प्रभागीय वनाधिकारी उत्तर खीरी वन प्रभाग, लखीमपुर खीरी को सभी ई–निविदाओं या किसी भी ई–निविदा को अस्वीकार करने और किसी भी ई–निविदा को स्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित होगा, जिसके लिए कोई कारण की आवश्यकता नहीं होगी। .
8. ई–निविदा के साथ संलग्न ई–निविदादाता/फर्म/कंपनी की कोई भी शर्त स्वीकार नहीं की जायेगी।

निविदा का विवरण 12.12.2025 से डाउनलोड/अपलोड किया जा सकता है और प्रपत्र डाउनलोड करने के लिए, ई–निविदा दस्तावेज की लागत प्रभागीय वनाधिकारी उत्तर खीरी वन प्रभाग, बफर जोन के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट/बैंक ड्राफ्ट के रूप में संलग्न की जानी चाहिए।

नोट: प्रभागीय वनाधिकारी उत्तर खीरी वन प्रभाग, बफर जोन कार्यालय/वन विभाग, उत्तर प्रदेश के नियंत्रण से अतिरिक्त निविदा प्राप्त करने में या किसी भी अधिनियम के लिए नुकसान/देरी के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। निविदा प्रपत्र के साथ निविदा दस्तावेज, शर्तें एवं तकनीकी विनिर्देश प्राप्त किये जायेंगे।

**UP-242122 दिनांक 09.12.2025 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।**

**ह0/– प्रभागीय वनाधिकारी उत्तर खीरी वन प्रभाग/बफर जोन, दु0टा0रि0, लखीमपुर–खीरी।**


## दो जोन में लकड़ी खरीद की प्रक्रिया पूरी

**बरेली :** नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने बताया कि प्रमुख स्थानों पर अलाव जलवाने की प्रक्रिया आरंभ की जा रही है। 10 दिन तक अलाव के लिए लकड़ी स्टोर में उपलब्ध है, वहीं जोन बार अलाव जलवाने की योजना है। दो जोन में अलाव के लिए लकड़ी खरीद की प्रक्रिया पूर्ण हो गई है। आगामी सप्ताह तक अन्य दो जोन की प्रकिया भी पूर्ण हो जाएगी।

## युवती को पीटा

**फतेहगंज पूर्वी :** क्षेत्र के बिलपुर गांव में मुन्नी देवी से मारपीट का मामला सामने आया है। मुन्नी बच्चे को दवाई दिलाकर घर लौट रही थी, तभी भीम और छोटू ने उसे गाली–गलौज कर पीटा। इस संबंध में पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।


### कार्यालय ग्राम पंचायत भवानीपुर वि.खं. निगोही - शाहजहांपुर

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भवानीपुर वि.खं. निगोही शाहजहांपुर में वित्तीय वर्ष 25–26 में मनरेगा से निम्न कार्य का निर्माण कराया जाना है। जिसे हेतु वंछित सामग्री की आवश्यकता है। अत: निम्नलिखित कार्य के सम्मुख अंकित सामग्री क्रय हेतु पंजीकृत फर्मो से दिनांक 11.12.2025 को अपरान्ह 2 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर निविदा आमंत्रित की जाती है। जो तद्दिनांक को अपरान्ह 3 बजे सम्बन्धित फर्म के प्रोपराइटर की उपस्थित में खोली जायेगी। निविदा फर्म किसी भी कार्यदिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। सबसे कम दर वाली निविदा को स्वीकृत किया जायेगा। कार्य का नाम:– ग्राम पंचायत भवानीपुर में कम्पोजिट विद्यालय में किचन शेड का निर्माण । सामग्री:– अव्वल ईट, सरिया, टीन, मौरंग, सीमेंट अन्य सामान)

**अंजू देवी** ग्राम प्रधान

**श्रवण कुमार शर्मा** ग्राम पंचायत अधिकारी



### कार्यालय ग्राम पंचायत कोहनी, वि.खं. बिथरी चैनपुर जिला बरेली

**निविदा सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मो व विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कोहनी में मनरेगा योजना के अन्तर्गत निम्न निर्माण कार्य हेतु स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो से निविदा आमंत्रित की जाती है, सामग्री विवरण निम्नवत् है:– ईट, बजरफुट, सरिया, सीमेन्ट, रेत व अन्य सामग्री जो प्राक्कलन में लिखित है:–

| क्र. | कार्य का नाम | अनु. लागत |
|---|---|---|
| 1. | इस्लाम खां के घर से आइये खां के घर तक सी.सी. व नाल निर्माण सी.सी. व नाली निर्माण | 174784/– |

सीलबंद निविदायें दिनांक 15.12.2025 को अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिनांक 15.12.2025 सायं 04:00 बजे निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी। कार्य हेतु सामग्री आपूर्ति आदि की सूचना किसी भी कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है।

**ग्राम प्रधान** **सचिव**



### कार्यालय ग्राम पंचायत मकरन्दपुर धाराजीत वि.खं. आलमपुर जाफराबाद जिला बरेली

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मकरन्दपुर धाराजीत में वर्ष 2025–2026 मनरेगा योजना के अंतर्गत कार्य कराए जाने हेतु कार्य सामग्री की आपूर्ति हेतु पंजीकृत एवं प्रतिष्ठित फर्मो के स्थाई फर्म जिनका आयकर/वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत हो, से मोहर बंद निविदा दिनांक 11.12.2025 से 18.12.2025 को अपरान्ह 12:00 बजे तक डाक द्वारा अथवा ग्राम पंचायत मकरन्दपुर धाराजीत के पंचायत कार्यालय में निविदा पेटिका में आमंत्रित की जाती है , प्राप्त हुई निविदा पंचायत कार्यालय में 18.12.2025 अपरान्ह 2:00 बजे खोली जायेगी।

| क्र. | कार्य का नाम | माप | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | मकरन्दपुर धाराजीत में अनिल के मकान से सीताराम के मकान तक सी.सी. व नाली निर्माण | 80X3 मी. | 325314 |

**मानकली** ग्राम प्रधान

**शशांक राय** सचिव

**प्रेमवीर** रोजगार सेवक



### किसान सहकारी चीनी मिल्स लि0, सम्पूर्णानगर, लखीमपुर–खीरी (उ0प्र0)

**अल्प–कालीन निविदा सूचना**

केवल अनुभवी ठेकेदारों से इस मिल समिति में अल्प-कालीन निविदा दिनांक 16.12.2025 तक तक आमंत्रित की जाती है।

| क्रम0 सं0 | कार्य का विवरण | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|
| 1 | Repair and Renovation of A.D. Block toilet | रू० 2000/- | रू० 118/- |
| 2 | Repair of apron and drain of molasses tank No-01,02,03 | रू० 3000/- | रू० 118/- |
| 3 | Construction of G.M. office in factory campus | रू० 10000/- | रू० 236/- |
| 4 | Providing and laying of Vitrified wall & floor tiles in Guest house | रू० 10000/- | रू० 236/- |
| 5 | Repair work of damage floor in Mill house | रू० 1000/- | रू० 118/- |

उक्त कार्यो की नियम व शर्ते निविदा प्रपत्र पर अंकित है निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में मिल में धरोहर धनराशि एवं निविदा प्रपत्र मूल्य जमा करने के उपरान्त मिल कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है तथा अधोहस्ताक्षरी को किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सर्व सुरक्षित होगा।

**प्रधान प्रबन्धक**



### कार्यालय बरेली विकास प्राधिकरण, बरेली

**विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री विजय किशोर खेतान पुत्र श्री नत्थी लाल खेतान निवासी- 245 ए/3 मॉडल टाउन, बरेली द्वारा निर्माण स्थल–भूखण्ड संख्या- पी5–6 (क्षे.- 446.25 वर्गमी.) व पी5–7 (क्षे.–446.25 वर्गमी.) कुल क्षेत्रफल–892.50 वर्गमी. दीन दयाल पुरम बरेली पर कराये गये हॉस्पिटल (Upto 50 Bed) के प्रशमन हेतु आवेदन किया गया है। प्रश्नगत स्थल के सम्मुख 45 मीटर चौड़ा मार्ग विद्यमान है तथा स्थल का भू–उपयोग आवासीय है। उत्तर प्रदेश के विकास प्राधिकरणों हेतु मॉडल भवन निर्माण एवं विकास उपविधि तथा मॉडल जोनिंग रेगुलेशन्स 2025 के प्रस्तर–15.3.2 प्रमुख भू–उपयोग जोन्स में क्रियाओं की अनुमन्यता हेतु मैट्रिक्टस के क्रम संख्या- 5.7 के अन्तर्गत "हॉस्पिटल" (Upto 50 Bed) क्रिया आवासीय क्षेत्र में न्यूनतम 12 मीटर चौड़े मार्ग पर अनुमन्य है। आदर्श मॉडल जोनिंग रेगुलेशन्स–2025 के प्रस्तर–15.1.3 के बिन्दु संख्या- (IV) में उल्लेख है कि महायोजना भू–उपयोग अथवा अनुमोदित ले–आउट में परिभाषित भू–उपयोग के अतिरिक्त अन्य क्रियाओं की अनुज्ञा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार जनता से आपत्ति/सुझाव आमंत्रित किये जाने का प्राविधान है। उक्त के सम्बन्ध में जन–सामान्य को कोई आपत्ति/सुझाव देने है, तो विज्ञप्ति प्रकाशन की तिथि से एक माह के अन्दर अपने आपत्ति/सुझाव प्राधिकरण कार्यालय में वाद लिपिक श्री महेन्द्र पाल सिंह को प्राप्त करा सकते है। प्राप्त सुझावों/आपत्तियों के निस्तारण के उपरान्त ही स्वीकृति/अस्वीकृति पर विचार किया जायेगा।

**उपाध्यक्ष बरेली विकास प्राधिकरण, बरेली**



### कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
**बरेली वृत लो0नि0वि0, बरेली**

पत्रांक : 11798/141सी0(ई0टेण्डर)–3/25 दिनांक: 03.12.2025

**ऑन–लाइन निविदा आमंत्रण सूचना**

1– महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बरेली वृत, लो0नि0वि0, बरेली के अंतर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार ऑन लाइन ई–निविदा दिनांक 12.12.2025 से दिनांक 25.12.2025 की अपरान्ह 12:00 बजे तक आमंत्रित कर दिनांक 25.12.2025 को ही अपरान्ह 12.30 बजे खोला जाना प्रस्तावित किया गया है:–

| क्र0 सं0. | कार्य का नाम | खण्ड का नाम | लागत | | | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (निविदा शुल्क+ स्टेशनरी+ जी0एस0टी0) (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदारो की पात्रता श्रेणी (मार्ग कार्य हेतु) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | सिविल कार्य की लागत (रू0 लाख में) | 05 वर्ष अनुरक्षण की लागत (रू० लाख में) | कुल लागत (4+5) (रू० लाख में) | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | बैकुण्ठापुर सम्पर्क मार्ग के नवनिर्माण का कार्य। | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, शाहजहांपुर | 146.10 | 10.60 | 156.70 | 9.84 | 2725.00 | 12 माह | 'ए' 'बी' (मार्ग कार्य) |

2– निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग ऑन किया जा सकता है।

(महेन्द्र कुमार पाल) अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,शाहजहांपुर

(प्रकाश चन्द्र) अधीक्षण अभियन्ता बरेली वृत, लो0नि0वि0,बरेली

**UP-242119 दिनांक 09.12.2025 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।**



### कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, शाहजहांपुर

पत्रांक: सी–1845/जिकाअ/स्था.–आ.बा./2025–26 दिनांक: 10 दिसम्बर 2025

**विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद शाहजहांपुर में पूर्व विज्ञाप्ति पदों में नगरीय/ग्रामीण परिक्षेत्रों में आगनबाड़ी कार्यकत्री के रिक्त रह गये पदों पर शासनादेश संख्या–1/1092246/2005/3013/58–1–2025(1917687)दिनांक 17 सितम्बर 2025 में वर्णित व्यवस्थानुसार मानदेय आधारित नियुक्ति हेतु सीधी भर्ती प्रक्रिया के तहत पात्र एवं इच्छुक महिला अभ्यर्थियों से विभागीय वेबसाईट http://upanganwadibharti.in पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। रिक्त पदों का परियोजनावार विवरण निम्नवत् है–

**परियोजनावार आंगनबाड़ी कार्यकत्री के रिक्त पदों का विवरण**

| क्र. | परियोजना का नाम | ग्रामीण/नगरीय क्षेत्र | आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3. | 4. |
| 1 | शहर | नगरीय | 10 |
| 2 | मदनापुर | ग्रामीण | 5 |
| 3 | जैतीपुर | ग्रामीण | 2 |
| 4 | जलालालाबाद | ग्रामीण | 2 |
| 5 | पुवायां | ग्रामीण/नगरीय | 5 |
| 6 | कलान | ग्रामीण | 2 |
| 7 | खुटार | ग्रामीण | 3 |

उपरोक्त रिक्त पदों का ग्रामसभा/वार्डवार/आरक्षणवार विवरण आंगनबाड़ी भर्ती पोर्टल विभागीय वेबसाइट (http://upanganwadibharti.in) पर उपलब्ध है। उक्त विज्ञप्ति जनपद के कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी कार्यालय, विकास भवन, तहसील एवं विकास खण्ड इत्यादि कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी चस्पा है।

**विज्ञापित पदों की अर्हता एवं आवेदन पत्र भरने हेतु विशेष निर्देश:–**

1. विज्ञापित पदों हेतु केवल महिला अभ्यर्थी ही पात्र होगें।
2. रिक्त पदों (आंगनबाड़ी कार्यकत्री) हेतु न्यूनतम शौक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट एवं उसके समकक्ष होगी। मेरिट का निर्धारण शासनादेशानुसार इण्टरमीडिएट से परास्नातक तक की योग्यता के आधार पर किया जायेगा।
3. निवास एवं जाति के सम्बन्ध में सम्बन्धित तहसील से निर्गत प्रमाण–पत्र ही मान्य होगें, जिनका सत्यापन ऑनलाइन किया जा सके।
4. आय प्रमाण पत्र के सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश शासन के पत्र संख्या–3959/1–9–11–राज0–9 दिनांक 30.09.2011 के क्रम में सम्बन्धित तहसील के सक्षम स्तर से निर्गत आय प्रमाण–पत्र ही मान्य होगें, जिनका ऑनलाइन सत्यापन किया जा सके।
5. आवेदिका की आयु हेतु निर्धारित कट ऑफ तिथि 01.07.2025 को न्यूनतम 18 वर्ष तथा अधिकतम 35 वर्ष होनी चाहिए। आयु के सम्बन्ध में हाईस्कूल अंकपत्र/प्रमाण पत्र में अंकित जन्मतिथि ही मान्य होगा।
6. चयन में सम्बन्धित ग्राम सभा/वार्ड (नगरीय क्षेत्रों में) की निवासी गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार की सर्वप्रथम विधवा तत्प चात् तलाक ुदा/परित्यक्ता महिला को वरीयता दी जायेंगी।
7. विधवा हेतु सम्बन्धित ग्राम पंचायत अधिकारी/नगर निकाय द्वारा निर्गत मृत्यु प्रमाण–पत्र अथवा परिवार पंजिका की प्रमाणित नकल मान्य होगी तथा तलाकशुदा/परित्यक्ता के सम्बन्ध में माननीय सक्षम न्यायालय द्वारा निर्गत विधिक आदेश मान्य होगा।
8. गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार की महिला अभ्यर्थी न मिलने पर उसी ग्राम सभा/वार्ड (नगरीय क्षेत्रों में) की निवासी गरीबी रेखा से ऊपर की विधवा तत्पश्चात् तलाकशुदा/परित्यक्ता महिला को वरीयता दी जायेंगी।
9. **आवेदन पत्र विभागीय वेबसाइट** http://upanganwadibharti.in **पर उपलब्ध है, जिन पर ही आवेदिका द्वारा अपने विवरण सही–सही सावधानी पूर्वक भरे जायेंगे।**
10. **आवेदिका द्वारा अभिलेखों की स्वहस्ताक्षरित प्रति, जो स्वच्छ व सहज पठनीय हो, अपलोड की जायेंगी, जिनका उल्लेख उनके द्वारा ऑनलाइन आवेदन में भी किया जायेगा। कोई भी आवेदन या अभिलेख/प्रपत्र ऑफलाइन या डाक द्वारा मान्य नहीं होंगे।**
11. **आवेदन पत्र भरने में पूर्ण सावधानी बरती जाये, विभिन्न प्रमाण–पत्रों में अंकित संख्या, जन्मतिथि, शैक्षिक अंक तथा प्रतिशत अनिवार्य रुप से प्रमाण–पत्र में दर्ज विवरण से मिलान करते हुए अंकन किया जाये।**
12. यदि आवेदन करने में कोई त्रुटि होती है या कोई तथ्य/आंकड़े/ शैक्षिक अभिलेखों के प्राप्तांक/पूर्णांक गलत या कूटरचित पाये जायेंगे तो अभ्यर्थन निरस्त होने का समस्त उत्तरदायित्व अभ्यर्थी का होगा।
13. एक आंगनबाड़ी केन्द्र पर एक ही परिवार की दो महिलाओं की नियुक्ति आंगनबाड़ी कार्यकत्री/सहायिका पद पर नहीं की जायेंगी।
14. आवेदककर्ता द्वारा आवदेन करते समय, उस केन्द्र का नाम आवेदन में अव य अंकित/चयनित करना अनिवार्य है, जिस केन्द्र हेतु वह आवेदन कर रही है।
15. **आवदेनकर्ता आवेदन को भली–भांति पढ़ने के उपरान्त ही** Submit**करें। आवेदन भरने में हुयी त्रुटि के फलस्वरुप आवेदन निरस्त कर दिये जाने हेतु अभ्यर्थी स्वंय उत्तरदायी होगा।**
16. विज्ञापित पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 31.12.2025 की मध्य रात्रि 12:00 बजे तक होगी।

**जिला कार्यक्रम अधिकारी जनपद–शाहजहांपुर**

# अमृत विचार

गुरुवार, 11 दिसंबर 2025




कलियुग में रहना है या सतयुग में, यह तो स्वयं चुनो,
तुम्हारा युग तुम्हारे पास है।
-विनोबा भावे, संत



## जनापेक्षा की अभिव्यक्ति

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह कथन कि 'व्यवस्था को दुरुस्त करने की प्रक्रिया में जनता को परेशानी नहीं होनी चाहिए'- दरअसल आम नागरिक की अपेक्षाओं की सच्ची अभिव्यक्ति है। सुधारों की गति तेज तो हुई है, परंतु कई सुधारों ने नागरिकों पर अतिरिक्त बोझ और असुविधा भी थोपी है। ऐसे में प्रधानमंत्री की यह स्वीकारोक्ति शासन की संवेदनशीलता और नागरिक-केंद्रित प्रशासन के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का साफ संकेत है। सिस्टम में सुधार के नाम पर जनता को परेशान नहीं करना, एक व्यवहारिक दृष्टिकोण है, पर इसे लागू करना आसान नहीं है।

भारतीय प्रशासनिक ढांचा अभी भी जटिल प्रक्रियाओं, फाइल संस्कृति और 'अनावश्यक अनुपालन' से आबद्ध है। इस कथन को लागू करने के लिए सबसे पहले सरकारी मशीनरी की मानसिकता बदलनी होगी, जहां सुधार का अर्थ सिर्फ सख्ती नहीं, बल्कि दक्षता, पारदर्शिता और सहूलियत के रूप में समझा जाए। प्रधानमंत्री की चाहत है 'पेनलेस सर्जरी।' यानी विसंगतियों से राहत बिना दर्द के, पर वास्तविकता यह है कि प्रशासनिक सुधार अक्सर दो स्तरों पर दर्द पैदा करते हैं- एक, नागरिकों के लिए प्रक्रियागत बोझ, दूसरा सरकारी तंत्र के लिए पुरानी आदतें बदलने की चुनौती। यदि सरकार इन दोनों मोर्चों पर समन्वय बिठा सके, तभी यह 'दर्द रहित' शल्य चिकित्सा संभव होगी। कानून का उद्देश्य भय पैदा करना नहीं, नागरिकों को सुरक्षा देना है। यदि इसी भावना के साथ बिना राजनीतिक पक्षपात और बिना जन-दुःख के नियम कानून लागू हों, तो निश्चित ही यह टिप्पणी व्यवस्था को अधिक मानवीय बनाने की दिशा में संकेत देती है। प्रधानमंत्री ने बार-बार डेटा जमा करने की बाध्यता को खत्म करने की बात कही है। डिजिटल भारत के इस दौर में यह पूर्णतः संभव है, क्योंकि आधार, पैन, बैंक केवाईसी और विभिन्न सरकारी डेटाबेस पहले से ही नागरिकों की अधिकांश जानकारी को केंद्रीकृत रूप से उपलब्ध कराते हैं। फिर भी एसआईआर जैसे सरकारी उपक्रमों में बार-बार वही कागज़ात मांगे जाना बताता है कि डिजिटल ढांचा भले विकसित हो गया हो, पर सरकारी तंत्र की प्रक्रियाएं अभी डिजिटल सोच को आत्मसात नहीं कर पाई हैं। इस संस्कृति में सुधार के बिना इन घोषणाओं का असर सीमित रहेगा। सरकार द्वारा सेल्फ-सर्टिफिकेशन को स्वीकार करने के बावजूद कई विभाग अब भी कागजी सत्यापन और अनावश्यक औपचारिकताएं जारी रखे हैं। इससे साफ है कि जमीनी स्तर पर अनुपालन तंत्र अभी मानसिक रूप से इसके लिए तैयार नहीं।

ईज ऑफ डूइंग बिज़नेस और ईज ऑफ लिविंग के क्षेत्र में कुछ महत्वपूर्ण प्रगति जरूर हुई है। ऑनलाइन सेवाएं बढ़ीं, पासपोर्ट-ड्राइविंग लाइसेंस जैसी सेवाएं सरल हुईं, कई अनुमतियों को स्वचालित किया गया, लेकिन नागरिकों को आज भी टैक्स, नगर निकाय, राजस्व विभाग, पुलिस सत्यापन और कल्याण योजनाओं में अनावश्यक चक्कर लगाने पड़ते हैं। प्रधानमंत्री की यह घोषणा तभी सार्थक होगी जब सभी विभागों में 'वन-टाइम डेटा सबमिशन' प्रणाली लागू हो। कागजी फाइलों की जगह डिजिटल फार्म लें और कानून प्रवर्तन पारदर्शी तथा मानवीय हो।

### प्रसंगवश

## राष्ट्रीय पहचान का प्रतीक है वंदेमातरम

'वंदे मातरम' भारत की भारतीयता और राष्ट्रीय पहचान का एक शक्तिशाली प्रतीक है, जो मातृभूमि के प्रति भक्ति, एकता, स्वतंत्रता संग्राम की भावना और सांस्कृतिक गौरव को दर्शाता है। यह एक ऐतिहासिक गीत है और यह हर भारतीय के दिल में राष्ट्र प्रेम का गहरा भाव जगाता है, जो भारत के स्वर्णिम भविष्य का आह्वान भी करता है। 'वंदे मातरम्' भारतीय संस्कृति और राष्ट्रवाद का सार है, जो मातृभूमि के प्रति असीम प्रेम, सांस्कृतिक गौरव और एकता की भावना को दर्शाता है, जिसे बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ने रचा और यह स्वतंत्रता आंदोलन का एक शक्तिशाली मंत्र बन गया, जो हर भारतीय के हृदय में देशभक्ति का 'रस' भरता है। यह गीत भारत की भूमि, उसकी सुंदरता (सुजलां सुफलां) और शक्ति का वर्णन करता है, जिसे राष्ट्रीय गान 'जन गण मन' के समान सम्मान प्राप्त है और यह भारत की आत्मा का प्रतीक है।




प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आम्बेडकर पीठ एचपीयू, शिमला


यह सिर्फ एक गीत नहीं, बल्कि सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की पहली उद्घोषणा है, जिसने भारत को एक भू-सांस्कृतिक राष्ट्र के रूप में परिभाषित किया। इसने स्वतंत्रता सेनानियों को प्रेरित किया और आज भी 'विकसित भारत' के संकल्प में प्रेरणा देता है। यह मातृभूमि को शक्ति, दिव्यता और समृद्धि का प्रतीक मानता है, जिसमें चंदन सी शीतलता और सुस्वादु फल है। यह भारत की एकता, अखंडता और गौरव का प्रतीक है, जो हर भारतीय में गर्व और समर्पण का भाव जगाता है।

इस गीत ने प्रतिरोध की भावना को जागृत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इन दो शब्दों के उच्चारण मात्र से ही असंख्य भारतीयों के हृदय में हलचल मच गई, जिससे लाखों लोग राष्ट्र के स्वतंत्रता संग्राम में शामिल होने और हज़ारों लोगों को अपने प्राणों की आहुति देने के लिए प्रेरित हुए। यद्यपि 'जन गण मन' राष्ट्रगान है, फिर भी 'वंदे मातरम' ने लोगों के हृदय में अधिक गहराई से जगह बनाई। 'वंदे मातरम' केवल मातृभूमि के प्रति अभिवादन का प्रतीक नहीं है, बल्कि राष्ट्र के प्रति त्याग, साहस और सर्वोच्च प्रेम की भावना का भी प्रतीक है। इसके अमूल्य योगदान को स्वीकार करते हुए, 24 जनवरी 1950 को संविधान सभा ने 'वंदे मातरम' को राष्ट्रगान के समान दर्जा दिया। अलगाववादियों ने इसे बंगाल का गीत बताया, जबकि बंकिमचंद्र ने खुद स्पष्ट किया था कि माता बंगाल नहीं, भारत है। बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ने 1882 में आनंदमठ का दूसरा संस्करण प्रकाशित करते समय प्रस्तावना में लिखा, 'यह समस्त भारतवर्ष की माता के लिए लिखा गया है।' (स्रोतः आनंदमठ, 1882 संस्करण, पृष्ठ 4-5)

बंकिम ने 'सप्तकोटि' काव्य अलंकार के लिए लिखा, जैसे वेदों में सहस्रशीर्ष लिखा जाता है, न कि सटीक गिनती के लिए)। श्री अरविंद ने 1907 में लिखा था, 'बंकिम ने बंगाल को भारत का प्रतीक बनाया है। जिस तरह गीता में कृष्ण अर्जुन के माध्यम से समस्त मानवता को उपदेश देते हैं, उसी तरह बंकिम ने बंगाल के माध्यम से समस्त भारत को जागृत किया।' (वंदे मातरम् अखबार, 11 अप्रैल 1907)। रवींद्रनाथ ने 1917 में Nationalism पुस्तक में लिखा, 'बंकिम की माता बंगाल की नहीं, संपूर्ण भारत की माता हैं। वह हिमालय से लेकर कन्याकुमारी तक फैली हुई है।' नेताजी ने 1943 में सिंगापुर में आजाद हिंद सरकार बनाई और पूरे छह छंद वाले मूल 'वंदे मातरम' को ही राष्ट्रगान घोषित किया। वहां बंगाली, तमिल, पंजाबी, मराठी, मलयाली सब सैनिक एक साथ पूरे गीत को गाते थे।

## पश्चिम बंगाल में नई सियासत की आहट!






शक्ति प्रकाश श्रीवास्तव
स्वतंत्र पत्रकार


पश्चिम बंगाल में बीते दो दिनों में हुए दो आयोजनों ने सियासी गलियारे में हलचल मचा दी है। पहला आयोजन छः दिसंबर को मुर्शिदाबाद में बाबरी मस्जिद के शिलान्यास के रूप में हुआ, जबकि दूसरा आयोजन अगले ही दिन ऐतिहासिक ब्रिगेड मैदान में रिकार्ड तोड़ जमावड़े के बीच सामूहिक गीता पाठ के रूप में हुआ। अब इन आयोजनों को लेकर सियासत होने की उठी चर्चा के भी अपने वाजिब कारण हैं।

मसलन पश्चिम बंगाल में अगले साल के मध्य में विधानसभा का चुनाव है। कुछ दशकों से वहां तृणमूल कांग्रेस की सरकार है। केंद्र में सत्तासीन राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन यानी एनडीए की लगातार कोशिश है कि वहां की सत्ता उसे मिल जाए, लेकिन ऐसा पिछले चुनावों में संभव नहीं हो सका है। ऐसे में जब शांत चल रहे प्रदेश में अचानक इस तरह की दो बड़ी गतिविधियां हों, तो उसके पीछे सियासी समीकरण होने का शक लाजिमी है।

पहला आयोजन अयोध्या में बाबरी मस्जिद विध्वंस की तिथि यानी छः दिसंबर को हुआ। इसका आयोजन तृणमूल कांग्रेस से निष्कासित किए गए विधायक हुमायूं कबीर ने किया। उन्होंने पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में बाबरी के नाम से मस्जिद की नींव रखी। तिथि का भी चयन ऐसा किया, जिस दिन अयोध्या में गिराए गए विवादित ढांचे को 33 साल पूरे हुए थे। अयोध्या के उस विवादित ढांचे को मुस्लिम समुदाय बाबरी मस्जिद बताता रहा है, हालांकि इस मस्जिद निर्माण के पीछे कबीर की मंशा जो भी हो, लेकिन देश के मुस्लिम समाज ने इसे उचित नहीं माना है।

ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के जनरल सेक्रेटरी मौलाना यासूब अब्बास ने मस्जिद की नींव रखे जाने की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा है कि बाबर के नाम पर मस्जिद बनाकर भारत में नए विवाद को जन्म दिया जा रहा है। बाबरी मस्जिद विवाद पर मौलाना ने कहा कि यह दुख की बात है कि बाबरी मस्जिद के नाम पर देश में नया बवाल खड़ा किया जा रहा है। चाहे पश्चिम बंगाल हो, उत्तर प्रदेश हो, बिहार हो, पंजाब हो या कश्मीर, किसी भी राज्य में बाबर के नाम पर मस्जिद बर्दाश्त नहीं है।

उनके मुताबिक मस्जिदों का नाम अल्लाह, पैगंबर या इमामों के नाम पर होना चाहिए न कि बाबर, अकबर या औरंगजेब के नाम पर। इस तरह मस्जिद का नामकरण करना गलत है। उन्होंने मांग उठाई कि हुमायूं कबीर के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए, क्योंकि इस तरह देश को दोबारा फसाद की आग में झोंकना सही नहीं है।

इस आयोजन से इतर दूसरे ही दिन, बंगाल के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में एक भव्य सामूहिक गीता पाठ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सनातन संस्कृति संसद नामक संस्था द्वारा इस ऐतिहासिक मैदान में आयोजित इस कार्यक्रम में लगभग पांच लाख लोगों ने सस्वर गीता पाठ किया। आम लोगों तक सनातन धर्म की मूल भावना और गीता के सार्वभौमिक संदेशों को पहुंचाने की नीयत से आयोजित इस कार्यक्रम की सराहना हर तरफ हो रही है।

ऐसा नहीं है कि यह आयोजन पहली बार हुआ है। इसकी शुरुआत 2022 में ही हुई थी। तब पहली बार लगभग पांच हजार लोगों ने गीता पाठ किया था। अलबत्ता ब्रिगेड परेड ग्राउंड में सामूहिक गीता पाठ कार्यक्रम का आयोजन 24 दिसंबर 2023 को पहली बार हुआ था। तब इस आयोजन में लगभग एक लाख लोग सहभागी रहे थे।

इस बार के कार्यक्रम में देश के कई चर्चित संतों ने भी हिस्सा लिया। इन संतों ने उपस्थित धर्मावलंबियों को संबोधित भी किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बागेश्वर धाम के धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने देश को हिंदू राष्ट्र बनाने के लिए देशवासियों से अपील की।

उन्होंने कहा कि हिंदू अगर एक हो जाएं तो भारत को हिंदू राष्ट्र बनने से कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने यह भी कहा कि ये देश बाबर का नहीं, रघुवर का है। हिंदुओं को एक होकर गांव-गांव में भगवा लहराना होगा। हम बहुत जल्दी कथा करने बंगाल आएंगे। अपनी विशिष्ट शैली में उन्होंने कहा कि अगली बार बंगाल में कथा के दौरान धर्म विरोधियों की ठठरी बांध देंगे। उन्होंने अपने संबोधन की शुरुआत बांग्ला भाषा में की।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में पद्मभूषण साध्वी ऋतंभरा और बागेश्वर धाम के धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री मौजूद रहे। अतिविशिष्ट अतिथियों में बंगाल के राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस, केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार, बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी सहित बीजेपी के कई सांसद, विधायक आदि उपस्थित रहे।

बेशक इन दोनों ही आयोजनों से सीधे तौर पर किसी सियासी समीकरण का जुड़ाव होना प्रमाणित नहीं हो रहा है, लेकिन अचानक से तीन दशक बाद एक चर्चित मुद्दे से संबंधित आयोजन का होना और अगले ही दिन दूसरे धर्म विशेष से जुड़े कार्यक्रम का आयोजन सियासी कड़ियां जोड़ने को मजबूर करता है। संभव है कि वास्तव में ऐसा कुछ भी न हो, लेकिन स्थान-काल-पात्र ऐसा सोचने-समझने को बाध्य करता है, क्योंकि पहले आयोजन के कर्ता-धर्ता का सियासी जुड़ाव होना और दूसरे आयोजन में सियासी हस्तियों की मौजूदगी, इसका एहसास करा रही हैं।

> पश्चिम बंगाल में बीते दो दिनों में हुए दो आयोजनों ने हलचल मचा दी है। इन आयोजनों को लेकर सियासत होने की उठी चर्चा के भी अपने वाजिब कारण हैं।

### आमने



देखिए, प्याज बागबानी का मामला है। फिर भी कृषि मंत्री होने के नाते मैं कह रहा हूं कि प्याज की सप्लाई अच्छी रही है, इसलिए वे फेंक रहे हैं। कांग्रेस शासन के दौरान प्याज नहीं था। किसानों को पानी नहीं मिलता था, इसलिए प्याज ज्यादा नहीं होता था।

-एदल सिंह कंषाना
कृषि मंत्री, मध्य प्रदेश

### सामने

कंषाना का यह बयान किसानों के साथ धोखा है। यह किसानों का अपमान है। सरकार की गलत नीतियों के कारण उन्हें प्याज फेंकने पर मजबूर होना पड़ रहा है। सत्ताधारी भाजपा के नेताओं की कथित जिद और घमंड पार्टी को खत्म कर देगा और किसान सही समय पर उन्हें सबक सिखाएंगे। -जीतू पटवारी
कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष, मप्र



## धर्मांतरण बाद आरक्षण लाभ संवैधानिक धोखा




डॉ. चंद्र गोपाल पांडेय
स्वतंत्र पत्रकार


हिंदू से ईसाई बनने पर आरक्षण प्रदत्त सुविधा से वंचित रहना पड़ सकता है। हिंदू समाज जाति आधारित विभेद से प्रभावित था। इस विभेद को समाप्त करने व आर्थिक-सामाजिक उन्नयन के लिए आरक्षण की व्यवस्था की गई थी। अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 बना। इधर देश में सक्रिय ईसाई मिशनरियों ने विभिन्न प्रलोभनों के साथ ही यह बताकर धर्मांतरण का खेल शुरू किया कि उनके मत/धर्म में जाति आधारित व्यवस्था न होने के कारण कोई जातिगत विभेद नही है। संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश 1950 ने भी स्पष्ट कर दिया है कि हिंदू, सिख या बौद्ध धर्म से इतर धर्म के अनुयायी अनुसूचित जाति के सदस्य नहीं रहेंगे, फिर भी छुटपुट धर्मांतरण की आहट मिलती रहती है।

सर्वोच्च न्यायालय ने कई निर्णयों में पहले ही कहा है कि ईसाई धर्म स्वीकार करने वाले अनुसूचित जाति के सदस्य कोई सुविधा नही ले सकते हैं। जितेंद्र साहनी मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के हालिया फैसले ने इस विषय पर एक विधिक विमर्श की शुरुआत कर दी है, हालांकि यह कोई नया निर्णय नहीं है। सर्वोच्च न्यायालय पिछले वर्ष ही इसे 'संविधान के साथ धोखाधड़ी' बता चुका है। संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश-1950 के प्रस्तर 3 में स्पष्टतया कहा गया है कि कोई भी व्यक्ति जो हिंदू, सिख या बौद्ध धर्म से अलग धर्म मानता है, उसे अनुसूचित जाति का सदस्य नहीं माना जा सकता।

सर्वोच्च न्यायालय ने सी सेल्वारानी बनाम स्पेशल सेक्रेट्री-कम-जिला कलेक्टर व अन्य (2024 एससीसी ऑनलाइन एससी 3470) 930 में अभिनिर्धारित कर चुका है कि ईसाई धर्म अपनाने पर कोई भी व्यक्ति अपनी मूल जाति का नहीं रहता है। इसी निर्णय में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा था कि सिर्फ लाभ लेने के उद्देश्य से धर्म बदलना संविधान के साथ धोखा है और आरक्षण नीति के सिद्धांतों के खिलाफ है।

सी सेल्वारानी (पूर्वोक्त) निर्णय के पैरा-15 का मूलपाठ इस तरह है '15-... भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है। संविधान के अनुच्छेद 25 के तहत प्रत्येक नागरिक को अपनी पसंद के धर्म का पालन करने और उसे मानने का अधिकार है। कोई व्यक्ति किसी अन्य धर्म में तभी धर्मांतरित होता है, जब वह उसके सिद्धांतों और आध्यात्मिक विचारों से वास्तव में प्रेरित होता है, यदि धर्मांतरण का उद्देश्य मुख्यतः आरक्षण का लाभ प्राप्त करना है, लेकिन दूसरे धर्म में कोई वास्तविक विश्वास नहीं है, तो इसकी अनुमति नहीं दी जा सकती, क्योंकि ऐसे गुप्त उद्देश्य वाले लोगों को आरक्षण का लाभ देना आरक्षण नीति के सामाजिक मूल्यों को ही नष्ट करेगा। इस मामले में, प्रस्तुत साक्ष्य स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं कि अपीलकर्ता ईसाई धर्म को मानती है और नियमित रूप से चर्च जाकर इस धर्म का सक्रिय रूप से पालन करती है। इसके बावजूद, वह हिंदू होने का दावा करती है और रोजगार के उद्देश्य से अनुसूचित जाति समुदाय का प्रमाण पत्र चाहती है। उसका ऐसा दोहरा दावा अस्वीकार्य है और वह बपतिस्मा के बाद भी स्वयं को हिंदू के रूप में पहचान जारी नहीं रख सकती। इसलिए, अपीलकर्ता को अनुसूचित जाति का सांप्रदायिक दर्जा प्रदान करना, जो धर्म से ईसाई है, लेकिन रोजगार में आरक्षण का लाभ उठाने के उद्देश्य से अभी भी हिंदू धर्म अपनाने का दावा करती है, आरक्षण के मूल उद्देश्य के खिलाफ होगा और संविधान के साथ धोखाधड़ी होगी।'

ऐसा नहीं है कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने पहली बार 26 नवंबर 2025 को पूर्वोक्त मामले में इस विषय पर अपना मत व्यक्त किया है। सर्वोच्च न्यायालय सुसाइ व अन्य बनाम यूनियन ऑफ़ इंडिया व अन्य (एआईआर 1986 एससी 733) और केपी मनु बनाम चेयरमैन स्क्रूटिनी कमेटी (2015) 4 एससीसी-1 मामले में भी अभिनिर्धारित कर चुका है कि अनुसूचित जाति के सदस्यों के लिए संविधान में प्रदत्त सुविधाओं का लाभ इस जाति के वह सदस्य नहीं ले सकते, जिन्होंने धर्मांतरण कर हिंदू धर्म से ईसाई धर्म स्वीकार कर लिया है।

प्रश्नगत निर्णय में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति प्रवीण कुमार गिरी ने सर्वोच्च न्यायालय के सी सेल्वारानी व अन्य निर्णयों (पूर्वोक्त) का आधार लिया है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने उत्तर प्रदेश के संपूर्ण प्रशासनिक मशीनरी को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि राज्य में ईसाई बने लोग अनुसूचित जातियों का लाभ लेना जारी न रखें। धर्मांतरण के बाद अनुसूचित जाति का स्टेटस बनाए रखना 'संविधान के साथ धोखाधड़ी' है। उच्च न्यायालय ने राज्य के सभी जिला मजिस्ट्रेट को विधिसम्मत तरीके से ऐसे मामलों की पहचान करने और उन्हें रोकने के लिए चार माह की कड़ी समय सीमा (डेडलाइन) तय की है।

उच्च न्यायालय ने मंत्रिमंडल सचिव (कैबिनेट सेक्रेटरी) भारत सरकार, मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव/अपर प्रमुख सचिव अल्पसंख्यक कल्याण और अपर मुख्य सचिव समाज कल्याण उत्तर प्रदेश को भी निर्देशित किया है कि इस निर्णय के आलोक में विधिसम्मत कार्यवाही सुनिश्चित करें, जिससे कानून का पालन हो सके। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति गिरी ने निर्णय में आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के अक्काला रामी रेड्डी बनाम आंध्र प्रदेश राज्य (2025 एससीसी ऑनलाइन एपी 1685) मामले में दिए गए निर्णय का भी उल्लेख किया है।

> संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश 1950 ने भी स्पष्ट कर दिया है कि हिंदू, सिख या बौद्ध धर्म से इतर धर्म के अनुयायी अनुसूचित जाति के सदस्य नहीं रहेंगे।

### सोशल फोरम

## महिलाओं की जिंदगी को मेरी ने कराया आसान






लक्ष्य
संगीतकार


मेरी (May) मैगी, डबलिन की वह महिला जिसने 1973 में सुप्रीम कोर्ट में ऐतिहासिक केस जीतकर शादीशुदा दंपतियों को गर्भनिरोधक (contraceptives) इस्तेमाल करने का अधिकार दिलाया था, उनका 81 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। इस दंपत्ति का केस आयरलैंड में चर्च और सरकार के अलग-अलग होने की दिशा में एक बड़ा मोड़ माना जाता है।

मेरी मैगी की गर्भावस्था के दौरान उनकी सेहत बहुत खराब रहती थी। उनके डॉक्टर ने उन्हें डायफ्राम (एक तरह का गर्भनिरोधक) इस्तेमाल करने की सलाह दी। इसके लिए इंग्लैंड से एक खास किस्म की जेल मंगानी पड़ती थी, लेकिन 1935 के कानून के कारण, जो गर्भनिरोधक पर प्रतिबंध लगाता था, कस्टम अधिकारियों ने वह सामान जब्त कर लिया। अगर वे दोबारा विदेश से ऐसा सामान मंगाते, तो उन पर जुर्माना या जेल हो सकती थी।

1972 में, डॉक्टर लॉग्रन और अपने वकील की मदद से, मैगी दंपति ने इस कानून के खिलाफ हाईकोर्ट में केस दायर किया, लेकिन वहां केस हार गए, लेकिन 1973 में सुप्रीम कोर्ट में अपील के दौरान पांच में से चार जजों ने उनके पक्ष में फैसला दिया। कोर्ट ने कहा कि गर्भनिरोधक का इस्तेमाल करना शादीशुदा दंपतियों का निजी निर्णय है, जिसमें सरकार दखल नहीं दे सकती।

कैथोलिक चर्च के मजबूत प्रभाव के कारण, इस फैसले के बाद भी गर्भनिरोधक को पूरी तरह वैध बनने में समय लगा। छह साल बाद, married couples के लिए डॉक्टर की पर्ची पर गर्भनिरोधक उपलब्ध हुए और 1985 में 18 साल से अधिक उम्र के सभी लोगों को बिना पर्ची के इन्हें खरीदने की अनुमति मिल गई।

### सामयिकी

## पॉक्सो के बढ़ते लंबित मामले व पीड़ितों का दर्द

नाबालिगों के खिलाफ अपराधों की संख्या निरंतर बढ़ रही है और उससे भी बड़ी चिंता का विषय यह है कि इन मामलों का निपटारा वर्षों तक अधर में लटका रहता है। पॉक्सो यानी लैंगिक अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम का उद्देश्य बच्चों को यौन अपराधों से सुरक्षा और त्वरित न्याय उपलब्ध कराना है, लेकिन वर्तमान स्थिति इसके ठीक विपरीत तस्वीर पेश करती है। आंकड़े बताते हैं कि देश में पॉक्सो के 35 हजार से अधिक मामले वर्षों से लंबित चल रहे हैं और न्याय की प्रक्रिया पीड़ितों व उनके परिवारों के लिए एक असहनीय इंतजार बन गई है।




कांतिलाल मांडोत
वरिष्ठ पत्रकार


2023 तक लंबित मामलों का जो विवरण सामने आया है, वह किसी भी समाज और शासन के लिए चिंता का गंभीर संकेत है। उत्तर प्रदेश में 10,556 मामले लंबित हैं, जो देश में सबसे अधिक हैं। महाराष्ट्र 7,962 लंबित मामलों के साथ दूसरे स्थान पर है। तमिलनाडु में 1,910, मध्य प्रदेश में 1,736, छत्तीसगढ़ में 375 और राजस्थान में 224 मामले अभी भी न्याय की प्रतीक्षा में हैं। बिहार मंल 1,079, झारखंड में 415, पंजाब में 152, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश दोनों में 101, चंडीगढ़ में 16 और उत्तराखंड में 374 मामलों की लंबितता भी यही सिद्ध करती है कि न्यायिक प्रक्रिया के बोझ ने पीड़ितों के लिए न्याय की राह लंबी और कठिन बना दी है। यह स्थिति बताती है कि देश में पॉक्सो कानून का उद्देश्य जितनी तेजी से पूरा होना चाहिए था, उससे बहुत दूर है।

केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन लाल मेघवाल ने बताया है कि देश में कुल 773 फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट कार्यरत हैं, जिनमें से 400 कोर्ट विशेष रूप से पॉक्सो मामलों के लिए बनाए गए हैं। इन अदालतों ने अब तक 3.5 लाख से अधिक मामलों का निपटारा किया है, जो निश्चित रूप से एक उपलब्धि है, लेकिन उसके बावजूद हजारों मामले अभी भी अधूरे पड़े हैं। यह दर्शाता है कि केवल अदालतों की संख्या बढ़ा देना समाधान नहीं है। न्याय प्रक्रिया में पुलिस, अभियोजन, मेडिकल रिपोर्ट, फोरेंसिक जांच, गवाही और साक्ष्य संकलन जैसे कई चरण होते हैं, और इनमें होने वाली देरी पॉक्सो मामलों की लंबितता को बढ़ाती रहती है।


एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार देश में हर तीन मिनट में एक बच्चा अपराध का शिकार बनता है और हर आठ मिनट में एक पॉक्सो का मामला दर्ज होता है। इन आंकड़ों में बीते दो वर्षों के भीतर ही तेजी से वृद्धि दर्ज की गई है, जो सामाजिक व प्रशासनिक दोनों स्तरों पर चेतावनी का इशारा है। 2021 से 2025 के बीच कुल 1,31,692 पॉक्सो मामले दर्ज किए गए। वहीं सबसे कम मामले मिजोरम, नागालैंड, लद्दाख और अंडमान निकोबार जैसे क्षेत्रों में सामने आए हैं।

एक चिंताजनक पहलू यह भी है कि कई मामलों में अपराध की प्रकृति इतनी संवेदनशील होती है कि बच्चे मानसिक रूप से टूट जाते हैं। लंबित मामलों का सबसे बड़ा कारण पुलिस जांच की धीमी गति, मेडिकल व फोरेंसिक रिपोर्ट में देर, गवाहों का न मिल पाना, पीड़ित परिवारों का दबाव में आ जाना और अदालतों में पर्याप्त संसाधनों का अभाव है। ग्रामीण इलाकों में यह समस्या और अधिक गंभीर होती है, जहां पीड़ितों को न्याय पाने के लिए सामाजिक प्रताड़ना भी सहनी पड़ती है। यह चुनौती केवल कानून और अदालतों तक सीमित नहीं है बल्कि यह एक सामाजिक समस्या भी बन चुकी है। भारत जैसा देश, जहां माता पिता अपने बच्चों को संस्कारों और नैतिकता की शिक्षा देने पर जोर देते हैं, वहां बच्चों के साथ यौन अपराधों की बढ़ती घटनाएं एक गहरी सामाजिक विडंबना को दर्शाती हैं।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

हिन्दी हमारी मातृभाषा ही नहीं, बल्कि भारत की आत्मा और सांस्कृतिक पहचान का दर्पण है। यह भाषा हमें अपनी जड़ों से जोड़ती है, अभिव्यक्ति को सशक्त बनाती है और सोच में गहराई लाती है। समय के साथ हिन्दी का दायरा लगातार बढ़ा है। आज यह सिर्फ साहित्य या बोलचाल की भाषा नहीं रही, बल्कि आधुनिक करियर की दुनिया में एक महत्वपूर्ण साधन बन चुकी है। यदि आपने हिन्दी साहित्य का अध्ययन किया है या हिन्दी भाषा के प्रति गहरा लगाव रखते हैं, तो आपके लिए रोजगार के ऐसे अनेक अवसर मौजूद हैं, जो आपको एक बेहतरीन और स्थिर भविष्य दे सकते हैं। आइए जानें वे प्रमुख करियर विकल्प, जिनमें आपकी मजबूत हिन्दी आपकी पहचान बना सकती है।

-फीचर डेस्क




# हिन्दी : भाषा से आगे करियर के नए आयाम



## पत्रकारिता: बढ़ते अवसर

आज हिन्दी न केवल भारत की सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी इसका प्रभाव तेजी से बढ़ रहा है। टीवी न्यूज चैनल, प्रिंट मीडिया, रेडियो और डिजिटल पोर्टल्स में हिन्दी पत्रकारों की भारी मांग है। यदि आपको खबरों की समझ है, भाषा पर पकड़ मजबूत है और आप अभिव्यक्ति में निपुण हैं, तो आप रिपोर्टर, एंकर, न्यूज एडिटर या डिजिटल कंटेंट क्रिएटर के रूप में करियर शुरू कर सकते हैं। फ्रीलांस पत्रकारिता भी आज अच्छा विकल्प बन चुका है, जहां आप अपनी सुविधानुसार काम करते हुए अच्छा आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

## अनुवाद : भाषा का सेतु

ग्लोबलाइजेशन के इस दौर में हर संस्था चाहे वह सरकारी हो या निजी, विभिन्न भाषाओं में सामग्री उपलब्ध कराने पर जोर दे रही है। ऐसे में हिन्दी अनुवादकों की भूमिकाएं बेहद महत्वपूर्ण हैं। अनुवादक अंग्रेजी, फ्रेंच, जर्मन या अन्य भाषाओं की सामग्री को हिन्दी में बदलते हैं और यह कार्य घर बैठे भी किया जा सकता है। कई कंपनियां पार्ट-टाइम या फ्रीलांस अनुवादकों को प्राथमिकता देती हैं, जिससे यह क्षेत्र नए प्रतिभाशाली युवाओं के लिए बेहद अनुकूल बन चुका है।



## इंटरप्रिटेशन: मौखिक अनुवाद का करियर

इंटरप्रेटर का कार्य ट्रांसलेटर से अलग होता है। जहां ट्रांसलेटर लिखित सामग्री का अनुवाद करता है, वहीं इंटरप्रेटर बोले गए शब्दों का तत्काल अनुवाद करता है। अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों, विदेशी मेहमानों की बैठकों, विश्वविद्यालयों और दूतावासों में इंटरप्रेटर्स की मांग हमेशा बनी रहती है। यदि आपकी हिन्दी और दूसरी भाषा पर अच्छी पकड़ है, तो यह क्षेत्र आपको वैश्विक स्तर पर काम करने के अवसर दे सकता है।



## सरकारी नौकरियां: सुरक्षित करियर की राह

हिन्दी साहित्य की डिग्री प्राप्त करने के बाद आप केंद्र और राज्य सरकार की अनेक नौकरियों के लिए पात्र बन जाते हैं। यूपीएससी, एसएससी, रेलवे, बैंकिंग और पीएसयू जैसी परीक्षाओं में हिन्दी विषय से जुड़े उम्मीदवारों के लिए अलग से पद और अवसर मौजूद रहते हैं। हिन्दी अधिकारी, राजभाषा अधिकारी, अनुवादक और कंटेंट विशेषज्ञ जैसे पद इस क्षेत्र में प्रमुख हैं।

## भाषण लेखन: प्रभावशाली शब्दों की कला

राजनीतिक नेताओं, उद्योग विशेषज्ञों और कई संस्थानों को ऐसे लेखकों की आवश्यकता होती है, जो प्रभावशाली और असरदार भाषण तैयार कर सकें। यदि आपकी लेखन शैली प्रभावशाली है और आप संवेदनशील मुद्दों को सरल भाषा में व्यक्त कर सकते हैं, तो भाषण लेखन आपके लिए एक उत्कृष्ट करियर विकल्प बन सकता है।

## अध्यापन: ज्ञान का सबसे सम्मानित मार्ग

हिन्दी साहित्य के छात्रों के लिए शिक्षण हमेशा एक सम्मानित और स्थिर विकल्प रहा है। आप स्कूल, कॉलेज या विश्वविद्यालय में अध्यापक बनकर नई पीढ़ी को भाषा का ज्ञान दे सकते हैं। इसके साथ ही विदेशी विश्वविद्यालयों में भी हिन्दी पढ़ाने के अवसर उपलब्ध हैं, जो इस क्षेत्र को वैश्विक बनाते हैं।

## वॉयस असिस्टेंट और बीपीओ: नई टेक्नोलॉजी के अवसर

वॉयस टेक्नोलॉजी के विस्तार के साथ हिन्दी वॉयस असिस्टेंट्स, कॉल सेंटर और कस्टमर सर्विस में हिन्दी बोलने वाले युवाओं की मांग तेजी से बढ़ रही है। यहां केवल स्पष्ट उच्चारण और संवाद कौशल की आवश्यकता होती है, जिससे यह अवसर शुरुआती करियर वालों के लिए भी उपयुक्त बन जाता है।


## स्क्रीन राइटिंग: रचनात्मकता का मंच

फिल्मों, टीवी धारावाहिकों और ओटीटी प्लेटफॉर्म्स की बढ़ती लोकप्रियता ने हिन्दी स्क्रीन राइटर्स की मांग को कई गुना बढ़ा दिया है। यदि आपके पास कहानी कहने का हुनर है, संवाद लिखने में निपुण हैं या गीत लेखन की समझ रखते हैं, तो यह क्षेत्र आपके लिए सुनहरा अवसर है। हिन्दी साहित्य की पृष्ठभूमि वाले युवाओं को इस क्षेत्र में विशेष लाभ मिलता है, क्योंकि उनकी भाषा स्वाभाविक और प्रभावी होती है।

## कंटेंट राइटिंग और एडिटिंग: डिजिटल दुनिया की सबसे बड़ी जरूरत

डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के विस्तार ने हिन्दी कंटेंट की मांग को शीर्ष पर पहुंचाया है। वेबसाइट्स, ब्लॉग्स, न्यूज पोर्टल्स, विज्ञापन एजेंसियां और पब्लिकेशन हाउस लगातार ऐसे कंटेंट राइटर्स और एडिटर्स की तलाश में रहते हैं, जो प्रभावशाली और शुद्ध हिन्दी लिख सकें। यह क्षेत्र उन लोगों के लिए बेहद उपयुक्त है, जिन्हें लेखन में आनंद आता है और जो भाषा के प्रति संवेदनशील हैं।





## जॉब अलर्ट

### कर्मचारी चयन आयोग (SSC)



- पद का नाम : कांस्टेबल (GD) और राइफलमैन (GD)
- पदों की संख्या : 25487
- योग्यता : किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से मैट्रिकुलेशन या 10 वीं कक्षा पास
- आयु सीमा : 18 से 23 वर्ष
- आवेदन की अंतिम तिथि : 31/12/2025
- वेबसाइट https://ssc.gov.in

### इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग एंड फाइनेंस (IIBF)

- पद का नाम : जूनियर एग्जीक्यूटिव
- पदों की संख्या : 10 पद
- योग्यता : संबंधित विषय में न्यूनतम 60% अंकों के साथ ग्रेजुएट और पद के अनुसार अतिरिक्त योग्यताएं।
- आयु सीमा : 28 वर्ष
- आवेदन की अंतिम तिथि : 13/12/2025
- वेबसाइट : www.iibf.org.in

### इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड

- पद का नाम : ट्रेड/टेक्नीशियन/ग्रेजुएट अप्रेंटिस
- पदों की संख्या : 509
- योग्यता : ITI/डिप्लोमा/ग्रेजुएट/कक्षा 12वीं (विषय के अनुसार)
- आयु सीमा : 18 से 24 वर्ष
- आवेदन की अंतिम तिथि : 09/01/2026
- वेबसाइट : www.iocl.com/apprenticeships

### इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड

पद का नाम : प्रोजेक्ट इंजीनियर और टेक्निकल ऑफिसर
पदों की संख्या : 23
योग्यता : B.E./B.Tech CSE/IT/ECE/EEE/E&I/इंस्ट्रूमेंटेशन/इलेक्ट्रॉनिक्स में, डिप्लोमा
आयु सीमा : 33 वर्ष तक
वॉक-इन इंटरव्यू की तारीख : 16/12/2025
वेबसाइट : www.ecil.co.in

## कैंपस में पहला दिन

# जब दादाजी पहले दिन कॉलेज छोड़ने गए



कॉलेज का पहला दिन यह सोचकर ही मन में कुछ सिरहन सी होने लगी कि अब बचपन के पायदान से निकलकर युवा अवस्था की श्रेणी में पहुंच रहे हैं, कुछ उत्साह, कुछ घबराहट और एक नई शुरुआत की उमंग भी। यह सोच-सोचकर मन में खुशी थी कि अब स्कूल के अनुशासित जीवन से मुक्ति मिलेगी, अब कोई स्कूल ड्रेस नहीं होगी और न ही समय की पाबंदी वाला वो स्कूल का घंटा। अब मैं स्वतंत्र होंगी। अपने नए माहौल में नए रंग-ढंग से रहूंगी, फैशनेबल कपड़े पहन सकूंगी, अब कोई रोक-टोक नहीं होगी। कॉलेज में कैंटीन होगी, वहां दोस्तों के साथ बैठकर स्नेक्स खाऊंगी, गप्पे लगाऊंगी। मन होगा तो पढ़ेंगे, नहीं होगा तो क्लास बंक। अब कोई बंधन न होगा और इस तरह से मेरा मन तरह-तरह के सपने बुनने लगा। मैं कॉलेज के स्वच्छंद वातावरण में तितली की भांति उड़ने के लिए बेहद ही उत्साहित थी।

कॉलेज जाने का पहला दिन आ गया था। मैं सुबह से ही तैयारी में लग गई और अति उत्साह में जल्दी ही तैयार हो गई थी। मैं कॉलेज के लिए चलने लगी। मेरे मम्मी, पापा, भाई सब मुझे शुभकामनाएं देने लगे। मैं जाने के लिए अपनी स्कूटी निकल रही थी कि तभी दादाजी की आवाज आई, ' रुको बेटा!, मैं तुम्हें छोड़ने चलता हूं।' यह सुनकर मैं स्तंभित रह गई और संकोच में आ गई कि यह दादाजी क्या कह रहे हैं? वह मुझे अभी भी बच्ची ही समझ रहे थे, लेकिन वह मुझे छोड़ने जाने के लिए बेताब थे। मैं उनकी आज्ञा का उल्लंघन न कर सकी और अपनी भावनाओं को मन में दबाए हुए, चुपचाप उनके स्कूटर के पीछे बैठ गई। मेरे सपनों की उड़ान पर ब्रेक सा लग गया। मैं अपने आपको बड़ा ही परतंत्र सा महसूस कर रही थी। मुझे बड़ी सकुचाहत हो रही थी कि मेरे सहपाठी मेरे बारे में क्या सोचेंगे? वे मेरे ऊपर हसेंगे और मेरी खिल्ली उड़ाएंगे की यह तो अभी भी स्कूल की बच्ची ही है, जो अपने दादाजी के साथ आई है। इसी उधेड़बुन को सोचते-सोचते कॉलेज आ गया। मैं दादा जी को कॉलेज के गेट से ही विदा करना चाहती थी, पर वह मुझे क्लास तक ही छोड़ने चल पड़े। अब तो मेरा आत्मविश्वास बहुत ही डूब रहा था और मुझे लज्जा आ रही थी कि मेरे दोस्त मेरे बारे में क्या टिप्पणी करेंगे? तभी मैं क्लासरूम पहुंची, वहां बाहर खड़े सहपाठियों ने मुझे हेलो बोला और तपाक से पूछा, ' यह कौन हैं?' मैंने कुछ दबे हुए शब्दों और संकोच के साथ कहा, ' यह मेरे दादाजी हैं।' वे बोले, 'वाओ! तेरे दादाजी तुझे छोड़ने आए हैं, तू तो बहुत लकी है कि तेरे दादाजी तुझे इतना प्यार करते हैं और तेरा इतना ख्याल रखते हैं।' यह सुनकर मैं आश्चर्यचकित रह गई और मेरा आत्मविश्वास बढ़ गया। दादाजी के प्रति मेरे मन में श्रद्धा और स्नेह और भी बढ़ गया। मुझे अपने घरवालों के प्यार की कद्र महसूस हुई और मुझे अपनी स्थिति भी मजबूत नजर आई। फिर मैं पूरे आत्मविश्वास के साथ अपने सभी सहपाठियों, सभी प्रोफेसरों से मिली और पूरे कॉलेज में मस्ती से घूमी। इस प्रकार मेरा कॉलेज का पहला दिन खुशी, आनंद और आत्मविश्वास के साथ बीता।

**-श्रुति सुकुमार**, बरेली

## नोटिस बोर्ड

- कुमाऊं विश्वविद्यालय (नैनीताल) में पर्यावरण विज्ञान की परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। विश्वविद्यालय से संबद्ध सभी परिसर, महाविद्यालय और संस्थानों के वे विद्यार्थी, जिन्होंने स्नातक अंतिम वर्ष या अंतिम सेमेस्टर की मुख्य परीक्षा तो उत्तीर्ण कर ली है, लेकिन पर्यावरण विज्ञान की परीक्षा अभी तक पास नहीं कर पाए हैं, वे इस विशेष परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक विद्यार्थी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट www.kunainital.ac.in के माध्यम से 15 दिसंबर तक आवेदन कर सकते हैं।



- पीलीभीत में 12 दिसंबर को मेगा जॉब फेयर का आयोजन किया जाएगा। यह जॉब फेयर राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान की ओर से जेपी होटल एवं वेडिंग स्क्वायर में लगेगा, जिसमें 15 कंपनियां प्रतिभाग करेंगी। जॉब फेयर सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगा। जॉब फेयर में जॉब के लिए इंटरमीडिएट, ओ लेवल, ए लेवल, डिप्लोमा, आईटीआई, स्नातक व स्नातकोत्तर शैक्षिक योग्यता निर्धारित की गई है।
- अमेठी में महिलाओं के लिए रोजगार का बड़ा अवसर उपलब्ध होने वाला है। जिला सेवायोजन कार्यालय अमेठी और राजकीय महिला पॉलिटेक्निक अमेठी के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 17 दिसंबर को एक दिवसीय नि:शुल्क पिंक रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। रोजगार मेले में लगभग देश की 10 प्रतिष्ठित प्राइवेट कंपनियां भाग लेंगी। ये कंपनियां 12 वीं, स्नातक, आईटीआई और विभिन्न तकनीकी योग्यताओं रखने वाली महिलाओं को अवसर प्रदान करेंगी। मेला सुबह 10:30 बजे से राजकीय महिला पॉलिटेक्निक परिसर में शुरू होगा। इच्छुक महिला अभ्यर्थी rojgaarsangam.up.gov.in पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराकर, योग्यता के अनुसार उपलब्ध कंपनियों में ऑनलाइन आवेदन भी कर सकेंगी।

# हौसला हो तो छू लो आसमान

तामकीन फातिमा के हौसलों की उड़ान एक जीवंत प्रमाण है कि सपने, मेहनत और शिक्षा की ताकत से कोई भी ऊंचाई हासिल की जा सकती है। उनकी यात्रा, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एसमयू) की कक्षाओं से शुरू होकर रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की प्रयोगशालाओं तक पहुंचना, युवाओं को कई महत्वपूर्ण संदेश देती है।



रूफिया खान
शिक्षिका

तामकीन की सफलता साबित करती है कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी जैसे पुरुष प्रधान क्षेत्रों में महिलाएं न केवल प्रवेश कर सकती हैं, बल्कि शीर्ष पर विराजमान हो सकती हैं। यूजीसी-नेट (जेआरएफ) में ऑल इंडिया रैंक 2, इसरो इंटर्नशिप और डीआरडीओ में वैज्ञानिक 'बी' के पद पर चयन, ये सब उनकी प्रतिभा का प्रमाण हैं। यह 'आत्मनिर्भर भारत' के दौर में महिलाओं की बढ़ती भूमिका को रेखांकित करता है, जहां वे राष्ट्रीय सुरक्षा और तकनीकी नवाचार में योगदान दे रही हैं।

तामकीन फातिमा एक उभरती हुई भारतीय वैज्ञानिक हैं, जिन्होंने हाल ही में रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) में वैज्ञानिक 'बी' के पद पर चयनित होकर देशभर में प्रेरणा का स्रोत बन गई हैं। वे अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) की पूर्व छात्रा हैं और उनकी यह उपलब्धि न केवल व्यक्तिगत सफलता है, बल्कि एसमयू की शिक्षा प्रणाली और महिलाओं की विज्ञान के क्षेत्र में बढ़ती भूमिका का प्रतीक भी है।



## प्रेरणा और प्रभाव

तामकीन की यात्रा युवाओं, खासकर महिलाओं के लिए प्रेरणादायक है। एएमयू के फैकल्टी सदस्यों ने उनकी सफलता पर गर्व व्यक्त किया, "यह न केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि संस्थागत गौरव भी है, जो एएमयू की उस विरासत को दर्शाता है, जो तकनीकी विशेषज्ञ और विद्वानों को जन्म देती है, जो भारत के विकास और रक्षा में योगदान देते हैं।" उनकी कहानी यह संदेश देती है कि शिक्षा, दृढ़ संकल्प और राष्ट्रसेवा की भावना से देश के सबसे प्रतिष्ठित अवसरों के द्वार खुल सकते हैं। वे 'आत्मनिर्भर भारत' मिशन के तहत भारत की तकनीकी संप्रभुता और रणनीतिक शक्ति में योगदान देने वाली महिलाओं की बढ़ती संख्या का प्रतीक हैं।

## भविष्य की योजनाएं

डीआरडीओ में शामिल होकर तामकीन ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के माध्यम से राष्ट्रसेवा का संकल्प लिया है। वे भारत की रक्षा अनुसंधान में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए उत्सुक हैं, जो उन्हें देश की वैज्ञानिक शक्ति का केंद्र बनाता है। उनकी यात्रा एएमयू के कक्षाओं से डीआरडीओ की प्रयोगशालाओं तक पहुंची है और यह केवल शुरुआत मानी जा रही है। तामकीन फातिमा की कहानी साबित करती है कि मेहनत और शिक्षा से कोई सपना असंभव नहीं। तामकीन की उड़ान उन लाखों युवाओं के लिए मिसाल है, जो सोचते हैं कि 'मेरा बैकग्राउंड' या 'मेरा जेंडर' बाधा बनेगा। वह कहती हैं, "हौसला हो तो आसमान छू लो।"

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन :** तुलसी 2550, राज श्री 1800, फ़ॉर्चून कि. 2245, रविन्द्रा 2445, फॉर्चुन 13 किग्रा 1975, जय जवान 1990, सचिन 2020, सूरज 1990, अवसर 1875, उजाला 1910, गृहणी 13 किग्रा 1870, क्लासिक (किग्रा) 2155, मोर 2185, चक्र टिन 2315, ब्लू 2100, आशीर्वाद मस्टर्ड 2330, स्वास्तिक 2505

**किराना :** हल्दी निजामाबाद 17000, जीरा 24500, लाल मिर्च 14000-18000, धनिया 9000-11000, अजवायान 13500-20000, मेथी 6000-8000 सौंफ 9000-13000, सोंठ 31000, (प्रतिकि0) लौंग 800-1000, बादाम 780-1080, काजू 2 पीस 840, किसमिस पीली 300-400, मखाना 800-1100

**चावल (प्रति कु0) :** डबल चाबी सेला 9600, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 4850, शर्बती स्टीम 5200, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 7400, राजभोग 6850, हरी पत्ती ( 1-5 किग्रा ) 10100, हरी पत्ति नेचुरल 9100, जेनिथ 8400, गलैक्सी 7400, सूमो 4000, गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4350,लाडली 4000

**दाल दलहन :** मूंग दाल इंदौर 9800, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 12000-13400, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250-7450 मलका दाल 7550-8900, मलका छाँटी 7550, दाल उड़द बिलासपुर 8000-9000, मसूर दाल छोटी 10000-11600, दाल उड़द दिल्ली 10300, उड़द साबुत दिल्ली 9900, उड़द धोवा इंदौर 11800, उड़द धोवा 9800-10400,चना काला 7050, दाल चना 7450, दाल चना मोटी 7600, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8000, चना अकोला 6800, डबरा 6900-8800, सच्चा हीरा 8600, मोटा हीरा 9900, अरहर गोला मोटा 7800, अरहर पटका मोटा 8300, अरहर कोरा मोटा 8700, अरहर पटका छोटा 10000-10600, अरहर कोरी छोटी 11000

**चीनी :** पीलीभीत 4300, बहेड़ी 4240

## हल्द्वानी मंडी

**चावल :** शरबती- 3400, मसूरी- 1000, बासमती- 5600, परमल- 1100

**दाल दलहन :** काला चना- 3900, साबुत चना दाल- 3200, मूंग साबुत- 4200, राजमा- 9000-12200, दाल उड़द-6800, साबुत मसूर दाल- 4200, मसूर दाल- 3000, उड़द साबुत- 5100, काबुली चना- 9400, अरहर दाल-10200, लोबिया/करमानी- 2200


# ओमान, न्यूजीलैंड से एफटीए वार्ता अंतिम दौर में

## केंद्रीय उद्योग मंत्री गोयल ने द. अमेरिकी देश चिली से भी समझौते पर बात जल्द पूरी होने की जताई उम्मीद

**जयपुर, एजेंसी**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को कहा कि ओमान और न्यूजीलैंड के साथ मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के लिए बातचीत अपने अंतिम चरण में है और दोनों के जल्द ही संपन्न होने की उम्मीद है। उन्होंने संकेत दिया कि दक्षिण अमेरिकी देश चिली के साथ भी व्यापार समझौते के लिए बातचीत जल्द पूरी हो जाएगी।

मंत्री ने कहा कि ओमान से समझौते के लिए बात अंतिम चरण में है और न्यूजीलैंड के व्यापार मंत्री टॉड मैक्ले शुक्रवार को नई दिल्ली आ रहे हैं। एफटीए पर बातचीत अंतिम चरण में पहुंच रही है। इस बीच, वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि गहन वार्ता के तीन दौर (नवंबर 2023-मार्च 2024) के बाद दोनों पक्ष सीईपीए (व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता) के सभी घटकों



• वाणिज्य मंत्रालय ने कहा- दोनों पक्ष सीईपीए के सभी घटकों पर एक समझौते पर पहुंचे

पर एक समझौते पर पहुंच गए हैं जिसमें पाठ्य एवं बाजार पहुंच प्रस्ताव शामिल हैं। इसमें कहा गया कि मार्च 2024 में मंत्रिमंडल द्वारा प्रस्तुत एक प्रस्ताव को स्थगित कर दिया गया, जिसके परिणामस्वरूप आगे की बातचीत की आवश्यकता पड़ी। चौथे दौर (सितंबर 2024) और पांचवें दौर (13-14 जनवरी 2025) में संशोधित प्रस्तावों पर ध्यान केंद्रित किया गया। इसमें कहा गया कि प्रासंगिक प्राधिकारी की स्वीकृति के बाद, हस्ताक्षर व पुष्टि के लिए मंत्रिमंडल 'नोट' का मसौदा संबंधित मंत्रालयों को भेजा गया। दोनों पक्ष अब आंतरिक अनुमोदन प्राप्त करने की प्रक्रिया में हैं।

### भारत-इजराइल ने मुख्य वार्ताकारों को किया नियुक्त

इजराइल से व्यापार समझौते पर गोयल ने कहा कि उन्होंने इजराइल के अर्थव्यवस्था एवं उद्योग मंत्री नीर बरकत के साथ हाल ही में बैठक की थी और दोनों पक्षों ने प्रस्तावित समझौते के लिए अपने मुख्य वार्ताकारों को नियुक्त कर दिया है। तेल अवीव में दोनों देशों ने समझौते के लिए औपचारिक रूप से बातचीत शुरू करने हेतु संदर्भ शर्तों (टीओआर) पर पिछले महीने हस्ताक्षर किए थे। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि इजराइल के साथ पहले चरण की शुरुआत होगी। मंत्रालय ने कहा कि भारत और इजराइल 2010 से एफटीए पर बातचीत कर रहे हैं। इसमें 280 शुल्क श्रेणियों या उत्पाद श्रेणियों को शामिल करने वाले 10 दौर पूरे हो चुके हैं।

### मालदीव ने किए हस्ताक्षर और कतर से वार्ता शुरू

इसके अलावा, इसमें कहा गया कि भारत-मालदीव मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए संदर्भ शर्तों (टीओआर) पर तीन जुलाई 2025 को माले में हस्ताक्षर किए गए थे। टीओआर आगामी एफटीए वार्ताओं के लिए ढांचा एवं दायरा निर्धारित करता है। समझौते पर वार्ता शुरू हो चुकी है। भारत और कतर भी मुक्त व्यापार समझौते के लिए बातचीत शुरू करने हेतु एक टीओआर को अंतिम रूप दे रहे हैं। इसी तरह की प्रक्रिया भारत और खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के बीच भी जारी है। गोयल प्रवासी राजस्थानी दिवस में हिस्सा लेने यहां पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों में हमने व्यापार से संबंधित मुद्दों पर विभिन्न देशों के नेताओं के साथ कई बैठकें की हैं।

### भारत, ईयू वार्ता शीघ्र पूरा करने को प्रतिबद्ध

**जयपुर।** पीयूष गोयल ने कहा कि भारत और यूरोपीय संघ एफटीए पर बात आगे बढ़ा रहे हैं और समझौते की मोटी रूपरेखा तैयार हो गई है। दोनों पक्ष समझौते को जल्द पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। गोयल और यूरोपीय संघ के व्यापार एवं आर्थिक सुरक्षा आयुक्त मार्कोस सेफकोविक ने आठ-नौ दिसंबर को वार्ता की समीक्षा की थी।

उन्होंने कहा कि चर्चाएं सकारात्मक रहीं। मुझे विश्वास है कि जल्द यूरोपीय संघ के साथ समझौते पर कोई निर्णय लिया जाएगा। जनवरी में वार्ता के समापन पर मंत्री ने कहा कि इसकी काफी प्रबल संभावनाएं हैं। दोनों पक्ष समझौते को जल्द पूरा करना चाहते हैं। चाहे एक महीने में हो, अगले सप्ताह हो या अगले महीने, ये टिप्पणियां महत्वपूर्ण हैं क्योंकि दोनों पक्षों ने के लिए दिसंबर के अंत की समय सीमा तय की है।

# आपका पैसा, आपका अधिकार अभियान में लें हिस्सा : मोदी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से 'आपका धन, आपका अधिकार' अभियान में हिस्सा लेने का बुधवार को आग्रह किया। इसके तहत गत दो महीनों में 2,000 करोड़ रुपये की बिना दावे वाली संपत्तियां उनके असली मालिकों को सफलतापूर्वक लौटाई गई हैं। सरकार ने चार अक्टूबर को 'आपका पैसा, आपका अधिकार' राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया था। इसका उद्देश्य बैंक जमा, बीमा, लाभांश, शेयर, म्यूचुअल फंड और पेंशन सहित लावारिस पड़ीं वित्तीय संपत्तियों को उनके वैध दावेदारों तक पहुंचाने में मदद करना है।

मोदी ने सोशल मीडिया पर लिखा, सभी हितधारकों खासतौर पर सरकार, नियामक निकायों, बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थानों के समन्वित प्रयासों से करीब 2,000 करोड़ रुपये पहले ही उनके सही मालिकों को लौटाए जा चुके हैं। अक्टूबर से पांच दिसंबर 2025 तक 477 जिलों में शिविर आयोजित किए गए। इनमें जन प्रतिनिधियों, जिला प्रशासनों और वित्तीय संस्थानों के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। प्रधानमंत्री लोगों से 'आपका पैसा, आपका अधिकार' आंदोलन में हिस्सा लेने का आग्रह करते हुए कहा, हम आने वाले दिनों में इस आंदोलन को और व्यापक बनाना चाहते हैं। भारतीय बैंकों में बिना दावे का 78,000 करोड़ रुपये पड़ा है। बीमा कंपनियों के पास 14,000 करोड़ की राशि बिना दावे के पड़ी है। साथ ही म्यूचुअल फंड कंपनियों के पास 3,000 करोड़ और 9,000 करोड़ की राशि रखी है।



• अभियान के तहत दो माह में 2,000 करोड़ की बिना दावे वाली संपत्तियां असली मालिकों को लौटाई गई

# सिम बाइंडिग से निजता को खतरा नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**

मोबाइल सेवा प्रदाता कंपनियों के संगठन सीओएआई ने सिम बाइंडिंग के सरकार के आदेश का स्वागत करते हुए बुधवार को कहा कि लोगों में ये गलत अवधारणा है कि इससे निजता और गोपनीयता का उल्लंघन होगा। सरकार ने देश में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों के लिए सिम बाइंडिंग अनिवार्य करने का आदेश जारी किया है, यानी कि जिस नंबर पर सोशल मीडिया एप सक्रिय है उस सिम के मोबाइल में रहने तक ही वह एप लॉग इन रह सकेगा।

सीओएआई ने कहा कि यूपीआई और भुगतान एप के लिए देश में पहले से ही सिम बाइंडिग के नियम लागू है। उसने कहा है कि विदेशों में जाने पर यूजर वाई-फाई या स्थानीय सिम के डाटा का इस्तेमाल करते हुए तब तक एप का इस्तेमाल जारी रख सकेंगे जब तक सेकेंड्री स्लॉट में एप से जुड़ा भारतीय सिम है। उसने कहा कि विदेशों में बैठे डिजिटल ठगों से लोगों को बचाने के लिए सिम बाइंडिग जरूरी है।



• मोबाइल सेवा प्रदाता कंपनियों के संगठन ने किया सरकार के आदेश का स्वागत

• यूपीआई और भुगतान एप के लिए देश में पहले से ही सिम बाइंडिग के नियम लागू

संगठन के प्रेस नोट में एक निश्चित समय के बाद लॉगआउट के नियम के बारे में कहा गया है कि बैंकिंग पोर्टल, डिजी लॉकर, आधार और वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क सेशन समाप्त करने के इससे भी कड़े मानक अपनाते हैं। निजता के उल्लंघन के बारे में प्रेस नोट में कहा गया है कि सिम बाइंडिंग के लिए किसी अतिरिक्त डाटा संग्रह की जरूरत नहीं होती है। साथ ही इससे मैसेजिंग आदि पर कोई असर नहीं होता है।

# आरबीआई ने निर्धारित किया स्वर्ण बॉण्ड को भुनाने के लिए 12,801 रुपये का मूल्य तय

**मुंबई।** आरबीआई ने सरकारी स्वर्ण बॉण्ड (एसजीबी) योजना की दो श्रृंखलाओं के तहत किए निवेश को भुनाने के लिए बुधवार को प्रति यूनिट 12,801 रुपये का मूल्य घोषित किया। एसजीबी 2017-18 श्रेणी-11 (जारी करने की तारीखः 11 दिसंबर 2017) के यूनिट धारकों को अंतिम विमोचन मूल्य के रूप में प्रति यूनिट 12,801 रुपये मिलेंगे। इन यूनिट धारकों ने एसजीबी खरीदते समय प्रति यूनिट 2,954 रुपये निवेश किए थे और उन्हें निवेशित राशि पर 2.5% वार्षिक ब्याज भी मिला है। यह योजना देश के लोगों को भौतिक सोने में निवेश करने से हतोत्साहित करने के लिए शुरू की गई थी। पिछले कुछ महीनों में सोने की कीमतों में आई तेजी के कारण निवेशकों को मिलने वाले अच्छे रिटर्न की काफी चर्चा रही है। आरबीआई ने 2019-20 श्रृंखला 1 (विमोचन तिथिः 11 दिसंबर 2025) को भुनाने के लिए भी प्रति यूनिट 12,801 रुपये का मूल्य घोषित किया है।




# एडीबी ने किया भारत के वृद्धि दर अनुमान को बढ़ाकर 7.2 प्रतिशत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने बुधवार को वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की वृद्धि दर का अनुमान 6.5 से बढ़ाकर 7.2% कर दिया। इसकी प्रमुख वजह हाल में जीएसटी दरों में कटौती से घरेलू खपत को मिली मजबूती है।

भारतीय अर्थव्यवस्था की यह तेज रफ्तार एशिया को भी तेजी से बढ़ने में मदद करेगी, जो इस साल 4.8% के पिछले अनुमान के मुकाबले अब 5.1% की दर से बढ़ सकती है। एडीबी की दिसंबर के लिए जारी एशिया विकास परिदृश्य रिपोर्ट कहती है कि वर्ष 2025 के लिए भारत के वृद्धि अनुमान को 7.2% कर दिया गया है, जो दूसरी तिमाही में अपेक्षा से अधिक मजबूत विस्तार को दर्शाता है। कर में कटौतियों ने खपत को मजबूती दी। सितंबर में समाप्त दूसरी तिमाही के दौरान भारत की अर्थव्यवस्था 8.2% की दर से बढ़ी, जो पिछली छह तिमाहियों में सबसे अधिक है। पहली तिमाही में यह 7.8% थी। इस तरह चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में भारत 8% की वृद्धि दर हासिल कर चुका है।

एडीबी की रिपोर्ट के मुताबिक, यह मजबूत वृद्धि आपूर्ति पक्ष में विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों के मजबूत विस्तार और मांग पक्ष में खपत एवं निवेश की वृद्धि के कारण हुई है। हालांकि मनीला स्थित इस बहुपक्षीय विकास बैंक ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए अपने अनुमान को 6.5% पर बरकरार रखा है।



• जीएसटी दरों में कटौती से घरेलू खपत को मिली मजबूती को देखते हुए एशियाई बैंक ने लिया निर्णय

# अमेजन भारत में करेगा 35 अरब डॉलर का निवेश

• गूगल और माइक्रोसॉफ्ट के बाद ई-कॉमर्स कंपनी ने की घोषणा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अमेरिकी ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन ने भारत में 2030 तक अपने सभी व्यवसायों में 35 अरब डॉलर का भारी निवेश करने की योजना की बुधवार को घोषणा की। कंपनी का मकसद कृत्रिम मेधा (एआई) संचालित डिजिटलीकरण, निर्यात वृद्धि और रोजगार सृजन पर ध्यान केंद्रित करना है। अमेजन ने यह घोषणा माइक्रोसॉफ्ट द्वारा भारत में 2030 तक डेटा सेंटर, एआई और क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए 17.5 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिज्ञा जताने के एक दिन की है। इससे पहले गूगल ने पांच वर्षों में एआई डेटा सेंटर बनाने के लिए 15 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई थी।

अमेज़न ने कहा कि 2030 तक कृत्रिम मेधा और लॉजिस्टिक्स बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में उसके निवेश से भारत में अतिरिक्त 10 करोड़ नौकरियां उत्पन्न करने में मदद मिलेगी। कंपनी ने कहा कि यह निवेश रणनीतिक रूप से भारत की राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप है और एआई क्षमताओं के विस्तार, लॉजिस्टिक बुनियादी ढांचे को बढ़ाने, छोटे व्यवसायों के विकास का समर्थन करने तथा रोजगार सृजन पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। उभरते बाजारों के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित अग्रवाल ने अमेजन संभव शिखर सम्मेलन' के दौरान कहा कि लाखों भारतीयों के लिए एआई तक पहुंच को लोकतांत्रिक बनाते हुए हम भारत की वृद्धि के लिए उत्प्रेरक बने रहने को लेकर उत्साहित हैं। कंपनी ने भारत से निर्यात को चौगुना कर 80 अरब डॉलर करने का लक्ष्य रखा है जो 20 अरब डॉलर है।

### देश में लॉजिस्टिक लागत घटकर जीडीपी के नौ प्रतिशत पर आ गई: गडकरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि अच्छी सड़कों के कारण सरकार ने लॉजिस्टिक लागत को जीडीपी के 16 से घटाकर नौ प्रतिशत पर लाने का लक्ष्य हासिल कर लिया है। गडकरी ने अमेजन संभव शिखर सम्मेलन में कहा कि लॉजिस्टिक क्षेत्र में वैकल्पिक ईंधन, जैव-ईंधन और खास तौर पर हाइड्रोजन की तरफ बढ़ना जरूरी है। साथ ही उन्होंने विश्वास जताया कि भारत अगले 10 वर्षों में ऊर्जा का निर्यातक बन जाएगा। गडकरी ने कहा कि चीन में लॉजिस्टिक की लागत जीडीपी का आठ प्रतिशत है, यूरोप और अमेरिका में 12 प्रतिशत है लेकिन भारत में यह 16 प्रतिशत पहुंच गई थी। उन्होंने कहा कि अभी-अभी हमें आईआईएम बैंगलोर, आईआईटी चेन्नई और आईआईटी कानपुर से एक रिपोर्ट मिली है। यह स्पष्ट रूप से दर्शाती है कि अच्छी सड़कों के कारण अब लॉजिस्टिक्स लागत में छह प्रतिशत की कमी आई है।

• अमेजन संभव शिखर सम्मेलन को केंद्रीय परिवहन मंत्री ने किया संबोधित

# तीसरे दिन भी सेंसेक्स 275 अंक गिरा

**मुंबई।** टिकाऊ उपभोक्ता, निजी बैंकों और आईटी शेयरों में बिकवाली के बीच स्थानीय शेयर बाजार के मानक सूचकांक बुधवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 275 अंक गिर गया जबकि निफ्टी में 82 अंक की गिरावट रही।

बीएसई का सेंसेक्स 275.01 अंक गिरकर 84,391.27 अंक पर बंद हुआ। एनएसई का निफ्टी भी अंतिम घंटे की बिकवाली के दबाव में 81.65 अंक गिरकर 25,758 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में इटर्नल, ट्रेंट, भारती एयरटेल, इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, बजाज फाइनेंस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, लार्सन एंड टुब्रो और टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स के शेयर गिरावट में रहे। हालांकि टाटा स्टील, सन फार्मास्यूटिकल्स, आईटीसी, एनटीपीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज़, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, पावरग्रिड और एशियन पेंट्स के शेयरों में बढ़त रही।

# स्टॉक स्प्लिट : शेयर विभाजन का वास्तविक प्रभाव

स्टॉक स्प्लिट एक कॉर्पोरेट एक्शन है, जिसमें कंपनी अपने मौजूदा शेयरों को छोटे हिस्सों में बांट देती है, ताकि प्रति शेयर कीमत कम हो और अधिक निवेशक शेयर खरीद सकें। इसमें शेयरों की संख्या बढ़ जाती है, लेकिन निवेशक के कुल निवेश मूल्य पर कोई फर्क नहीं पड़ता। उदाहरण के लिए, 1:5 स्टॉक स्प्लिट में एक शेयर पांच नए शेयरों में बदल जाता है। कंपनियां स्टॉक स्प्लिट इसलिए करती हैं ताकि शेयर अधिक किफायती दिखें, बाजार में ट्रेडिंग एक्टिविटी बढ़े और लिक्विडिटी में सुधार आए। यह प्रक्रिया निवेशकों को आकर्षित करने और शेयर की पहुंच बढ़ाने का प्रभावी तरीका है।

**स्प्लिट के लाभ :** कंपनियां आमतौर पर स्टॉक स्प्लिट तब लागू करती हैं जब वे निरंतर वृद्धि, स्थिर कमाई और मजबूत लाभप्रदता का प्रदर्शन कर रही हों। स्प्लिट के बाद जब शेयर की कीमत कम होती है तो नए और छोटे निवेशकों के लिए उस स्टॉक में निवेश करना आसान हो जाता है, जिससे कंपनी के स्वामित्व आधार में विस्तार होता है। कम कीमत वाला शेयर बाजार में अधिक सक्रिय रूप से खरीदा-बेचा जाता है, जिसके कारण ट्रेडिंग वॉल्यूम बढ़ता है और स्टॉक की आकर्षकता भी बढ़ती है।

**शेयर विभाजन का प्रभाव :** शेयर विभाजन कंपनी के कुल बाजार मूल्य या निवेशक के पोर्टफोलियो के वास्तविक मूल्य में कोई बदलाव नहीं करता। यह सिर्फ शेयरों की संख्या और उनकी कीमत में गणितीय समायोजन है। निवेशक के कुल निवेश की कीमत पहले जैसी ही रहती है, क्योंकि मूल्य में कमी और शेयरों की संख्या में वृद्धि एक-दूसरे की पूर्ति कर देती है।

**रिवर्स स्टॉक स्प्लिट :** रिवर्स स्टॉक स्प्लिट इसके उलट प्रक्रिया है जिसमें कंपनी शेयरों की संख्या कम कर देती है और प्रत्येक शेयर की कीमत बढ़ जाती है। यह अक्सर तब किया जाता है जब शेयर की कीमत बहुत गिर चुकी हो और कंपनी को अपनी छवि सुधारनी हो या सूचीबद्ध बने रहने के लिए न्यूनतम मूल्य की आवश्यकता हो। कई मामलों में रिवर्स स्प्लिट कंपनी की आंतरिक समस्याओं या कमजोर प्रदर्शन का संकेत भी माना जाता है।

### म्यूचुअल फंड में विभाजन

म्यूचुअल फंड भी कंपनियों की तरह स्टॉक स्प्लिट कर सकते हैं, लेकिन यह अपेक्षाकृत कम होता है। जब फंड स्प्लिट करता है, तो प्रति यूनिट की कीमत कम हो जाती है और यूनिटों की संख्या बढ़ जाती है। इससे फंड नए निवेशकों के लिए आकर्षक बनता है और बाजार में उसकी उपलब्धता बेहतर होती है।

### निवेशकों को फायदा

स्प्लिट के बाद निवेशकों के पास ज्यादा शेयर होते हैं, जिससे मनोवैज्ञानिक रूप से उन्हें लाभ का एहसास होता है। कम कीमत वाले शेयर में भविष्य में बढ़ोतरी की संभावनाएँ भी अधिक दिखाई देती हैं, हालांकि दीर्घकालिक मूल्य वृद्धि अंततः कंपनी की कमाई और प्रदर्शन पर निर्भर करती है, न कि सिर्फ शेयर स्प्लिट पर।




पहल | अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट 2030 तक करेगी 17 .5 अरब डॉलर का निवेश

# भारत में डेटा सेंटर की बढ़ती क्षमता से उत्साहित : नडेला

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्य नडेला ने बुधवार को कहा कि वह भारत में अपनी कंपनी की स्थापित की जा रही डेटा सेंटर क्षमता को लेकर उत्साहित हैं और उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ कंपनी की निवेश योजनाओं पर चर्चा की है। नडेला ने देश के कृत्रिम मेधा (एआई)-प्रधान भविष्य के लिए बुनियादी ढांचे और स्वायत्त क्षमताओं के निर्माण में मदद करने के लिए 2030 तक 17.5 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश की घोषणा की है। यह पिछले दो महीनों में देश में तीसरा बड़ा एआई-संचालित निवेश है।

उन्होंने कहा कि माइक्रोसॉफ्ट की निवेश योजना भारत की प्रौद्योगिकी प्रगति का प्रतीक है और वह देश में तैयार हो रही डेटा सेंटर क्षमता को लेकर उत्साहित हैं। माइक्रोसॉफ्ट के एक कार्यक्रम में नडेला ने कहा हम डेटा सेंटर की बढ़ती क्षमता को लेकर बेहद उत्साहित हैं। पुणे, चेन्नई और मुंबई में हमारे पास पहले से ही सुविधाएं मौजूद हैं। हैदराबाद स्थित हमारे 'इंडिया साउथ सेंट्रल क्लाउड रीजन' को लेकर भी हम बेहद उत्सुक हैं जो अगले साल शुरू होने वाला है। हैदराबाद स्थित माइक्रोसॉफ्ट के 'इंडिया साउथ सेंट्रल क्लाउड रीजन' के 2026 मध्य में चालू होने की उम्मीद है। नडेला ने कहा कि हमने जो निवेश किया है, उससे हम बेहद उत्साहित हैं। मुझे कल (मंगलवार) प्रधानमंत्री मोदी से मिलने का मौका मिला और निवेश को लेकर हमारी उत्सुकता पर चर्चा की। भारत में डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण व्यवस्था लागू होने की तैयारी के बीच माइक्रोसॉफ्ट भारतीय ग्राहकों के लिए स्वायत्त सार्वजनिक क्लाउड और स्वायत्त निजी क्लाउड सेवाएं शुरू कर रहा है।



• प्रधानमंत्री से कंपनी की निवेश योजनाओं पर सीईओ ने की चर्चा

### श्रम मंत्रालय ने माइक्रोसॉफ्ट से किया समझौता

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने देश में रोजगार अवसर बढ़ाने, कृत्रिम मेधा (एआई) कौशल के विकास एवं कार्यबल की तैयारी को बढ़ावा देने के लिए प्रौद्योगिकी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट के साथ एक प्रारंभिक समझौते पर बुधवार को हस्ताक्षर किए। मंत्रालय के मुताबिक, यह सहयोग रोजगार संबंधों को विस्तारित करने, एआई-आधारित कौशल विकास को बढ़ावा देने और भारत के कार्यबल को वैश्विक अवसरों के लिए तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया और माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्य नडेला की उपस्थिति में इस आशय के समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। अमेरिकी बहुराष्ट्रीय प्रौद्योगिकी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट अपने व्यापक अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क से 15,000 से अधिक नियोक्ताओं एवं भागीदारों को मंत्रालय के 'नेशनल करियर सर्विसेज' (एनसीएस) मंच पर आने के लिए प्रोत्साहित करेगी।

# चांदी में 11,500 रुपये की उछाल, सोना भी तेज

**नई दिल्ली।** वैश्विक संकेतों के कारण मजबूत घरेलू मांग आने के बीच बुधवार को सर्राफा बाजार में चांदी 11,500 रुपये की जबर्दस्त उछाल के साथ 1,92,000 रुपये प्रति किलोग्राम के नए शिखर पर पहुंच गई। यह दो महीनों के दौरान एक कारोबारी दिवस में चांदी की कीमत में आई सबसे बड़ी तेजी रही।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने कहा कि स्थानीय खुदरा बाजारों में बुधवार को चांदी 11,500 रुपये चढ़कर 1,92,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। इस साल अब तक चांदी की कीमतों में कुल 1,02,300 रुपये यानी 114.04 प्रतिशत की तीव्र वृद्धि दर्ज की गई है।

इस बीच, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत बुधवार को 800 रुपये बढ़कर 1,32,400 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर मिलाकर) हो गई, जबकि मंगलवार को यह 1,31,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।

# इंडिगो संकट से दिल्ली के व्यापार, पर्यटन क्षेत्र को 1,000 करोड़ का नुकसान : सीटीआई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उद्योग एवं व्यापार मंडल सीटीआई ने बुधवार को अनुमान जताया कि इंडिगो की उड़ानें रद्द होने से दिल्ली के व्यापार, उद्योग, पर्यटन और प्रदर्शनी क्षेत्र को 1000 करोड़ का नुकसान हुआ है। दिल्ली के बाजार संगठनों के निकाय चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (सीटीआई) ने दावा किया कि दस दिनों में शहर के बड़े बाजारों में आने वाले लोगों की संख्या में 25 प्रतिशत की गिरावट आई है।

देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो की एक दिसंबर से अब तक 4,000 से ज्यादा उड़ानें रद्द हो चुकी हैं, जिससे यात्रा योजना में काफी रुकावट आई है। सीटीआई के चेयरमैन बृजेश गोयल ने कहा कि हर दिन, 1.5 लाख से ज्यादा लोग दिल्ली हवाईअड्डे से यात्रा करते हैं, जिनमें से 50 हजार व्यापारी होते हैं। उड़ानें रद्द होने से दिल्ली आने वाले व्यापारियों की संख्या में कमी आई है, जिसका असर व्यापार पर पड़ है।

सीटीआई ने कहा कि उड़ानें रद्द होने से होटल, रेस्टोरेंट, बैंक्वेट और रिज़ॉर्ट बुकिंग में भी भारी गिरावट आई है। गोयल ने कहा कि पिछला हफ़्ता इंडिगो के लिए 'बहुत बुरा' और पर्यटकों एवं व्यवसायियों दोनों के लिए मुश्किलों से भरा रहा। मनोज ट्रैवल्स के निदेशक मनोज खंडेलवाल ने कहा कि दिल्ली में व्यस्त पर्यटन मौसम के दौरान इंडिगो संकट पैदा होने से बहुत बुरा असर पड़ा है। क्रिसमस और नए साल की यात्रा के लिए अग्रिम बुकिंग पर पहले से असर दिखने लगा है।

• दस दिनों में दिल्ली के बड़े बाजारों में आने वाले लोगों की संख्या में 25 प्रतिशत की गिरावट आई

### निदेशक मंडल करेगा जांच : चेयरमैन मेहता

**मुंबई।** परिचालन संकट से गुजर रही इंडिगो के चेयरमैन विक्रम सिंह मेहता ने बुधवार को कहा कि एयरलाइन का निदेशक मंडल उड़ान व्यवधानों के हर पहलू की जांच करेगा। मेहता ने वीडियो संदेश में कहा कि निदेशक मंडल ने प्रबंधन के साथ काम करने और व्यवधानों के मूल कारणों का पता लगाने में मदद करने के लिए बाहरी तकनीकी विशेषज्ञों को शामिल करने का निर्णय लिया है। मेहता ने कहा कि तीन दिसंबर को अप्रत्याशित घटनाओं की शृंखला से बड़े पैमाने पर उड़ानें रद्द हुईं। हमारे हजारों यात्री फंस गए... मुझे पता है कि इससे कितनी परेशानी हुई। हमें इसका खेद है। मेहतर ने कहा कि हम उन दिनों में आपकी अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतर पाए।

# भारत में हजारों एच1बी वीजा के साक्षात्कार रद्द किए जाने से आवेदकों में भारी आक्रोश

- सोशल पोस्ट और ऑनलाइन प्रोफाइल जांच को बताया वजह

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत में इस महीने के अंत में होने वाले हजारों एच-1बी वीजा आवेदकों के पूर्व-निर्धारित साक्षात्कार अचानक कई महीनों के लिए स्थगित कर दिए गए हैं, जिसका कारण उनके सोशल मीडिया पोस्ट और ऑनलाइन प्रोफाइल की जांच करना बताया जा रहा है।

जिन आवेदकों के वीजा के लिए अगले सप्ताह साक्षात्कार निर्धारित थे, उनमें से कुछ को अमेरिकी आव्रजन अधिकारियों से ईमेल प्राप्त हुए हैं जिसमें उन्हें सूचित किया गया है कि उनके साक्षात्कार अगले वर्ष मई तक के लिए स्थगित कर दिए गए हैं। बढ़ी हुई जांच प्रक्रियाओं के मद्देनजर एच-1बी वीजा आवेदकों के निर्धारित साक्षात्कारों को बड़े पैमाने पर रद्द किए जाने से उनके अमेरिका लौटने में काफी देरी होने की आशंका है। साक्षात्कारों का पुनर्निर्धारण उन सभी आवेदकों के लिए किया गया है जिन्हें पहले 15 दिसंबर या उसके बाद के लिए अपॉइंटमेंट दिए गए थे। इनमें से अधिकांश पहले से ही भारत में थे और अब नई साक्षात्कार तिथियों के कारण अमेरिका लौटने में असमर्थ हैं क्योंकि अमेरिका वापस जाने के लिए वैध एच-1बी वीजा नहीं है।

### प्रभावित आवेदकों की सटीक संख्या ज्ञात नहीं

समझा जा रहा है कि वीजा आवेदकों के सोशल मीडिया प्रोफाइल की जांच के लिए नए मानदंडों को देखते हुए वीजा आवेदकों की कई अन्य श्रेणियों के साक्षात्कार भी स्थगित किए जा रहे हैं। वीजा साक्षात्कार में देरी से प्रभावित आवेदकों की सटीक संख्या अभी तक ज्ञात नहीं है। भारत स्थित अमेरिकी दूतावास ने वीजा आवेदकों से आग्रह किया है कि वे अपनी पूर्व निर्धारित साक्षात्कार तिथि के आधार पर दूतावास न आएं। कई वीजा आवेदकों ने सोशल मीडिया में अपने पोस्ट में आपबीती साझा की।

## पायलट ड्यूटी के नए नियम

भारत में पायलटों के लिए ड्यूटी और विश्राम के नियमों में बड़े बदलाव लागू होने के बाद पूरे विमानन क्षेत्र में हलचल मच गई है। नए नियम जहां विमानों, यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम माने जा रहे हैं, वहीं अन्य देशों से उन्हें कुछ ज्यादा सख्त बताया जा रहा है। नियमों का तुरंत असर विशेषकर इंडिगो जैसी बड़ी एयरलाइन पर स्पष्ट दिखाई दिया, जिसने सैकड़ों उड़ानें रद्द कर दीं। अंतर्राष्ट्रीय वायु परिवहन संघ (आईएटीए) के महानिदेशक विली वॉल्श ने कहा कि पायलटों के लिए नए उड़ान ड्यूटी नियम अन्य देशों की तुलना में कार्यावधि को सीमित करने वाले प्रतीत होते हैं लेकिन स्थिति सामान्य होने में समय लगेगा। आइए जानते हैं पुराने नियम क्या थे, नए नियम कैसे बदले, दुनिया में क्या मानक हैं और भारत में विमानन नियामक डीजीसीए का क्या रुख है।

## आसमान में उथल-पुथल




### नए नियम में यह हुए बदलाव

डायरेक्टरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) ने 2025 में मौजूदा नियमों को पूरी तरह संशोधित कर दिया। सबसे अहम बदलावों में साप्ताहिक रेस्ट 36 से 48 घंटे, दो स्थानीय रातों के साथ कर दिया गया। नाइट ड्यूटी में भी बदलाव किया गया। रात की उड़ान अधिकतम 8 घंटे फ्लाइट टाइम, 10 घंटे ड्यूटी कर दिया गया। एक पायलट के लिए केवल 2 नाइट लैंडिंग कर दी गई जबकि पहले 6 तक अनुमति थी। एयरलाइंस को अब क्रू थकावट पर अनिवार्य रिपोर्टिंग करना होता है।

### दुनिया के अन्य देशों में नियम

अमेरिका, यूरोप और अन्य उन्नत विमानन बाजारों में पायलटों के लिए सख्त नियम पहले से लागू हैं। आईसीएओ भी सदस्य देशों को पायलटों की थकान को प्राथमिकता देने की सलाह देता रहा है। भारत के नए नियम अब वैश्विक मानकों से काफी हद तक मेल खाते हैं।

### ड्यूटी के पुराने नियम

पुराने विमानन नियमों के अनुसार भारत में पायलट को 36 घंटे का साप्ताहिक आराम मिलता था और रात की ड्यूटी 5 बजे तक ही थी यह ढांचा अंतर्राष्ट्रीय मानकों से कम सख्त माना जाता था।

### डीजीसीए ने कहा-सुरक्षा पहले

डीजीसीए का रुख साफ है। उसका कहना है कि नए नियम सुरक्षा के लिए आवश्यक हैं। पायलट थकावट एक गंभीर खतरा है। हालांकि अचानक संकट को देखते हुए नियामक ने इंडिगो सहित कुछ ऑपरेटरों को अस्थायी राहत/छूट दी, ताकि उड़ान संचालन सामान्य हो सके। साथ ही डीजीसीए ने स्पष्ट किया कि यह छूट अस्थायी है और सुरक्षा पर किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा।

### क्यों बिगड़ा हाल? उड़ानें रद्द होने का कारण

नए नियम लागू होने के तुरंत बाद कई एयरलाइंस, सबसे अधिक इंडिगो अपने रोस्टर को नए मानकों के अनुसार समायोजित नहीं कर पाईं। जिससे पायलट/केबिन क्रू की उपलब्धता अचानक कम हो गई। नाइट लैंडिंग और नाइट ड्यूटी सीमा से शेड्यूलिंग बाधित हुई। एयरलाइंस ने डीजीसीए को बताया कि नए नियम से तकनीकी दिक्कतें आईं जिससे हवाईअड्डों पर भीड़ हो गई। परिचालन में बाधा देश भर में महसूस की गई।

### अंतर्राष्ट्रीय संगठनों की चिंता

भारत द्वारा एक एयरलाइन को ड्यूटी नियमों में छूट देने पर वैश्विक पायलट संघों ने सुरक्षा संबंधी चिंता जताई। उनका कहना है कि थकावट-रोधी नियमों में छूट देना लंबी अवधि में जोखिम पैदा कर सकता है। भारत के नए पायलट ड्यूटी नियम सुरक्षा की दृष्टि से एक सकारात्मक और आवश्यक बदलाव हैं। लेकिन अचानक परिवर्तन और सभी एयरलाइंस की तैयारियों में अंतर के कारण इसका असर सीधे उड़ान संचालन पर पड़ा। अगले कुछ महीनों में यह साफ हो जाएगा।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### भारतीय मूल के व्यक्ति को 25 साल की सजा

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया के क्वींसलैंड में एक समुद्र तट पर 24 वर्षीय महिला की हत्या के मामले में भारतीय मूल के एक व्यक्ति को 25 साल की जेल की सजा सुनाई गई है। एबीसी न्यूज ने मंगलवार को अपनी खबर में बताया कि केर्न्स स्थित उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को पूर्व नर्स राजविंदर सिंह (41) को टोया कॉर्डिंगली की हत्या का दोषी पाया। न्यायमूर्ति लिंकन क्रॉली ने कहा कि महिला की हत्या के पीछे राजविंदर सिंह का मकसद अज्ञात था।

### ऑस्ट्रेलिया में किशोरों पर सोशल मीडिया प्रतिबंध

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया में 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया प्रतिबंध बुधवार से प्रभावी हो गया है और देश के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने दुनिया में इस तरह के पहले सोशल मीडिया प्रतिबंध का स्वागत किया है। हालांकि अल्बनीज ने आगाह किया कि कार्यान्वयन कठिन हो सकता है। अल्बनीज ने कहा कि यह सुधार जिंदगियां बदल देगा।

### दो चीनी नागरिकों के खिलाफ चार्जशीट

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने एचपीजेड टोकन निवेश धोखाधड़ी के सिलसिले में दो चीनी नागरिकों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है, जिसमें कोरोनाकाल के दौरान फर्जी कंपनियों के जरिये लोगों से 1,000 करोड़ से अधिक की ठगी किए जाने का आरोप है। सीबीआई ने आरोप पत्र में कहा कि चीनी नागरिकों के नियंत्रण वाली कंपनी 'शिगू टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड' ने कोविड लॉकडाउन के दौरान 'एचपीजेड टोकन' नाम के एक फर्जी मोबाइल एप का इस्तेमाल करके लोगों के साथ ठगी की।

# भारत की उन्नति में महत्वपूर्ण योगदान देगा इटली : तजानी

## उप प्रधानमंत्री बोले-आर्थिक संबंधों की मजबूती को बढ़ाएंगे औद्योगिक सहयोग

नई दिल्ली, एजेंसी

इटली के उप प्रधानमंत्री एंटोनियो ताजानी ने कहा कि भारत की वृद्धि में इटली महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है और द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए औद्योगिक सहयोग, संयुक्त उद्यम एवं सह-विकास परियोजनाओं को मजबूत करने पर विचार कर रहा है। ताजानी अमेरिका की शुल्क नीतियों के मद्देनजर दुनिया भर में व्यापार संबंधों के पुनर्गठन की पृष्ठभूमि में दोनों देशों के बीच आर्थिक साझेदारी को और मजबूत करने के उद्देश्य से भारत की तीन दिवसीय यात्रा पर हैं। उनके पास विदेश मंत्रालय का प्रभार भी है।

उप प्रधानमंत्री ने कहा कि इतालवी विदेश मंत्रालय ने स्थानीय बाजार में प्रवेश करने और संयुक्त उद्यम बनाने वाली इतालवी कंपनियों का समर्थन करने के लिए भारत के लिए 50 करोड़ यूरो की एक समर्पित वित्तपोषण सुविधा (लाइन) शुरू की है। उन्होंने कहा कि अपनी इस यात्रा के माध्यम से मैं भारत में इटली की और इटली में भारत की मौजूदगी बढ़ाना चाहता हूं। भारत एक विशाल बाजार है, एक तेजी से विकसित होती आर्थिक शक्ति है। बुनियादी ढांचे से लेकर नई प्रौद्योगिकियों तक, सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेवाओं से लेकर अंतरिक्ष तक विभिन्न क्षेत्रों में इसकी उल्लेखनीय उपलब्धियां हैं।


नई दिल्ली में इटली के उप प्रधानमंत्री एंटोनियो ताजानी व सीओएनआई के अध्यक्ष लुसियानों के साथ केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया और आईओए अध्यक्ष पीटी ऊषा।

मंत्री ने कहा कि इतालवी कंपनियां इस असाधारण अवसरों से भरपूर देश में तेजी से रुचि दिखा रही हैं। मेरा मुख्य लक्ष्य उन्हें महत्वाकांक्षी और ठोस परिणाम प्राप्त करने में मदद करना है। ताजानी ने भारत को प्राथमिकता वाला देश बताया और उसे इटली का लंबे समय से भरोसेमंद मित्र करार दिया। उन्होंने कहा कि भारत प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर एक रणनीतिक साझेदार है और अर्थव्यवस्था, व्यापार, निवेश एवं नवाचार के क्षेत्रों में एक विशेषाधिकार प्राप्त वार्ताकार है। इटली, भारत का यूरोप में एक प्रमुख साझेदार है और पिछले कुछ वर्षों में दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। पिछले वर्ष नवंबर में दोनों पक्षों ने रक्षा, व्यापार, स्वच्छ ऊर्जा एवं संपर्क जैसे प्रमुख क्षेत्रों में विशिष्ट पहलों की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए एक महत्वाकांक्षी पांच वर्षीय रणनीतिक कार्य योजना पेश की थी। दोनों देशों के बीच वर्तमान में वार्षिक द्विपक्षीय व्यापार करीब 14 अरब यूरो है और दोनों पक्ष एक मजबूत व्यापार ढांचे के तहत इसे बढ़ाने की दिशा में प्रयासरत हैं। उप प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने हाल ही में इतालवी विशेषज्ञता को विश्व स्तर पर बढ़ावा देने के लिए एक निर्यात योजना भी शुरू की है और भारत रणनीतिक रूप से हमारी प्राथमिकता वाले देशों में से एक है। उन्होंने कहा कि पिछले एक वर्ष में 50 करोड़ यूरो का अतिरिक्त इतालवी निवेश हमारी कंपनियों की प्रतिबद्धता का एक ठोस संकेत है। उप प्रधानमंत्री ने कहा कि इटली की निर्यात ऋण एजेंसी ने पहले से जारी की गई दो अरब यूरो से अधिक की गारंटी के अतिरिक्त, स्थानीय मुद्रा में देश में अपना निवेश करीब 20 करोड़ यूरो तक बढ़ा दिया है। ताजानी ने कहा कि इटली न केवल अधिक निर्यात करना चाहता है बल्कि औद्योगिक सहयोग, संयुक्त उद्यम, सह-विकास और सह-उत्पादन परियोजनाओं को बढ़ाने का भी लक्ष्य रखता है।

### व्यापार और निवेश को करेंगे संतुलित

तजानी ने कहा कि हम भारत से इटली सहित अपने व्यापार एवं निवेश लेन-देन को बढ़ा और संतुलित कर सकते हैं। मंत्री ने कहा कि हम एक स्थिर देश हैं। यूरोप में दूसरे सबसे बड़े विनिर्माता हैं और हम भारतीय उद्योग एवं विनिर्माण विशेष रूप से मशीनरी व उद्योग की वृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। ताजानी ने कहा कि इतालवी कंपनियां डिजाइन से लेकर उन्नत विनिर्माण तक, कृषि मशीनरी से लेकर रक्षा उद्योग और कई अत्याधुनिक क्षेत्रों में अग्रणी हैं।

## यूक्रेन-रूस शांति समझौते में यूरोप की भूमिका अहम

**रोम।** पोप लियो 14वें ने कहा कि यूक्रेन शांति समझौते में यूरोप की भूमिका अनिवार्य है और उन्होंने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले प्रशासन की उस कोशिश की आलोचना की जिसका उद्देश्य लंबे समय से बरकरार अमेरिका-यूरोप गठबंधन को तोड़ना है। लियो यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे। जेलेंस्की कीव के लिए यूरोपीय समर्थन जुटाने के मकसद से एक बार फिर दौरे पर हैं। अमेरिकी पोप ने कहा कि इस मुलाकात के दौरान युद्धविराम की जरूरत और रूसी अधिकारियों द्वारा ले जाए गए यूक्रेनी बच्चों की वापसी में वेटिकन की मध्यस्थता के प्रयासों पर चर्चा हुई।पोप से अमेरिकी शांति प्रस्ताव और वार्ता प्रक्रिया में यूरोपीय शक्तियों को किनारे किए जाने के बारे में पूछा गया। इस पर उन्होंने कहा कि किसी भी समझौते में यूरोप की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यूरोप को बातचीत में शामिल किए बिना शांति समझौता करना अव्यावहारिक है क्योंकि युद्ध यूरोप में ही चल रहा है। आज और भविष्य की सुरक्षा के लिए भी गारंटियों की तलाश की जा रही है। यूरोप को इसका हिस्सा होना चाहिए और दुर्भाग्य से हर कोई इसे नहीं समझता, लेकिन मुझे लगता है कि यूरोपीय नेताओं के एकजुट होकर समाधान खोजने का यह बड़ा अवसर है। पोप से अमेरिका की शांति योजना पर सवाल पूछा गया तो उन्होंने यह टिप्पणी की।

# भारत में नए उड़ान नियम कार्यावधि को घटाने वाले : वॉल्श

- आईएटीए प्रमुख बोले-विमान सुरक्षा नियामक की जिम्मेदारी

जिनेवा, एजेंसी




अंतर्राष्ट्रीय वायु परिवहन संघ (आईएटीए) के महानिदेशक विली वॉल्श ने कहा कि पायलटों के लिए नए उड़ान ड्यूटी नियम अन्य देशों की तुलना में कार्यावधि को सीमित करने वाले प्रतीत होते हैं और स्थिति सामान्य होने में समय लगेगा। भारत की सबसे बड़ी विमानन कंपनी इंडिगो के समक्ष पिछले एक सप्ताह में पेश हुई परिचालन संबंधी बाधाओं की पृष्ठभूमि में वॉल्श ने यह बात कही है। इन व्यवधानों के कारण इंडिगो की सैकड़ों उड़ानें रद्द की गईं और हजारों यात्री प्रभावित हुए।

वॉल्श ने कहा कि भारत के नए नियम अन्य देशों के नियमों की तुलना में (कार्यावधि को) सीमित करने वाले प्रतीत होते हैं लेकिन मुझे लगता है कि आपको हमेशा यह स्वीकार करना होगा कि नियामकों की यह जिम्मेदारी है कि वे यह सुनिश्चित करें कि उद्योग सुरक्षित हो। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि ये बदलाव सही कारणों से लागू किए गए हैं। अब बस कुछ समय की बात है जब सब कुछ सामान्य हो जाएगा। जेनेवा में एक मीडिया गोलमेज सम्मेलन में वॉल्श ने यह भी कहा कि पायलट की थकान के मानदंड एक ऐसा मुद्दा है जिस पर यूरोप और अमेरिका में हर समय बहस होती रहती है। वॉल्श ने कहा कि भारत ने निर्णय लिया है कि वे उपाय करना चाहते हैं। खासतौर पर रात्रिकालीन परिचालनों के दौरान संभावित थकान को दूर करने के लिए, जिसका स्वाभाविक रूप से कम लागत वाली विमानन कंपनियों पर अधिक प्रभाव पड़ेगा क्योंकि उनका व्यवसाय मॉडल ऐसा है... यह निराशाजनक है कि इस बदलाव के परिणामस्वरूप इतने यात्री प्रभावित हुए हैं। आईएटीएकरीब 360 विमानन कंपनियों का एक वैश्विक समूह है जो वैश्विक हवाई यातायात के 80 प्रतिशत से अधिक का प्रतिनिधित्व करती हैं। आईएटीए के सदस्यों में एयर इंडिया, इंडिगो और स्पाइसजेट शामिल हैं। अन्य पहलुओं के अलावा, उड़ान ड्यूटी समयसीमा मानदंडों के दूसरे चरण ने पायलट द्वारा रात में की जाने वाली लैंडिंग की संख्या को सीमित कर दिया।

# नोबेल लेने नहीं पहुंचीं वेनेजुएला की मचाडो

ओस्लो, एजेंसी

वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरिना मचाडो की बेटी ने बुधवार को अपनी मां की ओर से नोबेल शांति पुरस्कार प्राप्त किया। अधिकारियों ने मचाडो के समारोह में शामिल न होने की घोषणा की थी, जिसके कुछ घंटों बाद मचाडो की बेटी ने पुरस्कार प्राप्त किया। मचाडो नौ जनवरी से सार्वजनिक रूप से नहीं देखी गई हैं। उन्हें वेनेजुएला की राजधानी काराकास में विरोध प्रदर्शन में शामिल होने के बाद हिरासत में लिया गया था।

नॉर्वे की नोबेल समिति के अध्यक्ष जोर्गेन वाटने फ्राइडनेस ने पुरस्कार समारोह में कहा कि मारिया कोरिना मचाडो ने बुधवार को समारोह में शामिल होने के लिए अपनी पूरी कोशिश की। वह इस समारोह और आज के कार्यक्रमों में शामिल नहीं हो पाएंगी, लेकिन हमें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि वह सुरक्षित हैं और ओस्लो में हमारे साथ होंगी। नॉर्वे के नोबेल संस्थान के निदेशक और मचाडो के प्रवक्ता ने पहले ही बता दिया था कि वह समारोह में शामिल नहीं हो पाएंगी। मचाडो की बेटी एना कोरिना सोसा ने उनकी जगह समारोह में शिरकत की। नोबेल वेबसाइट पर प्रकाशित फोन कॉल की ऑडियो रिकॉर्डिंग में मचाडो ने कहा कि ओस्लो पहुंचने के लिए कई लोगों ने अपनी जान जोखिम में डाली। मुझे पता है कि दुनिया के विभिन्न हिस्सों से सैकड़ों वेनेजुएलावासी आपके शहर तक पहुंचने में सक्षम हुए हैं और इस समय ओस्लो में मौजूद हैं।



- वेनेजुएला की विपक्षी नेता की बेटी ने पुरस्कार प्राप्त किया

# चंद्रयान की खोज ने चांद और मंगल मिशन तैयारियों को दी नई दिशा

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** चंद्रयान-3 द्वारा चांद पर उच्चस्तरीय तापमान और सक्रिय विद्युत वातावरण ने चंद्रमा और मंगल पर बस्ती बसाने के इरादों की दिशा बदल दी है। साथ ही नई सोच विकसित करने के लिए मजबूर कर दिया है। अब वैज्ञानिकों को चांद के वातावरण के अनुकूल इंसान को ढालने के लिए नए उपाय तलाशने होंगे।

हमारे नजदीक होने के कारण चंद्रमा ही एकमात्र ऐसा उपग्रह है, जो हमें दूसरे ग्रहों पर इंसान को ले जाने वाली अंतरिक्ष योजनाओं को क्रियान्वित करने के लिए सहयोगी के रूप में बेहद मददगार साबित हो सकता है। चंद्रमा पर आगामी मिशन चलाने वाली स्पेस एजेंसियों में नासा, ईसा और चायना समेत इसरो प्रमुख हैं, जिनमें सर्वाधिक सक्रिय अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा है, जो आर्टेमिस मिशन के जरिए सबसे पहले चांद पर मानव दल पहुंचाना चाहता है और मंगल पर पहुंचने से पहले चांद को अपना पड़ाव बनाना चाहता है। मगर इसरो की नई खोज से आर्टेमिस मिशन में विलंब तो होगा। साथ ही, चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर तीन हजार केल्विन से अधिक तापमान में खुद को जिंदा रखने के लिए उपाय तलाशने होंगे। इसके अलावा चंद्रमा प र सक्रिय विद्युत वातावरण में रह पाना भी बड़ी समस्या चंद्रयान-3 के जरिए सामने आई है। दरअसल, माना जाता था कि चंद्रमा का दक्षिणी ध्रुव ठंडा है और तापमान शून्य से नीचे रहता है। लिहाजा इंसान के ठहरने के लिए चांद का दक्षिणी ध्रुव माकूल जगह हो सकती थी। मगर अब यह धारण बदल चुकी है। अब वैज्ञानिकों को सक्रिय विद्युत वातावरण से संचार और नेविगेशन में बदलाव करना होगा। वहां मौजूद प्लाज्मा रेडियो तरंगों में व्यवधान उत्पन्न कर सकता है। अब उन्नत एंटीना और फ्रीक्वेंसी-एडाप्टिव सिस्टम नए तरीके से डिजाइन करने होंगे और रेडिएशन शील्डिंग व प्लाज्मा रेसिस्टेंट मटेरियल्स उपयोग में लाना होगा ताकि चन्द्रमा पर मौजूद रेडिएशन से बचा जा सके।



- चांद के अनुकूल इंसान को ढालने को नए उपाय तलाशने होंगे

### चांद पर पहुंचने के लिए अहम है खोज


आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) नैनीताल के वरिष्ठ खगोल वैज्ञानिक डॉ. शशिभूषण पांडे के अनुसार, दूसरे ग्रहों पर मानव मिशन को सफल बनाने के लिए चंद्रमा की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। वैज्ञानिक मंगल पर जीवन की प्रबल संभावनाओं को लेकर आश्वस्त है। मंगल का रास्ता चंद्रमा से होकर जाता है जिस कारण चन्द्रमा को एक डिपो के रूप में तैयार करने की योजना दुनियाभर के वैज्ञानिकों की है।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 11 दिसंबर, गुरुवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- पौष, पक्ष-कृष्ण पक्ष, सप्तमी 13 .56 तक तत्पश्चात अष्टमी।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**- दक्षिण, **ऋतु**- हेमंत।
**चन्द्रबल**- मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
**ताराबल**- अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**-पूर्वाफाल्गुनी 12 दिसंबर 03 .55 तक तत्पश्चात उत्तराफाल्गुनी।

**मेष** – आज आपकी उपलब्धियों की लोग प्रशंसा करेंगे। ऑनलाइन कार्यों से जुड़े कामों में सफलता मिलेगी। आपकी व्यवहार कुशलता की लोग प्रशंसा करेंगे। उधार के लेन-देन में आपको लाभ मिलेगा। घर में सुख-शांति का वातावरण रहेगा।

**वृष** – आज जोखिम भरे निवेश करने से पहले जानकारी लेलें। व्यापार में आपको एक से अधिक अवसर मिल सकते हैं। आपको त्वरित निर्णय नहीं लेने चाहिए। कुछ लोग आपका अपमान कर सकते हैं। स्वास्थ्य पहले से बहुत ही अच्छा रहेगा।

**मिथुन** – आज अचानक धन लाभ होने के योग बन रहे हैं। लोगों के बीच आपके किसी अच्छे काम की चर्चा होगी। कार्यक्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन हो सकते हैं। समान विचारधारा वाले लोगों के बीच अति उत्तम समय व्यतीत करेंगे।

**कर्क** – आज दूसरों की सहायता करने से आपको सुकून मिलेगा, किंतु आत्मसम्मान का सदैव ध्यान रहें। कोई शुभ समाचार आपका दिन बना देगा। घर के किसी सदस्य के व्यवहार को लेकर थोड़े खिन्न हो सकते हैं। परोपकार के कार्यों में आप रुचि लेंगे।

**सिंह** – आज दांपत्य जीवन में परस्पर प्रेम और विश्वास की भावना में वृद्धि होगी। विदेश यात्रा में परेशानी होने की संभावना है। आपकी वाणी में सौम्यता आपको परिवार में विशेष सम्मान का हकदार बनाएगी। आपके रुके हुए कार्य संपन्न होंगे।

**कन्या** – आज व्यापार में नुकसान की आशंका से परेशान रहेंगे। छात्र कुछ नया सीखने का प्रयास करेंगे। आपको कोई बड़ा और विशेष कार्य आरंभ नहीं करना चाहिए। नाक, कान और गला संबंधी समस्या हो सकती है।

**तुला** – आज पुराने मित्र से आपको सहायता मिलेगी। उत्तम भोजन के शौकीन रहेंगे। परिवार में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। विद्यार्थी अपनी रणनीति में कुछ प्रयोग कर सकते हैं। स्वजनों का भरपूर प्रेम और सम्मान प्राप्त होगा।

**वृश्चिक** – आज आपके द्वारा कही गई कोई बात सत्य सिद्ध होगी। किसी मध्यस्थ के कारण से आपका कोई अटका काम बन सकता है। आपको किसी को वचन नहीं देना चाहिए। संपति के विक्रय की योजना बनाएंगे। प्रेम विवाह को लेकर सहमति बन सकती है।

**धनु** – आज मस्तिष्क में नई योजनाओं का प्रवाह बढ़ता जाएगा। विरोधियों के बीच आपका वर्चस्व बढ़ेगा। पिता की बातें बुरी लग सकती हैं। रियल एस्टेट से जुड़े मामलों में सावधानी रखें। गुप्त शत्रु आपके खिलाफ भावनाएं भड़का सकते हैं।

**मकर** – आज गृहकार्यों में अत्यधिक व्यस्त रहने वाले हैं। व्यापारिक डील में हानि हो सकती है। कार्यक्षेत्र में कोई बड़ा परिवर्तन करना पड़ सकता है। बच्चों के व्यवहार में नियंत्रण रखें। किसी धार्मिक संस्था में सम्मिलित हो सकते हैं।

**कुंभ** – आज सभी कार्य शांतिपूर्ण तरीके से होंगे। कहीं दूर की यात्रा का विचार बना सकते हैं। मनोरंजन के कार्यों में आप धन खर्च कर सकते हैं। पति-पत्नी आपसी प्रेम और भाईचारा बनाकर रखें। खानपान में आप परिवर्तन कर सकते हैं।

**मीन** – आज कार्यक्षेत्र में आपको लापरवाही नहीं करनी चाहिए। धार्मिक कार्यों में आप रुचि लेंगे। आप अत्यंत प्रसन्न रहने वाले हैं। नए संपर्कों से लाभ मिलेगा। कोई मूल्यवान वस्तु आपको प्राप्त हो सकती है। दिल की बजाय दिमाग से काम करें।

## सुडोकू -187

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 2 | | |
| 2 | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | 2 | | | | | | | |
| | 5 | | | | | | | |
| | | | | | 7 | 3 | | |
| | | 3 | | | | | | |
| | | 1 | 5 | | | | | |

### सुडोकू - 186 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 1 | 2 | 3 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 2 | 5 | 6 | 9 | 7 | 8 | 3 | 1 |
| 3 | 1 | 9 | 8 | 4 | 5 | 2 | 6 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 9 | 7 | 1 | 6 |
| 7 | 4 | 1 | 3 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 |
| 9 | 6 | 8 | 2 | 7 | 1 | 4 | 5 | 3 |
| 6 | 8 | 7 | 5 | 1 | 4 | 3 | 2 | 9 |
| 2 | 9 | 3 | 7 | 6 | 8 | 1 | 4 | 5 |
| 1 | 5 | 4 | 9 | 3 | 2 | 6 | 7 | 8 |



"मुझे नहीं लगता कि क्रिकेट से ज्यादा मैं किसी चीज से प्यार करती हूं। भारतीय जर्सी पहनना ही हमारी सबसे बड़ी प्रेरणा है। आप अपनी सारी परेशानियां एक तरफ रख देते हैं और सिर्फ यही आपको जीवन पर ध्यान लगाने में मदद करता है।
-स्मृति मंधाना


# स्टेडियम

बरेली, गुरुवार, 11 दिसंबर 2025

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## हाईलाइट

### स्क्वैश वर्ल्ड कप में भारत की जीत से शुरुआत

**चेन्नई :** भारत ने स्क्वैश वर्ल्ड कप 2025 में अपने अभियान की शानदार शुरुआत करते हुए पूल बी के पहले मैच में पहली बार खेल रही स्विट्जरलैंड को 4-0 से हराया। एक्सप्रेस एवेन्यू मॉल में खेले गए मुकाबले में राष्ट्रीय चैंपियन वेलावन सेंथिलकुमार ने दुनिया की 296वें नंबर की खिलाड़ी रॉबिन गडोला पर 3-0 (7-6, 7-6, 7-5) से कड़ी टक्कर वाली जीत के साथ भारत को जीत की राह पर ला खड़ा किया। स्विस खिलाड़ी ने पहले गेम में 6-5 की बढ़त बनाई, जिसके बाद वेलावन ने दो महत्वपूर्ण अंक हासिल किए और बाकी गेम भी इसी तरह कम अंतर से बराबर रहे। भारत की शीर्ष रैंक वाली 17 साल की अनाहत सिंह ने शांत प्रदर्शन करते हुए सेलीन वाल्सर को 3-0 (7-1, 7-4, 7-2) से हराया।

### मेसी दूसरी बार सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बने

**फोर्ट लॉडरडेल (फ्लोरिडा)।** इंटर मियामी के स्टार स्ट्राइकर लियोनेल मेसी को मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) में लगातार दूसरी बार साल का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। अर्जेंटीना के इस 38 वर्षीय दिग्गज खिलाड़ी के शानदार प्रदर्शन से उनकी टीम इंटर मियामी वर्ष की सर्वश्रेष्ठ टीम का पुरस्कार हासिल करने में सफल रही। एमएलएस कप चैंपियन टीम के कप्तान मेसी एमएलएस के इतिहास में लगातार दो बार सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी (एमवीपी) का खिताब जीतने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। मंगलवार को उन्हें लीग के इस साल के सर्वोच्च व्यक्तिगत सम्मान का विजेता घोषित किया गया। मेसी ने अपने साथियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि उनके बिना यह पुरस्कार जीतना संभव नहीं था। वह लीग के इतिहास में दो बार सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार हासिल करने वाले दूसरे खिलाड़ी भी बन गए हैं।

# मेजबान भारत 9 वर्षों बाद जीता पदक

**जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप** दो बार के पूर्व चैंपियन ने कांस्य पदक के प्लेआफ में अर्जेंटीना को हराया

**चेन्नई, एजेंसी**

आखिरी 11 मिनट में चार गोल करके भारत ने 2021 की चैंपियन अर्जेंटीना को बुधवार को कांस्य पदक के प्लेआफ मुकाबले में 4-2 से हराकर नौ साल बाद जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप में पदक जीत लिया। दो बार (होबार्ट 2001 और लखनऊ 2016) में चैंपियन रही भारतीय टीम ने आखिरी बार नौ साल पहले कोई पदक जीता था। पिछले दो बार टीम कांस्य पदक का मुकाबला हारकर चौथे स्थान पर रही थी। भारत के लिए अंकित पाल (49वां), मनमीत सिंह (52वां), शारदानंद तिवारी (57वां) और अनमोल इक्का (58वां) ने गोल दागे । वहीं अर्जेंटीना के लिये निकोलस रौद्रिगेज (पांचवां) और सैंटियागो फर्नांडिस (44 वां) ने गोल किए।

तीन क्वार्टर तक दो गोल से पिछड़ने के बाद भारत ने शानदार वापसी करते हुए आखिरी क्वार्टर में दनादन चार गोल करके खचाखच भरे मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम में मानो जान फूंक दी। पहले 49वें मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर को अंकित ने गोल में बदलकर भारत का खाता खोला। वहीं 52वें मिनट में भारत को फिर पेनल्टी कॉर्नर मिला जिस पर अनमोल इक्का के शॉट पर गेंद डिफ्लैक्ट होकर मनमीत की स्टिक से टकराकर गोल के भीतर गई। स्कोर 2-2 से बराबर होने के बाद लग रहा था कि मैच शूटआउट में जाएगा, लेकिन आखिरी सीटी बजने से तीन मिनट बाकी रहते भारत को अहम पेनल्टी स्ट्रोक मिला जिसे शारदानंद तिवारी ने गोल में बदलकर पहली बार भारत को बढ़त दिलाई। अर्जेंटीना को अगले मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन इस टूर्नामेंट की खोज रहे गोलकीपर प्रिंसदीप सिंह ने एक बार फिर शानदार बचाव किया। भारत को 58वें मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर को अनमोल इक्का ने गोल में बदला। पहले तीन मिनट में ही गोल गंवाने से स्तब्ध भारतीय टीम पहले पूरे क्वार्टर में दबाव में नजर आई। टूर्नामेंट के राउंड रॉबिन चरण में 29 गोल करने वाली मेजबान टीम कठिन प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ गोल करने के लिए जूझती दिखी । पिछले मैच में जर्मनी ने उसकी फॉरवर्ड पंक्ति को बांधे रखा तो वहीं इस मुकाबले में पहले हाफ में अर्जेंटीना के गोल में ज्यादा घुस नहीं पाये और एक भी पेनल्टी कॉर्नर हासिल करने में नाकाम रहे।

मैच शुरू होते ही अनमोल इक्का की गलती पर अर्जेंटीना को पेनल्टी स्ट्रोक मिल गया जिसे निकोलस रौद्रिगेज ने गोल में बदलकर मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम पर भारी तादाद में जमा दर्शकों को निराशा हाथ लगी।पहले क्वार्टर के आखिरी मिनट में भारत को बराबरी का मौका मिला जब आमिर अली से गेंद लेकर सौरभ आनंद कुशवाहा आगे बढे और अंकित पाल को गेंद सौंपी लेकिन अजित यादव इस मूव को अंजाम तक पहुंचाने में नाकाम रहे। दूसरे क्वार्टर में भी यही कहानी दोहराई गई । पहले ही मिनट में अर्शदीप ने हवाई पास दिया लेकिन आमिर ने उसे रोककर गेंद के स्थिर होने से पहले ही स्टिक घुमाकर मौका गंवा दिया। भारतीय टीम के पास फिर 22वें मिनट में बराबरी का गोल दागने का मौका था लेकिन सर्कल के भीतर पहले दिलराज सिंह और फिर अर्शदीप का कमजोर शॉट जर्मन गोलकीपर ने आसानी से बचा लिया । इसके तीन मिनट बाद अजित भी सटीक निशाना लगाने में नाकाम रहे । पहले हाफ में अर्जेंटीना ने एक गोल से बढत बना ली थी।

भारत को मैच का पहला पेनल्टी कॉर्नर दूसरे हाफ के पहले ही मिनट में मिला। पेनल्टी कॉर्नर पर भारत की कमजोरी उजागर हुई जब लगातार चार मौकों में से एक भी तब्दील नहीं हो सका। चौथे पेनल्टी कॉर्नर पर अनमोल का सीधा शॉट गोलपोस्ट से टकराकर बाहर निकल गया। अर्जेंटीना को इस बीच जवाबी हमलों में 40वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन टूर्नामेंट में अब तक शानदार प्रदर्शन करने वाले गोलकीपर प्रिंसदीप ने एक बार फिर शानदार बचाव किया। लेकिन भारतीय डिफेंस को एक बार फिर छितर बितर करके अर्जेंटीना ने दूसरा गोल करके खलबली मचा दी। तीसरा क्वार्टर खत्म होने से एक मिनट पहले सैंटियागो फर्नांडिस ने भारतीय डिफेंस को पूरी तरह चकमा देकर गोल के बायें ओर से सटीक शॉट लगाकर गेंद को घुसा दिया।




जीत का जश्न मनाते भारतीय खिलाड़ी। एजेंसी

### आखिरी क्वार्टर में सफलता पर था यकीन : कप्तान

**चेन्नई :** अर्जेंटीना के खिलाफ जूनियर हॉकी विश्व कप के कांस्य पदक के मैच में आखिरी क्वार्टर में चार गोल करके 4-2 से जीत दर्ज करने वाली भारतीय टीम के कप्तान रोहित ने कहा कि उन्हें यकीन था कि आखिरी मिनटों में गोल हो जाएंगे। रोहित ने नौ साल बाद टूर्नामेंट में भारत को कांस्य पदक दिलाने के बाद भाषा से कहा पहले तीन क्वार्टर में थोड़ा दबाव था लेकिन हमे यकीन था कि अगर आखिरी क्वार्टर में पूरे आक्रमण के साथ खेलें तो जीत जाएंगे। हमने वही किया और विचलित हुए बिना चार गोल दागे। उन्होंने कहा हमें मैच से पहले अहसास था कि यह कितना अहम मुकाबला है। सेमीफाइनल में जर्मनी से हारने का दुख था लेकिन उससे उबरकर हमने मजबूती से वापसी की और खुशी है कि खाली हाथ नहीं लौट रहे हैं। वहीं मैच में शानदार प्रदर्शन करने वाले अनमोल इक्का ने कहा कि टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीतने का सपना टूटने के बाद हर हालत में कांस्य जीतने के इरादे से ही उतरे थे। उन्होंने कहा इस तरह के हालात में खेलने की पहले से ट्रेनिंग थी । सर्कल में बार बार जाने पर भी गोल नहीं हो रहे थे तो आखिरी क्वार्टर में पूरा आक्रामक होकर खेले। पहले तीन क्वार्टर में गोल नहीं आने के बाद कोच श्रीजेश ने कहा था कि अब सीखने सिखाने को कुछ बचा नहीं और जितना भी सीखा है, सब मैदान पर दिखा दो। उन्होंने कहा नौ साल बाद जूनियर विश्व कप में पदक जीतना बहुत अहम है। टूर्नामेंट जीतने के इरादे से आए थे पर स्वर्ण चूकने के बाद कांस्य हर हालत में लेना था।

# जर्मनी ने आठवीं बार जीता जूनियर हॉकी विश्व कप



ट्रॉफी के साथ जश्न मनाते जर्मनी के खिलाड़ी। एजेंसी

**चेन्नई, एजेंसी**

- शूटआउट में स्पेन को 3-2 से हराया


जर्मनी ने बेहद रोमांचक फाइनल मुकाबले में बुधवार को स्पेन को शूटआउट में 3-2 से हराकर आठवीं बार जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप जीत लिया।

सेमीफाइनल में भारत को हराने वाली जर्मनी के लिये बेनेडिक्ट गेयेर, एलेक वोन श्वेरिन और बेन हासबाश ने गोल किए जबकि स्पेन के लिए पाब्लो रोमन और जुआन प्राडो ही गोल कर सके। इससे पहले निर्धारित समय में जर्मनी के लिए 26वें मिनट में जस्टस वारवेग ने गोल किया जबकि स्पेन के लिये 54वें मिनट में जी कोरोमिनास ने बराबरी का गोल दागा।

इससे पहले पांचवें और छठे स्थान के मुकाबले में बेल्जियम ने नीदरलैंड को शूटआउट में 4-3 से हराया। निर्धारित समय तक स्कोर 3-3 से बराबर रहने के बाद शूटआउट में बेल्जियम के लिये कप्तान लुकास बाल्थाजार, गुएरलेन हावाक्स, मैक्सिमिलन लैंगर और निकोलस बोगाएर्त्ज ने गोल किए जबकि नीदरलैंड के लिये जेल प्लांटेंगा, जान वान टीलैंड और थिस बाकेर ही गोल कर सके। वहीं सातवें और आठवें स्थान के मुकाबले में फ्रांस ले न्यूजीलैंड को 4-1 से मात दी।

### जर्मनी की सफलता

जर्मन टीम इससे पूर्व 1982, 1985, 1989, 1993, 2009, 2013 और 2023 में खिताब जीत चुकी है। वहीं स्पेन ने 2005 में रोटरडम और 2023 में भुवनेश्वर और राउरकेला में हुए टूर्नामेंट में कांस्य जीता था।



जीत का जश्न मनाते जर्मनी के खिलाड़ी।

# दूसरे टी-20 में गिल पर रहेगी नजर

**मुल्लांपुर (चंडीगढ़), एजेंसी**

- दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मुकाबला आज शाम 7 बजे से
- छोटे प्रारूप में छाप छोड़ने में नाकाम रहे हैं शुभमन

अभी तक सबसे छोटे प्रारूप में अपनी छाप छोड़ने में नाकाम रहे शुभमन गिल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ गुरुवार को यहां होने वाले दूसरे टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में अपने घरेलू मैदान पर फॉर्म में वापसी करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे।

पांच मैचों की इस श्रृंखला के पहले दो मैचों के बीच केवल एक दिन का अंतराल है और ऐसे में गिल को सीधे मैदान पर उतरकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। भारत ने पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका को 101 रन से करारी शिकस्त दी लेकिन सितंबर में एशिया कप में टी20 टीम में वापसी करने वाले गिल का औसत प्रदर्शन अभी भी चर्चा का विषय बना हुआ है। गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में कप्तान के रूप में शानदार प्रदर्शन किया था, लेकिन टी20 में वह अपनी इस सफलता को नहीं दोहरा पाए हैं जिससे उन पर दबाव बनना स्वाभाविक है।

संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा शीर्ष क्रम में अच्छा प्रदर्शन कर रहे थे, फिर भी टीम प्रबंधन ने गिल की टी20 सलामी बल्लेबाज के रूप में क्षमता पर अधिक भरोसा दिखाया। इसके बाद संजू की टीम में जगह अनिश्चित हो गई। भारतीय टीम में आठवें नंबर तक बल्लेबाजी के विकल्प मौजूद हैं और उसने अब अपने निडर दृष्टिकोण को और मजबूत कर लिया है। गिल निश्चित रूप से पावरप्ले में अभिषेक शर्मा की तरह आक्रामक बल्लेबाजी नहीं कर सकते हैं और इसलिए उन्हें यह पता लगाना होगा कि वह अपनी भूमिका कैसे अच्छी तरह निभा सकते हैं। गिल के अलावा कप्तान सूर्यकुमार यादव का प्रदर्शन भी अगले साल फरवरी मार्च में होने वाले विश्व कप से पहले चिंता का विषय बना हुआ है। उनका विश्व कप से पहले फॉर्म में लौटना भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। चंडीगढ़ में भारत का अपने विजयी संयोजन में बदलाव करने की संभावना नहीं है।



### टीम

**भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, जितेश शर्मा, अक्षर पटेल, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, कुलदीप यादव, वाशिंगटन सुंदर, हर्षित राणा, संजू सैमसन।

**दक्षिण अफ्रीका :** एडेन मार्क्रम (कप्तान), क्विंटन डिकॉक (विकेटकीपर), ट्रिस्टन स्टब्स, डेवाल्ड ब्रेविस, डेविड मिलर, डोनोवन फरेरा, मार्को यानसन, केशव महाराज, लूथो सिपाम्ला, एनरिक नोर्किया, लुंगी एनगिडी, जॉर्ज लिंडे, क्वेना मफाका, रीजा हेंड्रिक्स, कॉर्बिन बॉश, ओटनील बार्टमैन।

### संजू से प्रतिस्पर्धा करनी है तो सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा : जितेश

**कटक :** टी20 विश्व कप शुरू होने में अब जबकि दो महीने से भी कम समय बचा है तब खेल के इस छोटे प्रारूप में जितेश शर्मा विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में भारत की पहली पसंद के रूप में उभरे हैं लेकिन उन्होंने संजू सैमसन के साथ किसी तरह की प्रतिस्पर्धा को खास तवज्जो नहीं दी और कहा कि इससे वह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित होते हैं। भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में संजू के बजाय जितेश को अंतिम एकादश में रखा। उन्होंने विकेट के पीछे शानदार प्रदर्शन करके भारत की 101 रन से जीत में अहम भूमिका निभाई। जितेश ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा वह (संजू) बेहतरीन खिलाड़ी है। अगर आपको उसके खिलाफ प्रतिस्पर्धा करनी है और कंधे से कंधा मिलाकर चलना है तो मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। मुझे लगता है कि हम किसी अन्य टीम के लिए नहीं बल्कि भारत की तरफ से खेलने के लिए प्रयास कर रहे हैं।

# चोटें मानसिक मजबूती की परीक्षा लेती हैं : हार्दिक

**कटक, एजेंसी**

- बोले- सकारात्मक सोच से ही दमदार वापसी में रहा सफल

भारत के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या का मानना है कि चोटिल होने के कारण बाहर हो जाने के बाद वह सकारात्मक मानसिकता से ही 'दमदार और बेहतर वापसी' करने में सफल रहे। एशिया कप के दौरान चोटिल होने वाले इस 32 वर्षीय खिलाड़ी ने भारतीय टीम में शानदार वापसी करते हुए दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 28 गेंद पर नाबाद 59 रन की तूफानी पारी खेली और फिर 16 रन देकर एक विकेट लिया। भारत ने इस मैच में 101 रन से बड़ी जीत हासिल की।

हार्दिक ने बीसीसीआई टीवी पर जारी किए गए एक वीडियो में कहा मेरी सोच यह थी कि मैं पहले की तुलना में अधिक दमदार और बेहतर वापसी करूं। चोटें मानसिक रूप से आपकी परीक्षा लेती हैं और साथ ही कई तरह के संदेह भी पैदा करती हैं।



इससे उबरने में अपने करीबी लोगों का भी बड़ा योगदान होता है।

उन्होंने कहा मैंने खुद को मजबूत बनाए रखा जिससे मुझे अधिक आत्मविश्वास मिला तथा खुद पर भरोसा करने और अपनी क्षमताओं पर पूरी तरह से विश्वास करने में मदद मिली है। मुझे एक खिलाड़ी के रूप में खुद पर पूरा भरोसा है। मेरा हमेशा से मानना रहा है कि अगर आप खुद पर विश्वास नहीं करते हैं, तो दूसरे आप पर कैसे विश्वास करेंगे।

### सूर्यकुमार का सहज रवैया खिलाड़ियों को करता है प्रेरितः स्टेन

**कटक :** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने सूर्यकुमार यादव की कप्तानी की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि उनका सहज रवैया खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करता है। स्टेन ने जियोस्टार पर कहा जब आपको अपनी टीम का समर्थन मिल रहा होता है और आप अपने माहौल में सहज महसूस करते हैं, तो आप अपने खिलाड़ियों के साथ खुलकर बातचीत कर सकते हैं। आपको अपनी जगह या कप्तानी को लेकर कोई खतरा महसूस नहीं होता। उन्होंने कहा जब आप टीम को सर्वोपरि रखते हैं। जब आप यह कहते हैं किसी खिलाड़ी के लिए व्यक्तिगत रूप से सर्वश्रेष्ठ क्या है। टीम के लिए सर्वश्रेष्ठ क्या है। हर कोई इसी तरह का कप्तान चाहता है, जो आत्मविश्वास से भरा हो, मिलनसार हो और व्यापक हित के लिए समायोजन करने को तैयार हो।

# भारतीय निशानेबाजी लीग 16 फरवरी से

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय निशानेबाजी लीग (एसएलआई) के पहले सत्र का आयोजन अगले साल 16 से 26 फरवरी तक किया जाएगा। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने बुधवार को यह जानकारी दी।

बड़ी अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं से टकराव से बचने के लिए अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ के 2026 कैलेंडर के हिसाब से तारीखें तय की गई हैं। लीग को इससे पहले 2026 की शुरुआत तक टाल दिया गया था। फ्रेंचाइजी आधारित इस लीग में कई शीर्ष भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाज पिस्टल, राइफल और शॉटगन वर्ग में मिश्रित टीम प्रारूप में मुकाबला करेंगे। एनआरएआई अध्यक्ष कलिकेश नारायण सिंह देव ने विज्ञप्ति में कहा एसएलआई हमारे खेल के लिए एक मील का पत्थर है जो फ्रेंचाइजी आधारित, खिलाड़ियों को तरजीह देने वाला है और अधिक से अधिक प्रतिनिधित्व के लिए वैश्विक कैलेंडर के हिसाब से है। इस प्रतियोगिता में कई वर्ग में मिश्रित टीम स्पर्धाएं होंगी जिसमें पिस्टल (10 मीटर, 25 मीटर), राइफल (10 मीटर, 50 मीटर थ्री पोजीशन) और शॉटगन (ट्रैप और स्कीट) शामिल हैं। फ्रेंचाइजी आधारित टीम को लीग चरण के लिए दो पूल में बांटा जाएगा जिसके बाद नॉकआउट दौर होंगे। खिलाड़ियों को चार टियर में चुना जाता है जिसमें एलीट चैंपियंस, विश्व एलीट, राष्ट्रीय चैंपियंस, और जूनियर और युवा वर्ग शामिल हैं जिससे अंतर्राष्ट्रीय स्टार, शीर्ष भारतीय निशानेबाजों और उभरते हुए प्रतिभावान खिलाड़ियों का मिश्रण सुनिश्चित होता है।

# अगले साल भारत में होगी राष्ट्रमंडल खो-खो चैंपियनशिप

**नई दिल्ली :** अगले साल नौ से 14 मार्च तक भारत में होने वाली पहली राष्ट्रमंडल खो खो चैंपियनशिप में 24 से ज्यादा देश शिरकत करेंगे। हालांकि इसके लिए भारत में जगह अभी तय नहीं हुई है। राष्ट्रमंडल खेल (सीएस) की भारत में चैंपियनशिप के लिए मंजूरी मिलने के बाद भारतीय खो खो महासंघ जगह तय करने के लिए कई राज्यों से बात कर रहा है। इस टूर्नामेंट में पुरुषों की 16 और इतनी ही महिलाओं की टीम हिस्सा लेंगी।

यह टूर्नामेंट इस साल जनवरी में दिल्ली में हुए पहले खो खो विश्व कप की तरह होगा जिसमें 23 देशों ने हिस्सा लिया था। अहमदाबाद को हाल में 2030 राष्ट्रमंडल खेलों के लिए मेजबान शहर के तौर पर आधिकारिक रूप से पुष्टि किए जाने के बाद यह भारत में पहला राष्ट्रमंडल खो खो टूर्नामेंट होगा।

**सुधार** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज में शानदार प्रदर्शन का मिला लाभ


# विराट कोहली वनडे रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंचे

**दुबई, एजेंसी**

भारत के महान क्रिकेटर विराट कोहली सर्वश्रेष्ठ एकदिवसीय बल्लेबाज का स्थान फिर हासिल करने की कवायद में आगे बढ़ते हुए बुधवार को जारी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की नवीनतम एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गए। कोहली अप्रैल 2021 में पाकिस्तान के बाबर आजम द्वारा शीर्ष से हटाए जाने के बाद से दोबारा एकदिवसीय बल्लेबाजों सूची में नंबर एक स्थान हासिल नहीं कर पाए हैं। हालांकि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हाल में संपन्न तीन मैच की एकदिवसीय सीरीज में शानदार प्रदर्शन की बदौलत दाएं हाथ का यह बल्लेबाज एक बार फिर शीर्ष स्थान हासिल करने के करीब पहुंच गया है।

सैंतीस साल के कोहली को तीन मैच में 302 रन बनाने के लिए सीरीज का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया और वह नवीनतम रैंकिंग में दो स्थान के सुधार से टीम के अपने साथी रोहित शर्मा के बाद दूसरे स्थान पर आ गए। रोहित ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला में 146 रन बनाकर रैंकिंग के शीर्ष पर अपनी जगह बरकरार रखी। कोहली विशाखापत्तनम में श्रृंखला के आखिरी मैच में नाबाद 65 रन की पारी की बदौलत रोहित से सिर्फ आठ रेटिंग अंक पीछे हैं। रोहित के 781 जबकि कोहली के 773 अंक हैं। शुभमन गिल चोट के कारण तीन मैच की सीरीज में नहीं खेल पाने के बावजूद पांचवें स्थान पर बने हुए हैं। उनकी गैरमौजूदगी में टीम की अगुआई करने वाले लोकेश राहुल दो स्थान के फायदे से 12वें पायदान पर हैं।

टी20 अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग में अक्षर पटेल (दो पायदान ऊपर 13वें स्थान पर), अर्शदीप सिंह (तीन पायदान ऊपर 20वें स्थान पर) और जसप्रीत बुमराह (छह पायदान ऊपर 25वें स्थान पर) की भारत की तिकड़ी ने कटक में पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 101 रन की जीत के बाद रैंकिंग में सुधार किया। यशस्वी जायसवाल टेस्ट रैंकिंग में आठवें स्थान के साथ शीर्ष भारतीय बल्लेबाज बने हुए हैं। गिल और ऋषभ पंत एक-एक पायदान आगे बढ़कर क्रमशः 11वें और 13वें स्थान पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क को टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में फायदा हुआ है। इंग्लैंड के खिलाफ शुरुआती दो एशेज टेस्ट में मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया बाएं हाथ का यह गेंदबाज तीन स्थान के फायदे से तीसरे स्थान पर है। स्टार्क ने दो मैच में 18 विकेट लिए हैं और इस वजह से वह अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ रेटिंग अंक और सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग पर पहुंच गए हैं। भारत के जसप्रीत बुमराह शीर्ष पर बरकरार हैं। मोहम्मद सिराज (12वें), रविंद्र जडेजा (13वें) और कुलदीप (14वें) की भारतीय तिकड़ी को एक-एक स्थान का फायदा हुआ है। मौजूदा एशेज श्रृंखला में प्रभावी प्रदर्शन करने में नाकाम रहे इंग्लैंड के हैरी ब्रूक बल्लेबाजों की सूची में दो पायदान नीचे चौथे स्थान पर खिसक गए जबकि केन विलियमसन (दूसरे) और स्टीव स्मिथ (तीसरे) को एक-एक स्थान का फायदा हुआ है।



### कुलदीप को तीन स्थान का हुआ फायदा

बाएं हाथ के स्पिनर कुलदीप यादव गेंदबाजों की सूची में तीन स्थान के फायदे से तीसरे नंबर पर आ गए हैं। दक्षिण अफ्रीका के क्विंटन डिकॉक (तीन पायदान ऊपर 13वें स्थान पर), एडेन मारक्रम (चार पायदान ऊपर 25वें स्थान पर) और तेम्बा बावुमा (तीन पायदान ऊपर 37वें स्थान पर) को भी रैंकिंग में फायदा हुआ है।

